सच, सिर्फ सच

# वॉयस ऑफ लखनऊ

रविवार, 26 जुलाई , 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 22, अंक 19, पेज 12, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com


**अमेरिका ने भारत पर लगाया 10 प्रतिशत शुल्क**

सरकार ने कहा कि भारत को अमेरिकी प्रशासन की धारा 301 जांच के तहत लगाए गए अतिरिक्त शुल्क के मामले में 10 प्रतिशत की निचली श्रेणी में रखा गया है। } 10

**रोमानिया भारती समुदाय एकजुट**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि रोमानिया में भारतीय समुदाय भारत के सच्चे प्रतिनिधि हैं, जिनकी उपलब्धियां नयी दिल्ली की प्रगति में योगदान देती हैं और दुनिया भर के साथ संबंधों को मजबूत करती हैं। } 12



# शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा, आंदोलन खत्म

## ❍ केन्द्र सरकार ने मानीं सीजेपी की सभी मांगें ❍ अगले दौर की बातचीत चार हफ्ते बाद

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने शनिवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया। इसके बाद केंद्र सरकार के प्रतिनिधियों और आंदोलन की अगुवाई कर रही कॉकरोच जनता पार्टी (कॉजपा) के प्रतिनिधिमंडल के बीच हुई बातचीत में संगठन की अन्य मांगों को सरकार द्वारा मान लिये जाने के बाद कॉजपा ने अपना आंदोलन समाप्त करने का एलान किया।

प्रधान ने दोपहर में सोशल मीडिया मंच एक्स पर अपने इस्तीफे की घोषणा करते हुए कहा कि पिछले 10 दिन के घटनाक्रम से उनका मन बेहद दुखी है और यह उनके लिए व्यक्तिगत प्रतिष्ठा का विषय नहीं है। प्रधान ने कहा, जंतर-मंतर पर और देश में जो स्थिति बनी है, उसका राष्ट्र-विरोधी ताकतें लाभ न उठाएं, देश की एकता बनी रहे, भारत के एक भी विद्यार्थी का भविष्य कानूनी पेचीदगियों में न उलझे, हमारे बच्चे अपना समय पढ़ाई में लगाएं, करियर बनाने पर ध्यान केंद्रित करें, इसी बात पर विचार करते हुए मैंने अपना त्यागपत्र प्रधानमंत्री को भेज दिया है। इस बीच, छात्रों के आंदोलन की अगुवाई कर रही कॉजपा ने घोषणा की कि वह केंद्र सरकार से नीट प्रश्नपत्र लीक विवाद के बाद कथित तौर पर आत्महत्या करने वाले छात्रों के परिजन को एक-एक करोड़ रुपये का मुआवजा देने और 20 जुलाई को संगठन के संसद चलो मार्च में शामिल प्रदर्शनकारियों के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी वापस लेने का आश्वासन मिलने के बाद अपना विरोध-प्रदर्शन तत्काल प्रभाव से समाप्त कर रही है। कॉजपा प्रवक्ता सौरव दास ने यहां कॉन्स्टीट्यूशन क्लब में केंद्र सरकार के प्रतिनिधियों के साथ हुई बैठक के बाद कहा हम सभी प्रदर्शनकारियों से अपने-अपने घर लौटने का आग्रह करते हैं, क्योंकि सरकार ने हमारी मांगें मान ली हैं। वहीं, केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने संवाददाताओं से कहा कि सरकार प्रदर्शनकारियों के खिलाफ दर्ज प्राथमिकियों को वापस लेने के लिए कदम उठाएगी। प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल में प्रधान सार्वजनिक विवाद के बाद इस्तीफा देने वाले दूसरे केंद्रीय मंत्री हैं। उनसे पहले एमजे अकबर ने 2018 में विदेश राज्य मंत्री के पद से उस समय इस्तीफा दे दिया था, जब मीटू आंदोलन के दौरान उन पर यौन उत्पीड़न के आरोप लगे थे। प्रधान का इस्तीफा परीक्षा में गड़बड़ियों को लेकर जताई जा रही चिंताओं को दूर करने के लिए केंद्र सरकार की ओर से विभिन्न उपाय घोषित किए जाने के एक दिन बाद आया। इन उपायों में प्रश्नपत्र लीक में शामिल लोगों के लिए कड़ी सजा का प्रावधान करने वाला कानून लाना और तेजी से सुनवाई के लिए त्वरित अदालत बनाना शामिल है। परीक्षा प्रणाली में सुधार, नीट प्रश्नपत्र लीक मामले में जवाबदेही तय करने और केंद्रीय शिक्षा मंत्री के पद से प्रधान के इस्तीफे की ...शेष पृष्ठ 10 पर





### प्रहलाद जोशी को शिक्षा मंत्री का अतिरिक्त प्रभार

नयी दिल्ली। केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी को शनिवार को धर्मेन्द्र प्रधान के इस्तीफे के बाद शिक्षा मंत्री नियुक्त किया गया है। जोशी को उनके उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय के अतिरिक्त शिक्षा मंत्रालय का प्रभार सौंपा गया है। राष्ट्रपति भवन की ओर से जारी एक विज्ञप्ति में राष्ट्रपति ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सलाह पर प्रधान का इस्तीफा तत्काल प्रभाव से स्वीकार कर लिया गया है। प्रधानमंत्री की सलाह पर राष्ट्रपति ने कैबिनेट मंत्री जोशी को शिक्षा मंत्रालय का अतिरिक्त प्रभार सौंपने का निर्देश दिया है। इससे पहले प्रधान ने देशभर में कॉकरोच जनता पार्टी के नेतृत्व में हुए आंदोलन के बाद प्रधान ने पद से इस्तीफा दे दिया। प्रदर्शनकारियों ने नीट प्रश्नपत्र लीक विवाद को लेकर प्रधान के इस्तीफे की मांग की थी।

### ईमानदारी के उच्चतम मानदंडों को दर्शाता है प्रधान का इस्तीफा



नयी दिल्ली। भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन ने कहा कि केंद्रीय शिक्षा मंत्री के पद से धर्मेंद्र प्रधान का हटने का फैसला सार्वजनिक जीवन में ईमानदारी और निस्वार्थ सेवा के उच्चतम मानकों को दर्शाता है और पार्टी उनके साथ मजबूती से खड़ी है। नवीन ने कहा कि केंद्रीय शिक्षा मंत्री के तौर पर प्रधान ने भारत के शिक्षा क्षेत्र में सुधार लाने और अहम राष्ट्रीय शिक्षा नीति को सफलतापूर्वक लागू करने के साथ-साथ अन्य पहल में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### छात्र कल्याण के प्रति समर्पण प्रधान की यात्रा का प्रमाण : रीजीजू



नयी दिल्ली। केंद्रीय शिक्षा मंत्री के पद से धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफा देने के बाद भाजपा के नेताओं ने उनके योगदान की सराहना की। केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने कहा कि धर्मेंद्र प्रधान का सार्वजनिक जीवन और छात्र कल्याण के प्रति आजीवन समर्पण उनकी यात्रा का प्रमाण है। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े ने कहा कि किसी भी मजबूत राष्ट्र की पहचान उसकी शिक्षा व्यवस्था से होती है और धर्मेंद्र प्रधान ने अपने पूरे सार्वजनिक जीवन में इस विचार को सर्वोच्च प्राथमिकता दी।

## पेपर लीक करने वाले व नकल माफिया को मिट्टी में मिला देंगे : योगी

### पीएम मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार नकल माफिया के खिलाफ ला रही सख्त कानून

रोहित

लखनऊ/फतेहपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस व समाजवादी पार्टी पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि पेपर लीक वाला नकल माफिया इन्हीं दलों की विरासत है, जिसे मिट्टी में मिला दिया जाएगा। छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ करने वालों के लिए केवल दो ही जगह हैं- जेल या जहन्नुम। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार नकल माफिया के खिलाफ ऐसा सख्त कानून ला रही है, जिसके तहत दोषियों को कम से कम 10 वर्ष की सजा और ?10 करोड़ तक के जुमार्ने का प्रावधान होगा।

मुख्यमंत्री शनिवार को फतेहपुर सदर और अयाह-शाह विधानसभा क्षेत्रों के लिए ?489 करोड़ से अधिक लागत की 125 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास करने के उपरांत जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम स्थल पर मुख्यमंत्री के पहुंचते ही 'जय श्रीराम', 'मोदी-योगी जिंदाबाद' के नारों से पूरा परिसर गूंज उठा। मुख्यमंत्री ने विकास परियोजनाओं की प्रदर्शनी का अवलोकन किया, विभिन्न स्टॉल्स पर लोगों से बातचीत की तथा बच्चों को गोद में लेकर दुलार किया, उन्हें तिलक लगाया और खिलौने भेंट किए। अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन्होंने युवाओं का शोषण किया, छात्रों के सामने अंधकारमय जीवन खड़ा किया, पूरी की पूरी पीढ़ी के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया, वही समाजवादी पार्टी और कांग्रेस आज घड़ियाली आंसू बहाने का काम कर रही हैं। हम प्रधानमंत्री ...शेष पृष्ठ 10 पर



### विकास व औद्योगिक पहचान का केंद्र बन रहा जालौन

जालौन। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जालौन में विकास परियोजनाओं के लोकार्पण और शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान विपक्ष पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने बुंदेलखंड के पिछड़ेपन, सूखे और पलायन के लिए पिछली सरकारों को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि लोगों को यह याद रखना चाहिए कि आखिर वे कौन लोग थे, जिन्होंने जालौन और बुंदेलखंड के पिछड़ेपन का आधार तैयार किया। जिन लोगों के काले कारनामों के कारण ...शेष पृष्ठ 10 पर

## पेपर लीक कानून में संशोधन संबंधी विधेयक पेश कर सकती है सरकार



एजेंसी

नयी दिल्ली। लोक परीक्षा (अनुचित साधन निवारण) अधिनियम, 2024 में संशोधन करने वाला एक विधेयक सोमवार को संसद में पेश किए जाने की संभावना है, जिसमें प्रश्नपत्र लीक से संबंधित अपराधों के लिए कारावास की अवधि को 10 साल तक और जुर्माने को 10 करोड़ रुपये तक बढ़ाने का प्रस्ताव है।

विधेयक को पेश किए जाने से पहले सदस्यों को वितरित की गयी इसकी प्रति के अनुसार, परीक्षाओं में प्रश्नपत्र लीक या अनुचित साधनों का प्रयोग करने वाले व्यक्तियों को कम से कम पांच साल और अधिकतम 10 साल की कैद ...शेष पृष्ठ 10 पर

**संक्षेप**

### अलीगंज अग्निकांड : शुरू हुआ इमारत का ध्वस्तीकरण

लखनऊ। लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) ने शनिवार को शहर के अलीगंज इलाके में उस चार मंजिला इमारत को गिराना शुरू कर दिया, जहां पिछले महीने भीषण आग में 15 लोगों की मौत हो गई थी। शनिवार सुबह एलडीए की टीम स्थानीय पुलिस कर्मियों के साथ तीन बुलडोजर लेकर घटनास्थल पर पहुंची। इमारत गिराने की प्रक्रिया शुरू होने से पहले अवरोधक लगा दिए गए और इमारत के चारों ओर की सड़कें बंद कर दी गईं। एलडीए के अधिकारियों ने कहा कि ध्वस्तीकरण एलडीए द्वारा शुरू की गई कार्यवाही के बाद किया गया है।

(विस्तृत खबर भीतर)

### मुठभेड़ में 50 हजार का इनामी विपुल ढेर

लखनऊ। यूपी एसटीएफ ने मुठभेड़ में 50 हजार का इनामी शातिर बदमाश को मार गिराया है। अपराधी विपुल उर्फ खूनी पुत्र नेत्रपाल सिंह निवासी ग्राम भभीसा थाना कांधला जनपद शामली से एसटीएफ फील्ड यूनिट मेरठ और बागपत पुलिस से सिंघावली अहीर बागपत में मुठभेड़ हुई, जिसमें वह घायल हो गया। उसे तत्काल इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया, जहां डाक्टरों ने जांच के बाद उसे मृतघोषित कर दिया। ऊसके पास से उसके पास से .32 बोर की पिस्टल, भारी संख्या में खोखा कारतूस व अपाचे बाइक बरामद की है। शातिर बदमाश विपुल उर्फ खूनी शातिर किस्म का अपराधी था और कुख्यात सुशील मूंछ गैंग का सक्रिय सदस्य और शार्प शूटर था।

## लखनऊ : पीजीआई ने स्थापित किया नया कीर्तिमान

### छह वर्षीय बच्ची की रोबोटिक थायरॉयड सर्जरी में हासिल की सफलता

वरिष्ठ संवाददाता

लखनऊ। संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान के डॉक्टरों ने छह वर्षीय बच्ची की सफल रोबोटिक थायरॉयड सर्जरी कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। यह देश में अब तक की सबसे कम उम्र की मरीज है, जिसकी इस तकनीक से थायरॉयड सर्जरी की गई है। इस सर्जरी के अंजाम का नेतृत्व प्रो. ज्ञान चंद और उनकी एंडोक्राइन एवं ब्रेस्ट सर्जरी विभाग की टीम ने किया। विश्व स्तर पर अब तक सबसे कम उम्र की मरीज, जिसकी रोबोटिक थायरॉयड सर्जरी की गई है, दक्षिण कोरिया की पांच वर्षीय बच्ची है। बच्ची को थायरॉयड ग्रंथि में एक गांठ के इलाज के लिए एसजीपीजीआई लाया गया था।



सामान्य सर्जरी में गर्दन पर चीरा लगाना पड़ता है, लेकिन रोबोटिक सर्जरी में बगल और छाती में छोटे-छोटे चीरे लगाए जाते हैं। इससे गर्दन पर कोई निशान दिखाई नहीं देता। साथ ही, रोबोटिक तकनीक से डॉक्टरों को शरीर के अंदर का हिस्सा अधिक स्पष्ट दिखाई देता है, जिससे सर्जरी और अधिक सटीकता से की जा सकती है। सर्जरी पूरी तरह सफल रही और बच्ची तेजी से स्वस्थ हो रही है। प्रो. (डॉ.) ज्ञान चंद ने कहा कि यह भारत में रोबोटिक एंडोक्राइन सर्जरी के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण ...शेष पृष्ठ 10 पर

### अब एच-1बी वीजा पर नहीं लगेगा एक लाख डॉलर का शुल्क

वाशिंगटन। अमेरिका की एक संघीय अपीलीय अदालत ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन के खिलाफ दिए गए उस फैसले पर रोक लगाने से इनकार कर दिया है, जिसमें अधीनस्थ अदालत ने उच्च कौशल वाले विदेशी कर्मचारियों के लिए एच-1बी वीजा पर 1,00,000 अमेरिकी डॉलर का शुल्क लगाने के निर्णय को रद्द कर दिया था। बोस्टन स्थित फर्स्ट सर्किट कोर्ट ऑफ अपील्स की तीन न्यायाधीशों की पीठ ने संघीय सरकार की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें अमेरिकी जिला न्यायाधीश लियो टी. सोरोकिन के आठ जून के फैसले पर रोक लगाने का अनुरोध किया गया था। सोरोकिन ने इस शुल्क को कांग्रेस की मंजूरी के बिना लगाया गया अवैध कर बताते हुए रद्द कर दिया ...शेष पृष्ठ 10 पर


## यूनेस्को विश्व धरोहर में शामिल हुआ सारनाथ

### प्रधानमंत्री मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दी बधाई

जिला संवाददाता

लखनऊ/वाराणसी। वाराणसी की बुद्ध स्थली सारनाथ उत्तर प्रदेश की चौथी और देश की 45वीं यूनेस्को विश्व धरोहर बन गयी है। शनिवार को यहां जारी एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। बयान में कहा गया है कि लगभग 28 वर्षों के लंबे इंतज़ार के बाद भगवान बुद्ध की प्रथम धर्मदेशना स्थली सारनाथ को यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में स्थान मिल गया है। अब सारनाथ भारत का 45वां और उत्तर प्रदेश का चौथा विश्व धरोहर स्थल बन गया है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उत्तर प्रदेश स्थित सारनाथ को यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल किए जाने पर शनिवार को प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि इस स्थल का भगवान बुद्ध से गहरा संबंध है, जिनका ज्ञान, करुणा और सद्भाव का शाश्वत संदेश पूरी दुनिया को प्रेरित करता है। वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वाराणसी के सारनाथ को यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल किये जाने पर शनिवार को खुशी जाहिर करते हुए कहा कि यह हर भारतीय के लिए गर्व का क्षण है। मुख्यमंत्री ने ...शेष पृष्ठ 10 पर





**आज का मौसम**

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 36.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 26.04 डिसे. |

**भीतर पढ़ें**


❍ लखनऊ में 15.50 लाख की दवाएं सीज (पृष्ठ-02)

❍ पीजीआई में अत्याधुनिक ओपीडी एंडोस्कोपी लैब शुरू (पृष्ठ-02)

❍ एनटीपीसी ने 12,000 करोड़ एनसीडी जारी करने को दी मंजूरी (पृष्ठ-10)

❍ बंगाल सरकार ने 28 कैग रिपोर्ट सदन में रखीं (पृष्ठ-10)

❍ महिला स्वयं-सहायता समूहों की ऋण सीमा दोगुनी की (पृष्ठ-10)


**विशेष खबर** विजय दिवस समारोह में भाग लेने के लिए द्रास की दो दिवसीय यात्रा पर रक्षामंत्री

## कारगिल युद्ध स्मारक जाकर शहीदों को श्रद्धांजलि देंगे राजनाथ

एजेंसी

द्रास। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 25 जुलाई से शुरू होने वाले दो दिवसीय कारगिल विजय दिवस समारोह में भाग लेने के लिए द्रास स्थित कारगिल युद्ध स्मारक पहुंचेंगे। इस दौरान वह 1999 के ऑपरेशन विजय के वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे।

रविवार को सशस्त्र बल कारगिल विजय दिवस की 27वीं वर्षगांठ मनाएंगे। यह दिवस 1999 के कारगिल युद्ध में भारत को जीत दिलाने वाले ऑपरेशन विजय की सफलता की याद में मनाया जाता है। अधिकारियों ने शुक्रवार शाम बताया कि रक्षा मंत्री शनिवार को द्रास पहुंचेंगे और कारगिल युद्ध के दौरान दुर्गम एवं बर्फीली चोटियों पर लड़ी गई निर्णायक लड़ाइयों में भारत की जीत के उपलक्ष्य में आयोजित समारोह में हिस्सा लेंगे। इस अवसर पर वह युद्ध में शहीद हुए सैनिकों को श्रद्धांजलि भी देंगे। शनिवार शाम भारतीय सेना ...शेष पृष्ठ 10 पर




### राष्ट्र के लिए प्रेरणा है कारगिल के शहीदों का सर्वोच्च बलिदान : धामी

प्रमुख संवाददाता



देहरादून। कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य में गढ़ीकैंट स्थित चीड़बाग के शौर्य स्थल पर आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कारगिल युद्ध के अमर बलिदानियों को पुष्पचक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इसके बाद उन्होंने रन फॉर कारगिल हीरोज मैराथन का शुभारंभ करते हुए प्रतिभागियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम में सेना के अधिकारी, पूर्व सैनिक, युवा, छात्र-छात्राएं, महिलाएं और विभिन्न ...शेष पृष्ठ 10 पर

## असम में पाकिस्तान से संचालित आतंकी नेटवर्क का भंडाफोड़

एजेंसी

**❍ आपत्तिजनक सामग्री बरामद, तीन गिरफ्तार**

गुवाहाटी। असम पुलिस ने पाकिस्तान से संचालित होने वाले शहजाद भट्टी नेटवर्क से जुड़े एक आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया और उससे संबंध रखने वाले तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि विशेष कार्य बल (एसटीएफ) ने शुक्रवार को धुबरी, चिरांग और बरपेटा जिला पुलिस की मदद से संयुक्त अभियान चलाया। उन्होंने कहा अभियान के दौरान एसटीएफ ने धुबरी, चिरांग और बरपेटा जिलों से एक-एक संदिग्ध को गिरफ्तार किया। अधिकारी के अनुसार, अभियान के दौरान पांच मोबाइल फोन, सात सिम कार्ड, आधार कार्ड, बैंक पासबुक, डेबिट कार्ड और आपत्तिजनक दस्तावेज भी बरामद किए गए। उन्होंने बताया कि मामले की जांच जारी है। एसटीएफ के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रणब कुमार पेगू ने इस अभियान के बारे में बताया, एसटीएफ के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रणब कुमार पेगू ने बताया कि शाहज़ाद भट्टी नेटवर्क की गतिविधियों के संबंध में मिली विश्वसनीय खुफिया सूचना के आधार पर यह अभियान शुरू किया गया। उन्होंने कहा पाकिस्तान से संचालित होने ...शेष पृष्ठ 10 पर

# लखनऊ में 15.50 लाख की दवाएं सीज

## कई फर्में सील, एफआईआर, नकली दवाओं के सिंडिकेट पर एफएसडीए का बड़ा प्रहार

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** प्रदेश में नकली एवं संदिग्ध दवाओं की आपूर्ति श्रृंखला को जड़ से समाप्त करने के उद्देश्य से खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफएसडीए) विभाग ने राजधानी लखनऊ में व्यापक प्रवर्तन अभियान चलाते हुए बड़ी कार्रवाई की है। 18 औषधि निरीक्षकों की मुख्यालय स्तर से गठित विशेष टीम ने अमीनाबाद समेत विभिन्न स्थानों पर 13 से अधिक औषधि फर्मों की सघन जांच की।इस दौरान अवैध गोदाम से 15.50 लाख मूल्य की दवाएं सीज की गईं, कई फर्मों को सील किया गया तथा संगठित सिंडिकेट से जुड़े लोगों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए गए हैं।

जांच में सामने आया कि कुछ थोक दवा फर्में और एजेंट बिना वास्तविक दवा आपूर्ति के आपस में क्रॉस-बिलिंग, फर्जी बिल तैयार करने तथा बिना बैंक ट्रांसफर के कागजी लेनदेन दिखाकर संगठित सिंडिकेट का संचालन कर रहे थे। विभाग ने मेसर्स अशोक फार्मा, मिश्रा एसोसिएट्स, भारत फार्मा, शिव शक्ति, विद्या फार्मा, आर.एन. फार्मा तथा मीत इंटरप्राइजेज के संचालकों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभिन्न धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं।इसके अलावा औषधियों के क्रय-विक्रय में प्रयुक्त



- छापेमारी में फर्जी बिलिंग और नकली दवाओं के संगठित नेटवर्क का खुलासा
- 32 दवाओं के नमूने जांच के लिए भेजे गये

सॉफ्टवेयर से जुड़े आबिद अली अतहर के विरुद्ध भी फर्जी बिलिंग में कथित संलिप्तता के चलते एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश जारी किए गए हैं। विभाग ने बताया कि 24 जुलाई 2026 को थाना अमीनाबाद में मेसर्स महाराजा इंटरप्राइजेज के प्रोपराइटर रतनेश कुमार, अपोलो फामेर्सी के संचालक अविनाश चौधरी, मेसर्स शिव शक्ति फार्मा के प्रोपराइटर ऋषभ कश्यप तथा श्री अशोक फार्मास्युटिकल्स के प्रोपराइटर सनी कश्यप के विरुद्ध बीएनएस की धाराओं 276, 277, 278, 318, 319, 336, 338 एवं धारा 111 के अंतर्गत एफआईआर दर्ज कराई जा चुकी है।

वित्तीय लेनदेन और बैंक खातों के मिलान में यह भी पाया गया कि संबंधित फर्मों द्वारा बिना वास्तविक धन हस्तांतरण और बिना दवाओं के मूवमेंट के फर्जी ट्रेडिंग की गई तथा नकली दवाओं को बाजार में खपाने के लिए फर्जी बिलिंग का सहारा लिया गया।

छापेमारी के दौरान मेसर्स मिश्रा एसोसिएट्स, नया गांव, अमीनाबाद के संचालक मनीष मिश्रा के अवैध गोदाम से ?15.50 लाख मूल्य की दवाएं जब्त की गईं। साथ ही पांच संदिग्ध औषधियों के नमूने जांच के लिए संग्रहित किए गए।

विभाग द्वारा धारा 22(1)(f) के तहत कार्रवाई करते हुए मेसर्स मिश्रा एसोसिएट्स, सोनल फार्मा, श्री अशोक फार्मास्युटिकल्स, एसकेजी मेडिकल्स, गायत्री फार्मा एंड सर्जिकल, मिश्रा मेडिकल एजेंसी (बछरावां), विद्या फार्मा, हेल्थ प्लस तथा एमके फार्मा समेत कई प्रतिष्ठानों के क्रय-विक्रय एवं संचालन पर अग्रिम जांच पूरी होने तक रोक लगाते हुए उन्हें सील कर दिया गया है।

अभियान के दौरान गुणवत्ता एवं प्रामाणिकता की जांच के लिए विभिन्न फर्मों से कुल 32 औषधियों के नमूने नियमानुसार संग्रहित कर राजकीय विश्लेषक प्रयोगशाला भेजे गए हैं। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने स्पष्ट किया है कि नकली (स्पूरियस/काउंटरफीट) दवाओं के अंतरराज्यीय नेटवर्क को ध्वस्त करने तथा इससे जुड़े स्थानीय थोक विक्रेताओं के लाइसेंस निरस्त करने और दोषियों के विरुद्ध कठोर विधिक कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए सतत निगरानी रखी जा रही है।

# अयोध्या मंडल के 3,386 श्रमिक परिवारों को मिला कन्या विवाह अनुदान

विशेष संवाददाता (vol)

**अयोध्या।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में श्रमिक परिवारों की बेटियों के विवाह को आर्थिक संबल प्रदान करने वाली कन्या विवाह अनुदान योजना वित्तीय वर्ष 2025-26 में अयोध्या मंडल के जिलों में प्रभावी ढंग से लागू हुई है। श्रम विभाग के माध्यम से एसएनए के जरिए इस योजना पर हुए व्यय की समीक्षा से स्पष्ट होता है कि मंडल के पांच जिलों अयोध्या, बाराबंकी, अम्बेडकरनगर, सुल्तानपुर और अमेठी में कुल 3,386 पात्र श्रमिक परिवारों की बेटियों को विवाह सहायता उपलब्ध कराई गई है।इस मद में कुल 18 करोड़ 53 लाख 1 हजार रुपये की धनराशि वितरित की गई है।

जिलावार आंकड़ों के अनुसार अयोध्या में सर्वाधिक 1,574 परिवारों को 8 करोड़ 67 लाख 86 हजार रुपये, सुल्तानपुर में 595 परिवारों को 3 करोड़ 27 लाख 35 हजार रुपये, बाराबंकी में 491 परिवारों को 2 करोड़ 70 लाख 5 हजार रुपये, अमेठी में 358 परिवारों को 1 करोड़ 96 लाख 90 हजार रुपये तथा अम्बेडकरनगर में 368 परिवारों को 1 करोड़ 90 लाख 85 हजार रुपये की सहायता दी गई। अयोध्या श्रम विभाग के उप आयुक्त अमित कुमार मिश्रा ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में अब तक का यह आंकड़ा योजना की सफलता को रेखांकित करता है और भविष्य में और अधिक परिवारों को लाभान्वित करने का संकेत देता है। कहा कि प्रदेश सरकार की कन्या विवाह अनुदान योजना श्रमिक परिवारों के लिए बड़ी वरदान साबित हो रही है।पात्र लाभार्थियों के बैंक खातों में सहायता राशि पारदर्शी तरीके से सीधे भेजी जा रही है।उन्होंने पंजीकृत श्रमिकों से समय पर आवेदन कर विभाग की कल्याणकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाने की अपील की।यह योजना उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के अंतर्गत संचालित है।

पंजीकृत निर्माण श्रमिक, जिन्होंने पंजीकरण के बाद कम से कम 365 दिन बोर्ड की सदस्यता पूरी कर ली हो, अपनी पुत्री अथवा पंजीकृत महिला श्रमिक स्वयं के विवाह के लिए इस सहायता का लाभ ले सकते हैं।कन्या की आयु कम से कम 18 वर्ष तथा वर की आयु 21 वर्ष होनी चाहिए।सामान्य विवाह पर 65 हजार रुपये, अंतजार्तीय विवाह पर 75 हजार रुपये तथा सामूहिक विवाह (न्यूनतम 11 जोड़ों) की स्थिति में 85 हजार रुपये की सहायता का प्रावधान है।लाभ दो संतानों कीघ सीमा तक सीमित है और आधार प्रमाणीकरण अनिवार्य है।आवेदन विवाह के एक वर्ष के भीतर किया जा सकता है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर श्रमिक कल्याण को प्राथमिकता देते हुए यह योजना श्रमिक परिवारों के आर्थिक बोझ को कम करने और बेटी के विवाह को सुगम बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। अयोध्या मंडल में हजारों परिवारों तक यह सरकारी सहायता पहुंचने से घर-घर में खुशियों का माहौल बना है।श्रम विभाग की सक्रियता से पात्र लाभार्थियों तक राशि सीधे पहुंचाई जा रही है, जिससे योजना की पारदर्शिता और प्रभावशीलता सुनिश्चित हो रही है।

# पूर्व सपा सांसद फूलन देवी को दी श्रृद्धांजलि

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सपा की पूर्व सांसद फूलन देवी की पुण्यतिथि पर शनिवार को राजधानी लखनऊ में सपा के राज्य मुख्यालय तथा प्रदेश के अन्य जिलों में भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

पार्टी के राज्य मुख्यालय लखनऊ में पूर्व लोकसभा सांसद फूलन देवी की पुण्यतिथि पर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया। इस अवसर पर पूर्व सांसद अरविन्द कुमार सिंह, पूर्व एमएलसी रामवृक्ष यादव, राष्ट्रीय अध्यक्ष समाजवादी शिक्षक सभा प्रो. बी. पाण्डेय तथा राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला सभा सीमा राजभर ने भी फूलन देवी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। वहीं पार्टी के लखनऊ महानगर कार्यालय पर पूर्व सांसद फूलन देवी की पुण्यतिथि मनायी गयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता



- मेरठ में छात्राओं को बांटी गयी साइकिल

महानगर अध्यक्ष फाखिर सिद्दीकी एवं संचालन महानगर महासचिव गौरव सिंह यादव ने किया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ताओं में पूर्व में प्रत्याशी मीरा वर्धन, वरिष्ठ नेता अतहर हुसैन, प्रोफेसर अंशु केडिया ने वीरांगना फूलन देवी के जीवनी पर अपनी-अपनी विचार व्यक्त किए और उनको अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

लखनऊ सरोजनी नगर के भटगांव में समाजवादी मजदूर सभा लखनऊ के जिलाध्यक्ष ज्ञानेंद्र कुमार ज्ञानू के आयोजन में पूर्व सपा सांसद फूलन देवी की पुण्य तिथि मनाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक श्याम किशोर यादव रहे।

इसी प्रकार में अन्य जिलों में मेरठ की सरधना विधानसभा क्षेत्र के दौराला में पूर्व सपा सांसद वीरांगना फूलन देवी की पुण्यतिथि पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया है। जिसमें कश्यप समाज की 250 से अधिक प्रतिभाशाली मेधावी बेटियों को साईकिल वितरित की जिससे वह सुलभ शिक्षा प्राप्त कर सकें।

# धर्मेन्द्र प्रधान का इस्तीफा छात्रों के संघर्ष का परिणाम

## नीट परीक्षा के छात्रों ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय से की मुलाकात

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान द्वारा इस्तीफा दिये जाने पर कहा कि यह हमारे नेता राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और हजारों छात्रों-युवाओं के संघर्ष का परिणाम है।

नीट परीक्षा के छात्रों ने शनिवार को प्रदेश कांग्रेस कार्यालय पहुंचकर अजय राय से मुलाकात की। अजय राय ने छात्रों को मिठाई खिलाकर उनका उत्साहवर्धन किया और कहा कि कांग्रेस सदैव से ही छात्रों, युवाओं के हितों के साथ खड़ी रही है और खड़ी रहेगी।

उन्होंने कहा कि स्वतंत्र भारत के इतिहास में कभी भी छात्रों और युवाओं पर इतना जुल्म और ज्यादती नहीं की गयी जिस तरह दिल्ली में युवाओं, छात्र-छात्राओं पर बर्बर लाठीचार्ज, वाटर कैनन



- प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने छात्रों को मिठाई खिलाकर उनके जज्बे को सराहा

की बौछार और आंसू गैस के गोले, यहां तक पैलेट गन तक चलाये गये, जिसमें सैंकड़ों की संख्या छात्र, छात्राएं और युवा गंभीर रूप से घायल हुए और अस्पतालों में भर्ती हुए हैं।कांग्रेस शुरू से ही छात्रों और युवाओं के साथ खड़ी रही है।

राय ने कहा कि राहुल गांधी सहित पूरी कांग्रेस और छात्रों-युवाओं के संघर्ष का परिणाम रहा कि अंततः मोदी सरकार को झुकना पड़ा और धर्मेन्द्र प्रधान को इस्तीफा देने के लिए मजबूर होना पड़ा।

उन्होने कहा कि सिर्फ धर्मेन्द्र प्रधान का इस्तीफा लेकर प्रधानमंत्री अपनी जिम्मेदारियों से बच नहीं सकते। इनकी जांच करायी जाए और सख्त कार्यवाही की जाए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री छात्रों और युवाओं से माफी मांगे और सरकार छात्रों, युवाओं की सभी मांगों को जब तक नहीं मानेगी, कांग्रेस पार्टी संघर्ष करती रहेगी।

# भारतीय रेल ने डाइविंग में जीती ओवर ऑल चैम्पियनशिप

**लखनऊ।** चेन्नई में हुए सीनियर नेशनल डाइविंग चैम्पियनशिप-2026 में पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ मण्डल में कार्यरत सचिन त्रिपाठी ने भारतीय रेल टीम के तकनीकी अधिकारी एवं टीम सदस्य के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके तकनीकी अनुभव एवं योगदान से भारतीय रेल ने डाइविंग में ओवरऑल चैम्पियनशिप का खिताब अपने नाम किया। सचिन डाइविंग के अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी एवं राष्ट्रीय चैम्पियन रहें हैं। वर्तमान में वह लखनऊ मंडल के इंजीनियरिंग विभाग में मुख्य कायार्धी के पद पर कार्यरत हैं। मण्डल रेल प्रबंधक गौरव अग्रवाल ने बताया कि लखनऊ मण्डल प्रशासन खिलाड़ियों एवं तकनीकी अधिकारियों के सर्वांगीण विकास के लिए सदैव प्रतिबद्ध है। निरंतर मार्गदर्शन, सहयोग और प्रोत्साहन से मण्डल के खिलाड़ी एवं तकनीकी अधिकारी राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर नई उपलब्धियाँ हासिल कर रहे हैं।

# छात्रों के प्रयास की जीत : माधुर्य सिंह



**लखनऊ।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान के इस्तीफे पर समाजवादी छात्रसभा के प्रदेश उपाध्यक्ष माधुर्य सिंह मधुर ने कहा कि यह जीत हम सब छात्रो के निरंतर प्रयास की जीत है यह जीत उस हर छात्र के सपने की है जिसने रात 2 बजे तक पढ़ाई की। यह जीत नीट में धांधली के खिलाफ हम सड़कों पर उतरे, सवाल पूछे, आवाज उठाई और आज नतीजा सामने है हम जीत गए।

# युवाओं के दबाव में प्रधान ने दिया इस्तीफा : लोकदल

**लखनऊ।** लोकदल अध्यक्ष सुनील सिंह ने शनिवार को बयान जारी कर कहा कि आखिरकार देश की जनता और करोड़ों युवाओं के भारी दबाव के आगे केंद्र सरकार के शिक्षा मंत्री को इस्तीफा देना पड़ा। यह केवल एक मंत्री का इस्तीफा नहीं, बल्कि उन युवाओं के संघर्ष की जीत है, जिन्होंने अपने भविष्य को बचाने के लिए लोकतांत्रिक तरीके से आवाज उठाई। उन्होंने कहा कि देश का युवा ही देश का भविष्य है। जब शिक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े हों, परीक्षाओं की विश्वसनीयता प्रभावित हो और छात्रों का विश्वास डगमगाने लगे, तब केवल मंत्री बदल देने से समस्या का समाधान नहीं होगा। सरकार को पूरे शिक्षा तंत्र की जवाबदेही तय करनी होगी और ऐसी व्यवस्था बनानी होगी, जिससे किसी भी युवा के भविष्य के साथ खिलवाड़ न हो। सुनील सिंह ने कहा कि सरकार अपनी नैतिक जिम्मेदारी से बच नहीं सकती। युवाओं के भविष्य को सुरक्षित करना सरकार का पहला दायित्व है। दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई, शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता और युवाओं का विश्वास बहाल करने के लिए ठोस कदम उठाए जाने चाहिए। उन्होंने कहा कि युवाओं का भविष्य सुरक्षित होगा, तभी देश का भविष्य सुरक्षित होगा।

# पीजीआई में यूपी की पहली अत्याधुनिक ओपीडी एंडोस्कोपी लैब शुरू

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** विश्व हेड एवं नेक कैंसर दिवस पर शनिवार को एसजीपीजीआई के हेड एवं नेक सर्जरी विभाग की ओर से स्पंदनः कैंसर, उपचार और उससे आगे विषयक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। हेड एवं नेक विभाग में कैंसर रोगियों के लिए प्रदेश के किसी सरकारी चिकित्सा संस्थान में पहली अत्याधुनिक ओपीडी एंडोस्कोपी प्रयोगशाला स्थापित की गई है। संस्थान के डीन डा. शालीन कुमार और सीएमएस डा. देवेंद्र गुप्ता और हेड एवं नेक सर्जरी विभाग के विभागाध्यक्ष डा. अमित केशरी ने संयुक्त रूप से प्रयोगशाला का उदघाटन किया। कार्यक्रम में कैंसर को मात दे चुके मरीजों का सम्मान कर लोगों को समय पर जांच और उपचार के लिए जागरूक किया गया। संस्थान के निदेशक डा. आरके धीमन ने कहा कि हेड एवं नेक कैंसर के इलाज में समय पर पहचान, जनजागरूकता और विभिन्न विशेषज्ञों के संयुक्त प्रयास सबसे महत्वपूर्ण हैं।

- विश्व हेड एवं नेक कैंसर दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम



डा. अमित केशरी ने कहा कि एंडोस्कोपी की सुविधा से मरीजों की आधुनिक जांच, ओपीडी में ही आवश्यक प्रक्रियाएं और उपचार के बाद नियमित निगरानी में मदद मिलेगी। कैंसर से जंग जीत चुके मरीजों को गुलाब का फूल देकर सम्मानित किया गया।

वॉयसेज ऑफ होप सत्र में कैंसर विजेताओं ने अपनी संघर्ष और सफलता की कहानी साझा की। दूसरे मरीजों को हौसला मिला। डा. इंदु शुक्ला समेत अन्य मौजूद रहे।

# धर्मेन्द्र प्रधान का इस्तीफा नयी पीढ़ी की जीतः अखिलेश यादव

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान का इस्तीफा नई पीढ़ी की जीत है। इंकलाब की जीत है। भाजपा की अहंकारी सरकार को जेन जी के सामने झुकना पड़ा। इस्तीफे की खबर ने नई पीढ़ी में ऊर्जा भरने का काम किया है। यह खबर जहां-जहां पहुंची है लोगों ने खुशियां मनायी है।

उन्होंने कहा कि सरकार ने जिद क्यों किया? छात्र-नौजवानों, बच्चों से बात करके इस्तीफे का फैसला पहले हो जाना चाहिए था। जब नीट पेपर लीक हुआ। कई बच्चों की जान चली गयी तभी इस्तीफा ले लेना चाहिए था। सरकार ने स्वीकार किया कि परीक्षा लीक हुई थी। लेकिन फिर भी सरकार मैनेजमेंट में लगी रही।

आजमगढ़ में शनिवार को मीडिया से बात करते हुए अखिलेश यादव ने मांग की कि नीट परीक्षा लीक होने के बाद आत्महत्या करने वाले बच्चों के परिवारों की सरकार आर्थिक मदद करें। उन्होंने कहा कि जेन जी की ताकत के सामने सरकार को झुकना पड़ा। जेन जी की ताकत को देकर हमेशा कैमरे के सामने बोलने वाले प्रधानमंत्री को मोबाइल के सामने आना पड़ा। मोबाइल को

- सपा अध्यक्ष ने नीट परीक्षा लीक होने के बाद आत्महत्या करने वाले बच्चों के परिजनों को सरकार से आर्थिक मदद करने की उठायी मांग

टेढ़ा करना पड़ा। मोबाइल को टेढ़ा करके अपनी भाषा, व्यवहार बदलना पड़ा, भाषण देना पड़ा। एक ही बार नहीं, दो बार आना पड़ा। नई पीढ़ी के लोग रात में जागते है, प्रधानमंत्री को रात में आना पड़ा। वैसे तो उनका भाषण शाम आठ बजे होता था, इस बार 12 बजे के बाद आना पड़ा।

अखिलेश यादव ने कहा कि यह नई पीढ़ी की बड़ी जीत है। सरकार को समझना चाहिए। प्राइमरी से लेकर उच्च शिक्षा तक के बारे में गंभीरता से सोचना चाहिए। परीक्षाओं के पेपर लीक न हो, इसके लिए ठोस कदम उठाना चाहिए। इस आन्दोलन से सबक सीखना चाहिए कि किसी परीक्षा का पेपर लीक न हो।

अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा नकारात्मक राजनीति करती है। उसके लिए बड़े पैमाने पर धन खर्च करती है लेकिन युवा पीढ़ी ने ऐसे नारे बनाए, पोस्टर बनाए जिनके बारे में तमाम लोग सोच ही नही सकते। यह आंदोलन युवाओं, सोशल मीडिया और इंटरनेट के माध्यम से देश भर में फैला। उसकी वजह से अन्ततोगत्वा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी का दावा करने वाली भाजपा, उसके संगी-साथी, अनरजिस्टर्ड लोगों को झुकना पड़ गया। उन्होंने कहा कि इस आंदोलन से सभी राजनीतिक पार्टियों को भी सबक लेना चाहिए कि आने वाली परीक्षाएं फूलप्रूफ, ठोस तैयारी के साथ हो, पेपर लीक न हो और युवाओं के नौकरी, रोजगार के लिए रास्ते खोले। उन्होंने कहा कि नीट परीक्षा लीक मामले में छात्र-नौजवानों के साथ विपक्ष की भी पहली मांग शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान के इस्तीफे की थी। उस मांग को विपक्ष ने संसद में उठाया। लोकसभा अध्यक्ष के समक्ष उठाया। सड़क पर उतरा। विपक्ष अपनी मांग पर अडिग रहा। उन्होंने शिक्षा मंत्री के इस्तीफे के लिए उन सभी आंदोलनकारियों और समर्थकों को बधाई दी, जिन्होंने बिना परवाह किए डटकर आंदोलन को आगे बढ़ाया। उन्होंने कहा कि प्रयागराज, बीएचयू, लखनऊ से लेकर देश भर में एक इंकलाब आया। छात्र-नौजवान सड़कों पर आये। युवाओं के इंकलाब से सरकार को झुकना पड़ा।

# यूपी में रियल एस्टेट सेक्टर की रफ्तार तेज

विशेष संवाददाता (vol)

- 2026 की पहली छमाही में 143 नई परियोजनाएं पंजीकृत
- 46,049 नई आवासीय इकाइयों का प्रस्ताव, 31,952 करोड़ के निवेश का अनुमान
- यूपी रेरा ने घर खरीदारों को दिलाई 2,173 करोड़ से अधिक की राशि

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश का रियल एस्टेट क्षेत्र लगातार नई ऊंचाइयों को छू रहा है। उत्तर प्रदेश भू-संपदा विनियामक प्राधिकरण (यूपी रेरा) की वर्ष 2026 की अर्धवार्षिक रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2026 की पहली छमाही में प्रदेश में 143 नई रियल एस्टेट परियोजनाएं पंजीकृत की गई हैं, जबकि वर्ष 2025 की समान अवधि में यह संख्या 134 थी। इन परियोजनाओं के अंतर्गत 46,049 आवासीय इकाइयों के निर्माण का प्रस्ताव है, जिनमें लगभग ?31,952 करोड़ का निवेश किया जाएगा।

रिपोर्ट के अनुसार, सर्वाधिक 37 परियोजनाएं लखनऊ में पंजीकृत हुई हैं, जबकि गौतमबुद्ध नगर में 27 और गाजियाबाद में 19 परियोजनाएं दर्ज की गई हैं। गौतमबुद्ध नगर में 15,678 करोड़ के निवेश के साथ 13,160 आवासीय इकाइयों का प्रस्ताव है, जबकि लखनऊ में 3,834 करोड़ के निवेश से 9,872 और गाजियाबाद में 3,989 करोड़ के निवेश से 9,500 इकाइयां प्रस्तावित हैं।

यूपी रेरा की रिपोर्ट बताती है कि राज्य में रियल एस्टेट विकास अब केवल एनसीआर और लखनऊ तक सीमित नहीं है। आगरा, मथुरा, वाराणसी, झांसी, बाराबंकी, बरेली और प्रयागराज जैसे शहर भी तेजी से नए रियल एस्टेट केंद्र के रूप में उभर रहे हैं। वर्ष 2023 से 2025 के आंकड़े भी रियल एस्टेट क्षेत्र की निरंतर प्रगति को दशार्ते हैं। वर्ष 2023 में 197, वर्ष 2024 में 259 और वर्ष 2025 में 308 परियोजनाएं पंजीकृत हुईं। इसी अवधि में प्रस्तावित आवासीय इकाइयों की संख्या बढ़कर 2,09,638 तक पहुंच गई, जो वर्ष 2026 की पहली छमाही की 46,049 नई इकाइयों को जोड़ने पर 2,55,687 हो गई है। पूंजी निवेश भी वर्ष 2023 के 28,411 करोड़ से बढ़कर वर्ष 2025 में ?68,328 करोड़ तक पहुंच गया।

घर खरीदारों के हितों की रक्षा के लिए यूपी रेरा की प्रभावी कार्यप्रणाली भी सामने आई है। विभिन्न वसूली और प्रवर्तन प्रक्रियाओं के माध्यम से 8,212 मामलों में घर खरीदारों को कुल 2,173.78 करोड़ की राशि वापस दिलाई गई है। इनमें 6,411 मामलों में 1,623.28 करोड़ सीधे आवंटियों के बैंक खातों में हस्तांतरित किए गए, जबकि 1,801 मामलों में समझौतों के माध्यम से 550.50 करोड़ की राशि दिलाई गई। इसके अतिरिक्त, यूपी रेरा के विभिन्न विवाद निस्तारण मंचों ने 11,558 मामलों में 6,032.42 करोड़ मूल्य के संपत्ति विवादों का समाधान किया है। इनमें यूपी रेरा की पीठों, सुलह (कंसिलिएशन) फोरम और यूपी रेरा पोर्टल के माध्यम से बड़ी संख्या में मामलों का निस्तारण किया गया।

# मंत्री दारा सिंह के जन्मदिन पर एनडीए की दिखीं एकजुटता

## पंकज चौधरी, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक, मंत्री ओम प्रकाश राजभर सहित गणमान्यजनों ने दी कारागार मंत्री दारा सिंह चौहान को जन्मदिन की शुभकामनाएं

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान स्थित जुपिटर ऑडिटोरियम में शनिवार को कारागार मंत्री दारा सिंह चौहान के जन्मदिवस के अवसर पर संकल्प दिवस समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में प्रदेश के विभिन्न जिलों के साथ ही देश के अलग-अलग हिस्सों से आए चौहान समाज के लोगों ने बड़ी संख्या में सहभागिता की। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व न्यायाधीश एपी चौहान ने की। समारोह में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय राज्य वित्त मंत्री पंकज चौधरी, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक, कैबिनेट मंत्री एवं सुभासपा अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर सहित जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी और गणमान्यजन उपस्थित रहे। मंत्री दारा सिंह के



- अगले वर्ष संकल्प दिवस पर सम्राट पृथ्वीराज चौहान की प्रतिमा स्थापित कर श्रद्धांजलि देने की घोषणा
- जन्मदिन पर संकल्प दिवस समारोह में उमड़ा चौहान समाज का जन सैलाब

जन्मदिन पर एनडीए की एकजुटता दिखीं जोकि 2027 के विधानसभा चुनाव के लिए बड़ा संदेश माना जा रहा है।

समारोह को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने दारा सिंह चौहान को जन्मदिन की बधाई देते हुए उनके दीघार्यु और निरंतर जनसेवा की कामना की। उन्होंने कहा कि दारा सिंह चौहान से उनका संबंध लंबे समय से है और प्रदेश अध्यक्ष के रूप में उन्हें उनके साथ कार्य करने का अवसर मिल रहा है। उन्होंने समाज और संगठन के लिए दारा सिंह चौहान के योगदान की सराहना की तथा उपस्थित लोगों को शुभकामनाएं दीं।

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि दारा सिंह चौहान ने चौहान समाज को संगठित करने और समाज को पहचान दिलाने का निरंतर कार्य किया है। उन्होंने कहा कि समाज को संगठित और शिक्षित करने का संकल्प ही समाज को मजबूत बनाएगा। उन्होंने समारोह में उमड़ी भीड़ को चौहान समाज की ताकत और एकजुटता का प्रमाण बताया।

उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि दारा सिंह चौहान ने समाज के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित किया है। उन्होंने कहा कि समाज के लोगों को एकजुट होकर आगे बढ़ना चाहिए और आने वाली पीढ़ियों के लिए शिक्षा, संगठन और सामाजिक चेतना को प्राथमिकता देनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अगले संकल्प दिवस पर महान सम्राट पृथ्वीराज चौहान की प्रतिमा स्थापित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करने का कार्य किया जाएगा।

कैबिनेट मंत्री एवं सुभासपा अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर ने कहा कि दारा सिंह चौहान समाज को संगठित करने और समाज के अधिकारों के लिए निरंतर संघर्ष करने वाले नेता हैं। उन्होंने कहा कि संकल्प दिवस केवल जन्मदिन मनाने का अवसर नहीं, बल्कि समाज को संगठित, शिक्षित और मजबूत बनाने का संकल्प लेने का अवसर है। महिला आयोग की उपाध्यक्ष चारू चौधरी ने दारा सिंह चौहान को जनसेवा के प्रति समर्पित संवेदनशील और कर्मठ जननेता बताते हुए जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं।

अपने संबोधन में कारागार मंत्री दारा सिंह चौहान ने समारोह में उपस्थित सभी लोगों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज की एकजुटता ही उसकी सबसे बड़ी शक्ति है। उन्होंने कहा कि चौहान समाज को आगे बढ़ाने के लिए संगठन, शिक्षा और सामाजिक चेतना को मजबूत करना आवश्यक है। उन्होंने अगले वर्ष 25 जुलाई को आयोजित होने वाले संकल्प दिवस समारोह में सम्राट पृथ्वीराज चौहान की प्रतिमा स्थापित कर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित करने की घोषणा की। उन्होंने उपस्थित लोगों से इस संकल्प को पूरा करने के लिए तैयार रहने का आह्वान किया।

समारोह में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए चौहान समाज के प्रतिनिधियों, जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारियों, महिलाओं, युवाओं और कार्यकताओं ने दारा सिंह चौहान को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति ने समारोह को भव्य और प्रभावशाली बना दिया।

# 15 लोगों की मौत वाली अवैध इमारत पर चला बुलडोजर

## 45 अधिकारियों-कर्मचारियों, तीन बुलडोजर और हाइड्रोलिक मशीन के साथ चल रही कार्रवाई

विशेष संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** राजधानी के अलीगंज में 22 जून को हुए भीषण अग्निकांड में 15 लोगों की मौत के बाद अवैध घोषित की गई चार मंजिला इमारत को शनिवार को ध्वस्त करने की कार्रवाई शुरू कर दी गई। लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) की टीम सुबह करीब 7:30 बजे तीन बुलडोजर, एक हाइड्रोलिक मशीन तथा 45 अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ मौके पर पहुंची। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर आसपास की सड़कों को बैरिकेडिंग कर बंद कर दिया गया तथा 100 से अधिक पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई।

एलडीए के अनुसार, शाम सात बजे तक इमारत का लगभग 40 प्रतिशत हिस्सा ध्वस्त कर दिया गया था। पूरी इमारत को जमींदोज करने के लिए रात में भी प्रकाश की व्यवस्था कर ध्वस्तीकरण अभियान जारी रखा गया। अधिकारियों का कहना है कि भवन में किसी भी अवैध निर्धारित सेटबैक नहीं छोड़ा गया है। ऐसे में अवैध हिस्से को हटाने के दौरान पिलर प्रभावित होंगे, जिसके कारण पूरी इमारत को गिराना आवश्यक हो गया है। एलडीए के सचिव विवेक श्रीवास्तव ने बताया कि भवन स्वामियों को स्वयं अवैध निर्माण हटाने के लिए 15 दिन का समय दिया गया था, जिसकी समय-सीमा 25 जुलाई को समाप्त हो गई। निर्धारित समय के भीतर अवैध निर्माण पूरी तरह नहीं हटाए जाने पर प्राधिकरण ने नियमानुसार ध्वस्तीकरण की कार्रवाई शुरू की। उन्होंने कहा कि मालिकों द्वारा आंशिक तोड़फोड़ का कार्य कराया गया था, लेकिन अवैध निर्माण हटाने के लिए यह पर्याप्त नहीं था। एलडीए के अपर सचिव सी.पी. त्रिपाठी ने कहा कि ध्वस्तीकरण में आने वाला पूरा खर्च बिल्डर से ही वसूला जाएगा। प्राधिकरण का प्रयास है कि अवैध निर्माण को जल्द से जल्द पूरी तरह हटाया जाए। वहीं, भवन स्वामी वीरेंद्र शुक्ला की ओर से अधिवक्ता राजेंद्र शुक्ला ने कार्रवाई पर सवाल उठाते हुए कहा कि एलडीए ने 25 जुलाई तक का समय दिया था, फिर उसी दिन ध्वस्तीकरण की कार्रवाई कैसे शुरू कर दी गई। उन्होंने दावा किया कि ध्वस्तीकरण का अलग से कोई आदेश उन्हें प्राप्त नहीं हुआ है और केवल नोटिस के आधार पर कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने इस कार्रवाई को अदालत में चुनौती देने की बात कही है। गौरतलब है कि 22 जून को इस भवन की दूसरी मंजिल पर संचालित एनिमेशन कोचिंग सेंटर में भीषण आग लगने से 15 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई थी। हादसे में कुछ लोगों ने पाइप और तारों के सहारे नीचे उतरकर अपनी जान बचाई थी, जबकि एक युवक दूसरी मंजिल से कूद गया था, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। अग्निकांड के बाद एलडीए की जांच में सामने आया कि भवन मूल रूप से आवासीय उपयोग के लिए स्वीकृत था, लेकिन इसका उपयोग एनिमेशन सेंटर, गेमिंग स्टूडियो समेत अन्य व्यावसायिक गतिविधियों के लिए किया जा रहा था।

- **बिल्डर से वसूला जाएगा खर्च, अदालत जाने की तैयारी में मालिक**

23 जून को उत्तर प्रदेश नगर योजना एवं विकास अधिनियम की धारा 27(1) के तहत नोटिस जारी कर भवन स्वामियों से 15 दिनों के भीतर निर्माण की वैधता के प्रमाण मांगे गए थे। 7 से 9 जुलाई तक हुई सुनवाई के बाद 10 जुलाई को व्यावसायिक निर्माण को अवैध घोषित करते हुए ध्वस्तीकरण का आदेश पारित कर दिया गया था। अब एलडीए की कार्रवाई के साथ यह अवैध इमारत इतिहास बनने की ओर बढ़ रही है, जबकि अग्निकांड के पीड़ित परिवार अब भी न्याय की प्रतीक्षा कर रहे हैं।

## कासगंज एक्सप्रेस का नियमित संचालन कल से

**लखनऊ।** कासगंज-ऐशबाग-कासगंज एक्सप्रेस का नियमित संचलन किये जाने कारण 27 जुलाई से संचालन होना है। 55083 मैलानी-डालीगंज सवारी गाड़ी 27 जुलाई से मैलानी से 11.50 बजे प्रस्थान कर बाकेगंज से 12.06 बजे, संशोधित समयानुसार गोला गोकरननाथ से 12.20 बजे, बहेलिया बुजुर्ग से 12.30 बजे, रजागंज से 12.36 बजे, फरदहन से 12.47 बजे, देवकली से 12.56 बजे, लखीमपुर से 13.06 बजे, खीरी टाउन से 13.14 बजे, कादीपुर सानी से 13.21 बजे, ओयल से 13.28 बजे, हरगांव से 13.39 बजे, परसेहरामल से 13.47 बजे, झरेखापुर से 13.54 बजे, भुर्जिहा वडागांव से 14.01 बजे, सीतापुर जं. से 14.25 बजे, खैराबाद अवध से 14.33 बजे, बरई जलालपुर से 14.44 बजे, कमलापुर से 15.07 बजे, सुरैंचा से 15.13 बजे छूटकर शेष स्टेशनों पर पूर्व समयानुसार रूकते हुए डालीगंज 17.00 बजे पहुँचेगी।

## खालाबाजार में निःशुल्क चिकित्सा शिविर आज

**लखनऊ।** अवकाश के दिन लोगों को उनके घर के पास उपचार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से खालाबाजार स्थित रस्तोगी स्वास्थ्य परामर्श केन्द्र पर निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया है। सुबह 9 से अपराह्न एक बजे तक चलने वाले इस शिविर में एलोपैथिक, आयुर्वेद और होम्योपैथिक के विशेषज्ञ डाक्टरों द्वारा परामर्श दिया जाएगा और सभी मरीजों को तीन दिनों की दवा दी जाएगी। केन्द्र के संरक्षक हरी जीवन रस्तोगी ने बताया कि जरूरतमंद मरीजों की बोन डेंसिटी टेस्ट, फेफड़े की जांच पीएफटी, ईसीजी की जांच भी निःशुल्क होगी।

## एडिशनल सीएमओ पर प्राइवेट प्रैक्टिस का आरोप

**लखनऊ।** स्वास्थ्य विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी पर सरकारी सेवा के दौरान निजी प्रैक्टिस करने के आरोप लगे हैं। सीएमओ कार्यालय के अधीन कार्यरत एक एडिशनल सीएमओ का निजी अस्पताल में मरीजों का इलाज करते हुए वीडियो वायरल होने के बाद विभाग हरकत में आ गया है। एडिशनल सीएमओ को बलरामपुर जिले में एक निजी अस्पताल में देखा गया है। मुख्य चिकित्साधिकारी डा. एनबी सिंह के अनुसार वायरल वीडियो की विस्तृत जांच कराई जा रही है। यदि जांच में आरोप सही पाए गए तो पूरी रिपोर्ट शासन को भेजी जाएगी। स्वास्थ्य विभाग के नियमों के अनुसार सरकारी सेवा में कार्यरत चिकित्सकों को निजी प्रैक्टिस की अनुमति नहीं है।

## आईसीयू रोगियों के देखभाल दी जानकारी

**लखनऊ।** गोमतीनगर स्थित डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के माइक्रोबायोलॉजी विभाग एवं इन्फेक्शन प्रिवेंशन कमेटी ने शनिवार को नर्सिंग अधिकारियों के लिए अस्पताल जनित संक्रमण नियंत्रण विषयक व्यावहारिक कार्यशाला का आयोजन किया गया। संस्थान के निदेशक डॉ. सीएम सिंह ने कार्यशाला उदघाटन किया। उन्होंने मरीजों की सुरक्षा में नर्सिंग अधिकारियों की भूमिका को अहम बताया। माइक्रोबायोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. ज्योत्स्ना अग्रवाल, पीजीआई के डॉ.अफजल अजीम और डॉ. तन्मय घटक ने आईसीयू मरीजों की देखभाल की जानकारी साझा की।

# सीजी सिटी में मल्टीलेवल पार्किंग से ट्रैफिक जाम से मिलेगा छुटकारा

**लखनऊ।** सीजी सिटी में इकाना क्रिकेट स्टेडियम के पास ट्रैफिक जाम की समस्या से लोगों को बड़ी राहत मिलने वाली है। लखनऊ विकास प्राधिकरण पलासियो मॉल के पीछे 38.47 करोड़ रुपए की लागत से मल्टीलेवल पार्किंग बना रहा है। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने शनिवार को परियोजना का निरीक्षण करके कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिये।

उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि भारत सरकार के अर्बन चैलेंज फंड से मल्टीलेवल पार्किंग के लिए फंड स्वीकृत हो गया है। उन्होंने बताया कि कुल 7635.8 वर्गमीटर क्षेत्रफल में मल्टीलेवल पार्किंग निर्मित की जा रही है। इसके लोअर एवं अपर बेसमेंट में पार्किंग स्पेस विकसित किया जाएगा, जिसमें 458 दो पहिया व 350 चार पहिया वाहनों की पार्किंग की क्षमता होगी। वहीं, ऊपरी हिस्से में लगभग 3900 वर्गमीटर क्षेत्रफल में पार्क विकसित किया जाएगा। इससे इकाना स्टेडियम में अंतरराष्ट्रीय मैच व पलासियो मॉल में वीकेंड के दौरान क्षेत्र में लगने वाले ट्रैफिक जाम से लोगों को काफी राहत मिलेगी। इस दौरान उपाध्यक्ष ने अर्बन वेटलैंड के पास निर्मित नौसेना शौर्य संग्रहालय का भी निरीक्षण किया और इसके संचालन एवं अनुरक्षण के सम्बंध में प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिये।

### शहर को मिलेगा अर्बन पार्क

सीजी सिटी में अर्बन पार्क के रूप में शहर को एक और नया और आधुनिक ग्रीन स्पेस मिलने वाला है। एलडीए 20 करोड़ रुपए की लागत से 21 एकड़ क्षेत्रफल में अर्बन पार्क विकसित कर रहा है। पार्क में ओपन एयर थियेटर, फूड कोर्ट, लाइब्रेरी, ट्रायलेट, वॉटर बॉडी, पाथ-वे, लैंडस्केप एवं स्पोर्टस एरीना समेत अन्य सुविधाएं होंगी। उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने मौके पर निरीक्षण करके नवम्बर, 2026 तक समस्त कार्य पूर्ण कराकर नागरिकों के लिए पार्क खोलने के निर्देश दिये। उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने सुशांत गोल्फ सिटी में जश्न रियल्टी ग्रुप द्वारा विकसित की जा रही कालोनी का भी निरीक्षण किया। एलडीए द्वारा परियोजना का ले-आउट स्वीकृत किया गया है। उपाध्यक्ष ने योजना में विकसित की जा रही सड़क, नाली, ग्रीन बेल्ट आदि मूलभूत सुविधाओं की समीक्षा करते हुए निर्देश दिये कि आबादी के अनुपात के अनुसार ही बुनियादी सुविधाएं विकसित की जाएं। साथ ही अतिरिक्त पार्किंग एरिया देने और ग्रीन बेल्ट में अतिरिक्त निर्माण न करने के निर्देश दिये।

## संत रविदास की जयंती पर 29 से होंगे कई कार्यक्रम

**लखनऊ।** संत रविदास की 650वीं जयंती के उपलक्ष्य में भाजपा, लखनऊ महानगर द्वारा समरसता संकल्प अभियान के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण कार्यशाला का आयोजन हजरतगंज स्थित हलवासिया कोर्ट में किया गया। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. नीरज सिंह एवं भाजपा लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने अध्यक्षता की। कार्यशाला में अभियान की रूपरेखा, आगामी कार्यक्रमों तथा सामाजिक समरसता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. नीरज सिंह ने कहा कि गुरु रविदास महाराज का जीवन सामाजिक समरसता, समानता, सेवा और मानवता का प्रेरणास्त्रोत है। उनके विचार आज भी समाज को जाति, वर्ग और भेदभाव से ऊपर उठकर एकता और सद्भाव के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं। भाजपा उनके आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए समर्पित भाव से कार्य कर रही है।

# हृदयाघात के बाद रिहैबिलिटेशन में आयुर्वेद से मिला सहारा

**लखनऊ।** हृदयाघात के बाद रिकवरी में आधुनिक चिकित्सा के साथ आयुर्वेद को सहायक उपचार के रूप में जोड़ा जा सकता है। इस पर आधारित एक महत्वपूर्ण शोध प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय पत्रिका आयुर्वेद और इंटीग्रेटिव मेडिसिन जर्नल (एल्सेवियर) में प्रकाशित हुआ है। यह अध्ययन राजकीय आयुर्वेद महाविद्यालय एवं चिकित्सालय लखनऊ के कायचिकित्सा विभाग के पूर्व प्रमुख डा. संजीव रस्तोगी, राजकीय दून मेडिकल कॉलेज, देहरादून के डा. शाश्वत रस्तोगी और लंदन के हेयरफील्ड हॉस्पिटल एवं इंपीरियल कॉलेज के डा. तरुण मित्तल के संयुक्त सहयोग से किया गया।

शोध में 46 वर्षीय एक मरीज का केस बताया गया है। गंभीर हृदयाघात के बाद मरीज की हृदय की पम्पिंग क्षमता 25-30% रह गई थी। तीन महीने तक मानक आधुनिक उपचार और कार्डियक रिहैबिलिटेशन के बावजूद खास सुधार नहीं हुआ। इसके बाद आधुनिक दवाएं जारी रखते हुए चिकित्सकीय देखरेख में आयुर्वेदिक औषधियां और 'ॐ' जप को सहायक उपचार में जोड़ा गया। करीब 8 महीने के समन्वित उपचार के बाद मरीज की हृदय क्षमता बढ़कर 45-50% हो गई। साथ ही थकान, कमजोरी और रोजमर्रा के कामों में भी उल्लेखनीय सुधार देखा गया। उपचार के दौरान कोई दुष्प्रभाव नहीं मिला।

डा. संजीव रस्तोगी के अनुसार हृदयाघात के बाद दोबारा अटैक और मृत्यु का खतरा बना रहता है। आधुनिक चिकित्सा आधार है, लेकिन वैज्ञानिक आधार पर आयुर्वेद को सहायक रूप में जोड़ें तो रिहैबिलिटेशन ज्यादा प्रभावी हो सकता है। यह अध्ययन उसी दिशा में एक शुरूआती संकेत है। शोधकताओं ने कहा कि यह एकल केस रिपोर्ट है, इसलिए नतीजों की पुष्टि के लिए बड़े स्तर पर क्लीनिकल ट्रायल और मल्टी-सेंटर रिसर्च की जरूरत है। फिलहाल यह अध्ययन दिखाता है कि आधुनिक उपचार के साथ आयुर्वेद को सुरक्षित रूप से जोड़ा जा सकता है और इसके लाभों का वैज्ञानिक मूल्यांकन होना चाहिए।

## मानसी, महिमा व मुस्कान ने प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान किया हासिल

**लखनऊ।** डॉ. शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय के 13वें दीक्षांत समारोह के अवसर पर आयोजित दीक्षोत्सव-2026 के अंतर्गत भाषा संकाय की ओर से शनिवार को स्वामी विवेकानंद केंद्रीय पुस्तकालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में कविता, निबंध एवं भाषण प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं में विश्वविद्यालय के विभिन्न संकायों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। कविता प्रतियोगिता में पीएचडी की मानसी सेठी ने प्रथम, बीए के मोनू मोहम्मद ने द्वितीय तथा एमए की मानसी यादव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निबंध प्रतियोगिता में महिमा गौतम ने प्रथम, बी.फार्मा की आश्लिषा ने द्वितीय तथा बी.कॉम एलएलबी के यश रस्तोगी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। भाषण प्रतियोगिता में बी.कॉम एलएलबी की मुस्कान बानो प्रथम, प्रीतिमयी द्वितीय तथा प्रणव सिंह सिसोदिया तृतीय स्थान पर रहे। कार्यक्रम का संयोजन अंग्रेजी एवं अन्य विदेशी भाषा विभाग के डॉ. आशीष कुमार ने किया।



# अवध कॉलेजिएट में देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया कारगिल विजय दिवस

**लखनऊ।** अवध कॉलेजिएट में शनिवार को कारगिल विजय दिवस श्रद्धा एवं देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। इस अवसर का उद्देश्य विद्यार्थियों में देशप्रेम, वीर सैनिकों के प्रति सम्मान तथा राष्ट्र के प्रति समर्पण की भावना को जागृत करना था।

कार्यक्रम का शुभारंभ कारगिल के अमर शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित कर किया गया। विद्यार्थियों ने प्रेरणादायक भाषण, कविताएं तथा आकर्षक पोस्टरों के माध्यम से कारगिल के वीर सैनिकों के अद्वितीय साहस, त्याग और बलिदान को नमन किया। इस अवसर पर प्रबंधक सर्वजीत सिंह, प्रबंध निर्देशिका जतिंदर वालिया ने विद्यार्थियों को संबोधित किया एवं कहा कि कारगिल के वीर सैनिकों का सर्वोच्च बलिदान हमें सदैव राष्ट्रप्रेम, साहस, अनुशासन और कर्तव्यनिष्ठा की प्रेरणा देता है। प्रधानाचार्या नीरजा सिंह ने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे अपने जीवन में अच्छे संस्कार अपनाएं, देश का सम्मान करें और एक जिम्मेदार नागरिक बनकर राष्ट्र की उन्नति में अपना योगदान दें।



कार्यक्रम के अंत में सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने कारगिल के अमर शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की तथा उनके आदर्शों पर चलने और राष्ट्र की एकता, अखंडता एवं गौरव की रक्षा के लिए सदैव समर्पित रहने का संकल्प लिया।

# एलपीएस में श्रद्धा और गरिमा के साथ मनाया गया कारगिल विजय दिवस

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** कारगिल विजय दिवस के अवसर पर लखनऊ पब्लिक स्कूल (सी.पी. सिंह फाउंडेशन) की लखनऊ, उन्नाव और रायबरेली स्थित सभी 10 शाखाओं में देशभक्ति और सम्मान के साथ विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस विशेष आयोजन का मुख्य उद्देश्य कारगिल युद्ध के दौरान देश की संप्रभुता की रक्षा करने वाले वीर सैनिकों के अद्वितीय साहस, बलिदान और उनकी देशभक्ति को सम्मान देना था। इस अवसर पर छात्रों ने नाटक, कविता और भाषण सहित विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के जरिए वीर सैनिकों की वीरता को नमन किया और युद्ध में शहीद हुए सैनिकों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

अंसल शाखा में एक प्रेरणादायक भाषण के जरिए कारगिल विजय दिवस के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। यहां छात्रों ने वीर सैनिकों के जीवन और उनकी वीरता को दर्शाते हुए एक बेहद प्रभावशाली नाटक की प्रस्तुति दी और अमर शहीदों को नमन किया। इसी तरह जानकीपुरम शाखा में सुबह एक विशेष असेंबली का आयोजन किया गया, जहां छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति से ओतप्रोत से भाषण और गीतों की प्रस्तुति से पूरे माहौल में जोश भर दिया। नाटक के माध्यम से कारगिल विजय दिवस के इतिहास और सैनिकों के पराक्रम को याद किया गया।

साउथ सिटी शाखा में छात्रों ने देशभक्ति गीत 'देश हमें देता है सब कुछ' की सुंदर प्रस्तुति देकर सबका मन मोह लिया और हिंदी भाषण के माध्यम से भारतीय सैनिकों के अदम्य साहस को सलाम किया।

सेक्टर डी शाखा में प्राइमरी विंग के नन्हे-मुन्नों ने दिल को छू लेने वाली कविताओं की प्रस्तुति से सभी को प्रभावित किया। इस दौरान छात्रों ने कारगिल युद्ध की महत्वपूर्ण घटनाओं का विवरण देते हुए अपना सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि दी और भारतीय सशस्त्र बलों की अजेय भावना को सराहा। एल्डिको शाखा में भी एक विशेष असेंबली आयोजित की गई, जिसमें भारतीय सशस्त्र बलों के शौर्य को याद किया गया। कक्षाओं में शहीदों की कहानियां सुनाई गईं तथा देशभक्ति कविताओं और गीतों के माध्यम से वीर सपूतों को श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान बच्चों ने देश की एकता, अखंडता और सम्मान को बनाए रखने की शपथ ली।

सेक्टर आई शाखा में आयोजित विशेष असेंबली में भी छात्रों ने कारगिल युद्ध में भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा दिखाए गए अदम्य पराक्रम को नमन किया और कविताओं के माध्यम से वीर सैनिकों की गाथाओं का प्रदर्शन किया।

## द संस्कृति स्कूल, लखनऊ में 'कामिल' टॉक-शो का आगाज



**लखनऊ।** शहीद पथ स्थित द संस्कृति स्कूल, लखनऊ में प्रेरणादायक टॉक-शो श्रृंखला 'कामिल' (ङअअटक्छ) का भव्य शुभारंभ हुआ। उद्घाटन सत्र में उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव श्री एस.पी. गोयल ने मुख्य अतिथि के रूप में छात्रों से संवाद करते हुए अपने जीवन के अनुभव, सफलता के मूल मंत्र और उत्तर प्रदेश के विकास के विजन को साझा किया। कार्यक्रम को .लाइव-स्ट्रीम पॉडकास्ट के रूप में प्रस्तुत किया गया, जिसका संचालन छात्रा परी वर्मा और निवर्तमान हेड बॉय यशराज ने किया। 'द पर्सन बिहाइंड द पोजीशन' सत्र में मुख्य सचिव ने छात्र जीवन के संघर्षों, असफलताओं से मिली सीख और जीवन में मूल्यों की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि कठिन परिस्थितियों में सही निर्णय लेने की क्षमता व्यक्ति को उसके संस्कारों और अनुशासित जीवनशैली से मिलती है। छात्रों को संबोधित करते हुए उन्होंने निरंतर सीखते रहने, ईमानदारी और दृढ़ संकल्प को सफलता की सबसे बड़ी कुंजी बताया। 'एजुकेशन एंड फ्यूचर' विषय पर उन्होंने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के युग में केवल शैक्षणिक ज्ञान पर्याप्त नहीं है, बल्कि नवाचार, समस्या समाधान की क्षमता और मानवीय मूल्यों का विकास भी आवश्यक है। वहीं, उत्तर प्रदेश को 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य का उल्लेख करते हुए उन्होंने युवाओं से रोजगार मांगने वाले नहीं, बल्कि रोजगार सृजित करने वाले उद्यमी बनने का आह्वान किया। उन्होंने गोमती नदी संरक्षण और 'एक जिला, एक उत्पाद' योजना की सराहना करते हुए उत्तर प्रदेश के उज्ज्वल भविष्य को उसके ऊर्जावान और नैतिक रूप से सुदृढ़ युवाओं से जोड़ा। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रबंधन ने मुख्य सचिव का आभार व्यक्त किया।

## डेंगू-मलेरिया को लेकर अलर्ट

**लखनऊ।** डेंगू और मलेरिया के मरीजों के लिए अस्पतालों में 100 बेड आरक्षित किए गए हैं। जांच और इलाज में सावधानी बरतने की सलाह दी गई है। इस वर्ष अब तक जिले में 161 लोग मलेरिया की चपेट में आ चुके हैं। 60 लोगों को डेंगू हुआ। आठ मरीज चिकनगुनिया की चपेट में आ चुके हैं। स्वास्थ्य विभाग की ओर से फॉगिंग और एंटीलार्वा छिड़काव के दावे किए जा रहे हैं, लेकिन कई इलाकों में समय पर कार्रवाई नहीं होने से हालात चिंताजनक बने हुए हैं। बारिश से जगह-जगह जलभराव और साफ पानी जमा होने के कारण मच्छरों का प्रजनन तेजी से बढ़ रहा है। सिविल, बलरामपुर, लोकबंधु, रानी लक्ष्मीबाई, राम सागर मिश्र, भाऊराव देवरस अस्पताल में डेंगू और मलेरिया मरीजों के लिए लगभग 100 बेड आरक्षित किए गए हैं। अस्पतालों में जांच किट, दवाओं और प्लेटलेट्स की उपलब्धता पर भी नजर रखी जा रही है। डॉक्टरों के अनुसार कि बुखार आने पर स्वयं दवा लेने के बजाय तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में जांच कराएं। समय पर इलाज मिलने से बीमारी की गंभीरता कम की जा सकती है।



## कारगिल विजय दिवस की पूर्व संध्या पर हुआ याद करो कुर्बानी कार्यक्रम

**लखनऊ।** कारगिल विजय दिवस की 27वीं वर्षगांठ की पूर्व संध्या पर नवयुग कन्या महाविद्यालय, राजेंद्र नगर, लखनऊ की 19 उत्तर प्रदेश गर्ल्स बटालियन एनसीसी द्वारा याद करो कुर्बानी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. मंजुला उपाध्याय ने की, जबकि संयोजन एवं संचालन एनसीसी अधिकारी मेजर (डॉ.) मनमीत कौर सोढ़ी ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ परमवीर चक्र विजेता कैप्टन विक्रम बत्रा, कैप्टन मनोज कुमार पांडे तथा राइफलमैन सुनील जंग के चित्रों पर प्राचार्या, शिक्षिकाओं, एनसीसी कैडेट्स एवं छात्राओं द्वारा माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इसके बाद कैडेट निधि वाजपेई एवं प्रीति कुमारी ने लखनऊ के वीर शहीद कैप्टन मनोज कुमार पांडे तथा राइफलमैन सुनील जंग के साहसपूर्ण एवं प्रेरणादायी जीवन-वृत्त पर प्रकाश डाला।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

निम्नलिखित कार्यो के लिए मुहरबन्द "खुली निविदा" वरिष्ठ मण्डल सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर, पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से आमंत्रित की जाती है।

**निविदा नोटिस संख्याः**– 58 वर्ष 2026, कार्य का विवरणः LJN डिवीजनः 18 विभिन्न स्टेशनों पर पी.पी. शेल्टर का विस्तार, कुल 45 Bays. अनुमानित लागतः ₹ 19,85,604.80, बयाना राशिः ₹ 39,700.00, निविदा प्रपत्र का मूल्यः 00.00, कार्य समापन अवधिः 120 दिन। (1) निविदाओं के बन्द होने की अंतिम तिथि एवं समयः– 18.08.2026 at 15.00 Hrs.

**नोटः**–इस निविदा के विरुद्ध मैनुअल आफर स्वीकार नही किया जायेगा। ऐसे प्राप्त मैनुअल आफर को उपेक्षित कर दिया जायेगा। विस्तृत विवरण व निविदा जमा करने हेतु, कृपया भारतीय रेलवे की बेबसाइट http://www.ireps.gov.in को देखें।

मं०रे०प्र०(सि०एवं०दूर०सं०) / मुजाधि / सिगनल–77 लखनऊ

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

# रात में ब्रश करना सुबह फायदेमंद : पाठक

**लखनऊ।** लोगों को दांतों की सेहत के प्रति जागरूक करना भी जरूरी है। आम धारणा के विपरीत सुबह की अपेक्षा रात में ब्रश करना अधिक फायदेमंद होता है। रात में भोजन के कण दांतों के बीच फंसे रह जाते हैं, जिससे दांतों में सड़न और अन्य समस्याओं का खतरा बढ़ जाता है। ऐसे में सोने से पहले ब्रश करने की आदत सबसे अधिक लाभकारी है। यह बातें प्रदेश के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने शनिवार को गोमतीनगर स्थित इंदिरागांधी प्रतिष्ठान में इंडियन डेंटल एसोसिएशन की ओर से आयोजित डेंटल शो को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि किसी दिन सुबह ब्रश न भी किया जाए तो उससे उतनी समस्या नहीं होती, क्योंकि सुबह की लार में ऐसे लाभकारी बैक्टीरिया मौजूद होते हैं, जो पेट की सेहत के लिए उपयोगी माने जाते हैं। लोगों को सही समय पर ब्रश करने के बारे में भी जागरूक किया जाना चाहिए। उन्होंने दंत चिकित्सकों की विभिन्न समस्याओं पर भी आश्वासन दिया। डेंटल क्लीनिक और अस्पतालों के पंजीकरण-नवीनीकरण सहित अन्य मुद्दों के समाधान के लिए सरकार सकारात्मक कदम उठाएगी।

# उच्च शिक्षा के 1.28 लाख शिक्षकों को मिलेगी कैशलेस चिकित्सा सुविधा

- **मुख्यमंत्री आज आगरा में करेंगे योजना का शुभारंभ**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 26 जुलाई को आगरा में उच्च शिक्षा विभाग की 'मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा सुविधा योजना' का शुभारंभ करेंगे। इस योजना के लागू होने के बाद प्रदेश के विश्वविद्यालयों, अशासकीय सहायता प्राप्त महाविद्यालयों, स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रमों और स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों में कार्यरत 1.28 लाख से अधिक शिक्षकों एवं उनके आश्रित परिवारों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा का लाभ मिलेगा। कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों और कर्मचारियों की सामाजिक सुरक्षा को और मजबूत बनाने के लिए पंजाब नेशनल बैंक के साथ एमओयू का भी आदान-प्रदान होगा।

योजना के लागू होने के बाद पात्र शिक्षकों और उनके परिवारों को सूचीबद्ध सरकारी एवं निजी अस्पतालों में कैशलेस उपचार की सुविधा मिलेगी। वर्तमान में चिकित्सा प्रतिपूर्ति की सुविधा उपलब्ध न होने के कारण इलाज का आर्थिक भार शिक्षकों को स्वयं वहन करना पड़ता है। नई व्यवस्था से उन्हें समय पर बेहतर उपचार और आर्थिक सुरक्षा दोनों मिलेंगी। योगी सरकार का मानना है कि शिक्षकों की स्वास्थ्य सुरक्षा, गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा व्यवस्था की महत्वपूर्ण आधारशिला है।

मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा सुविधा योजना शिक्षकों और उनके परिवारों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं तक आसान पहुंच देने के साथ आर्थिक सुरक्षा भी प्रदान करेगी। यह पहल शिक्षक कल्याण और उच्च शिक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम होगी। योजना के अंतर्गत पात्र प्रत्येक परिवार को प्रतिवर्ष 5 लाख रुपये तक का स्वास्थ्य कवर उपलब्ध कराया जाएगा। कार्ड बनने के बाद पहले दिन से ही निर्धारित स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लिया जा सकेगा। कार्यक्रम के दौरान पंजाब नेशनल बैंक के साथ होने वाले एमओयू के तहत शिक्षकों और शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को 1.50 करोड़ रुपये तक का व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा, 3 करोड़ रुपये तक का हवाई दुर्घटना बीमा, 60 हजार रुपये तक का अस्पताल नकद लाभ तथा 12 लाख रुपये तक का टर्म लाइफ बीमा जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

## पैंट्रीकार से मानक विहीन पानी जब्त

**लखनऊ।** ट्रेन के रसोई यान (पैंट्रीकार) के निरीक्षण के दौरान कुल 1140 बोतल मानक विहीन (सब-स्टैंडर्ड) पानी जब्त किया गया है। यह कार्रवाई मण्डल रेल प्रबंधक गौरव अग्रवाल के मार्गदर्शन में तथा वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक अरिजीत सिंह के दिशानिर्देशन में सहायक वाणिज्य प्रबंधक/पीएम ओमकारनाथ वर्मा द्वारा नियमित जांच के क्रम में ट्रेन संख्या 20103 की पेंट्रीकार का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान आईआरसीटीसी के अधिकृत सेवा प्रदाता मेसर्स एक्सप्रेस फूड सर्विस के नामित पेंट्री मैनेजर ट्रेन में उपस्थित नहीं थे। उनके स्थान पर सहायक पेंट्री मैनेजर द्वारा पेंट्रीकार का संचालन किया जा रहा था। पेंट्री स्टोर की गहन जांच के दौरान 95 कार्टन (1140 बोतल) पैकेज्ड पेयजल भंडारित पाए गए, जो रेलवे/आईआरसीटीसी द्वारा अनुमोदित ब्रांडों में शामिल नहीं है। यात्रियों के हितों को ध्यान में रखते हुए उक्त समस्त स्टॉक को तत्काल जब्त कर लिया गया। जब्त किए गए पैकेज्ड पेयजल को गोंडा जं. स्टेशन पर उतारकर सुरक्षित अभिरक्षा के लिए एलपीओ/गोंडा को सुपुर्द कर दिया गया।

**लखनऊ विकास प्राधिकरण**

(ISO 14001 : 2004, ISO 9001-2008 प्रमाणित संस्था)

प्राधिकरण भवन, विपिन खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ (उ.प्र.) पीबीएक्स : 1800 1800 5000, वेबसाइट–www.ldalucknow.in

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है प्राधिकरण की आवासीय/व्यावसायिक/रेन्ट/नजूल/इम्प्रूवमेन्ट ट्रस्ट योजनाओं के निम्नलिखित आवेदकों द्वारा उनके नाम के सामने अंकित सम्पत्ति का हस्तानान्तरण/नामांकरण किये जाने हेतु प्राधिकरण में प्रार्थना–पत्र प्रस्तुत किया गया है :–

| क्र. सं. | मूल आवंटी का नाम | भूखण्ड/भवन संख्या | योजना का नाम | मृत्यु का दिनांक | मूल आवंटी के उत्तराधिकारी अथवा आवेदक का नाम | उत्तराधिकारी के पक्ष में अनापत्तिकर्ताओं के नाम | मूल आवंटी (मृतक) से सम्बन्ध |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्रीमती महेन्दर कौर | भूखण्ड सं0-S-35/10 | ट्रांसपोर्ट नगर | 08.11.2015 | श्री अवनीत छाबड़ा | श्री वंश अरोड़ा | पौत्र |
| 2 | श्री आदित्य कुमार सक्सेना (क्रेता) | भूखण्ड सं0-एस0 एस0-50 सेक्टर-बी | आजाद नगर योजना | 28.10.2003 | 1. श्री चेतन सक्सेना<br>2. श्री अनुराग सक्सेना | -- | पुत्र<br>पुत्र |
| 3 | श्रीमती कंचनलता (मृतक) | भूखण्ड सं0-एस0 एस0-49 सेक्टर-बी | आजाद नगर योजना | 05.06.2018 | 1. श्री चेतन सक्सेना<br>2. श्री अनुराग सक्सेना | -- | पुत्र<br>पुत्र |
| 4 | स्व0 त्रियुगी नारायण अग्निहोत्री (मृतक) | भूखण्ड सं0-3/140 | सेक्टर-ए, बसन्त कुन्ज हरदोई रोड योजना | 29.02.2024 | श्री शशांक अग्निहोत्री | श्री सुधांशु अग्निहोत्री<br>श्रीमती निशा बाजपेयी<br>श्रीमती उषा, श्रीमती संध्या | पुत्र<br>पुत्री<br>पुत्रियां |
| 5 | स्व0 ए0पी0एस0 चौहान (अभय पाल सिंह चौहान) (आवंटी) | भवन/भूखण्ड सं0-एल-2/24 | सेक्टर-बी, अलीगंज | 23.02.2025 | श्रीमती प्रेमलता चौहान -पत्नी | 1. कु0 वर्षा चाहौन<br>2. श्री संजय सिंह चौहान<br>3. श्रीमती रेखा चौहान | पुत्री<br>पुत्र<br>पुत्री |

उपर्युक्त नामान्तरण के आवेदन के सम्बन्ध में यदि किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह साक्ष्य सहित प्रकाशन तिथि से 30 दिनों के अन्दर अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्राप्त करा दें। निर्धारित तिथि तक कोई आपत्ति प्राप्त न होने पर प्राधिकरण अभिलेखों में कॉलम–6 पर लिखित व्यक्ति का नाम दर्ज कर लिया जायेगा तथा उसके बाद किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

सचिव

**महत्वपूर्ण नंबर**
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

**फायर स्टेशन**
हजरतगंज- कंट्रोल रूम
9454418642
गोमती नगर-9454418657

**एम्बुलेंस**
मेडिकल सेवा- 102, 108



# डकैतों ने परिवार को बंधक बनाकर की लूटपाट

## विरोध में पति-पत्नी व बेटी को किया लहूलुहान, वारदात को छिपाते रहे अधिकारी

विशेष संवाददाता (vol)





**लखनऊ।** इंदिरानगर थाना क्षेत्र में हथियारबंद डकैतों ने देर रात करीब दो बजे कारोबारी के घर में घुसकर लूटपाट की। विरोध करने पर डकैतों ने कारोबारी, उनकी पत्नी और बेटी पर धारदार हथियार से हमला करके गंभीर रूप से जख्मी कर दिया। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत नाजुक बनी हुई है। वारदात को स्थानीय पुलिस काफी देर तक दबाए रही। इसके बाद पुलिस अधिकारी भी इस वारदात को पूरी तरह से छिपाए रहे और बात करने से बचते रहे। पुलिस ने मामला दर्ज करके आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

इंदिरानगर के अमराई गांव निवासी उमेश चंद्र (55) घर में ही परचून की दुकान चलाते हैं। शुक्रवार देर रात करीब 2 बजे परिवार के सभी सदस्य सो रहे थे। उसी दौरान पहले से घर के अंदर छिपे डकैतों ने लॉकर तोड़ना शुरू कर दिया। आवाज सुनकर उमेश की बेटी सीमा की नींद खुल गई और वह कमरे से बाहर आई। यहां पर पहले घात लगाए डकैतों ने सीमा के बाहर आते ही उस पर हमला कर दिया।

बेटी की चीख-पुकार सुनकर उमेश चंद्र वहां पहुंचे तो डकैतों ने पीछे से उनके सिर पर धारदार हथियार से ताबड़तोड़ कई वार कर दिए। हमले में वह गंभीर रूप से घायल होकर जमीन पर गिर पड़े। पत्नी शांति देवी ने शोर मचाने की कोशिश की तो डकैतों ने उन पर भी हमला करके लहूलुहान कर दिया।

**महिला ने होश आने पर बुलाई मदद :** हमले के करीब 10 मिनट बाद शांति देवी को होश आया। उन्होंने किसी तरह घर से बाहर निकलकर शोर मचाया, जिसके बाद आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। स्थानीय लोगों ने रहीमनगर में रहने वाले उमेश के बेटे दीपक गुप्ता और पुलिस को घटना की जानकारी दी। वारदात की सूचना के बावजूद पुलिस करीब पौन घंटा बाद मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल भेजा गया। लोगों का कहना है कि उमेश का घर बजरंग चौराहे से करीब सौ मीटर दूर है। इसके बाद भी पुलिस ने पहुंचने पर हीलाहवाली की।

**पुलिस ने शुरू की बदमाशों की तलाश :** घरवालों के मुताबिक, अभी यह साफ नहीं हो पाया है कि डकैत कितने रुपये और सामान लेकर गए हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है और लूट की रकम का आंकलन किया जा रहा है। एडीसीपी ईस्ट अमोल मुरकुट ने बताया कि घटना की जांच के लिए टीमें लगाई गई हैं और आरोपियों की तलाश की जा रही है।

**गश्त व्यवस्था पर उठे सवाल :** लोगों का आरोप है कि सूचना के बाद पुलिस पहुंची और डिटेल नोट की। पुलिस ने कोई फॉरेंसिक टीम और न ही डॉग स्क्वॉयड बुलाया। सिर्फ घायलों को अस्पताल भेजकर चली गई। लोगों ने पुलिस गश्त पर सवाल उठाए हैं। वहीं, महिला का कहना है कि बदमाशों पांच रही होगी। उन्होंने घर से तीन लोगों को निकलते हुए देखा था।

## बदमाशों ने महिला से जेवर लूटे

**लखनऊ।** महिंगवा थाना के अंतर्गत ससुराल जा रही एक महिला से दो अज्ञात व्यक्तियों ने सोने चांदी के जेवरात लूट लिए। वहीं इटौंजा थाना के अंतर्गत भी लुटेरों ने एक महिला को शिकार बनाया। जिसको गुमराह कर सोने के टॉप्स छीन कर नौ दो ग्यारह हो गए। पीड़ितों ने थाने में तहरीर दी है। महिंगवा थाना के अंतर्गत भवानीपुर निवासी सूरज कुमारी पत्नी सूरजपाल ने बताया वह मायके गोधना से ससुराल भवानीपुर जा रही थी। तभी उनई गांव भगता खेड़ा के निकट बाइक से आकर दो अज्ञात युवकों ने रोक लिया और उसके सोने के झाला चांदी की पायल लूटकर भाग गए। इसके अलावा दूसरी घटना शुक्रवार की दोपहर इटौंजा बाजार में हुई। केशन कुमारी निवासी शिवपुरी पति किशन लाल के साथ इटौंजा बाजार आई थी।

## रास्ते के विवाद में मजदूर की पीटकर हत्या

**लखनऊ।** गोसाईगंज थाना क्षेत्र के उम्मेद खेड़ा गांव में मजदूर का उसके पड़ोसियों से रास्ते को लेकर कई साल से विवाद चल रहा था, जिसके चलते पड़ोसियों ने शुक्रवार रात उसकी पीटकर हत्या कर दी। मृतक की मां सुमित्रा देवी के अनुसार उसका बेटा महेश (40) शुक्रवार को सुबह मजदूरी करने गया था। शाम को जब वह घर वापस आ रहा था, तभी पड़ोस के रहने वाले राजन, सेवा, अचूक व शिवम ने रास्ते में रोक कर पूर्व के विवाद को लेकर विवाद शुरू कर दिया। उसी दौरान लाठी-डंडे से पिटाई कर दी और उसे अधमरा छोड़कर भाग निकले। पीड़िता ने बताया कि उसने किसी तरह गांव वालों की मदद से बेटे को सिविल अस्पताल में भर्ती कराया, जहां देर रात इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पीड़िता का आरोप है कि घटना के बाद मौके पर गोसाईगंज पुलिस पहुंची, लेकिन अस्पताल में दाखिल करने नहीं ले गई, जिसके चलते महेश के शरीर से अधिक रक्तस्राव हुआ, जिसके चलते बेटे की मौत हो गई। इस संबंध में इंस्पेक्टर गोसाईगंज दिलेश कुमार सिंह का कहना है कि पीड़िता की तहरीर पर आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर हिरासत में लिया गया है।

**नाले में मिला शव :** काकोरी क्षेत्र में अज्ञात व्यक्ति का शव नाले में पड़ा होने की सूचना ग्रामीणों ने काकोरी पुलिस को दी। सूचना मिलते ही काकोरी पुलिस मौके पर पहुंची और जांच की तो मृतक की पहचान हुई। काकोरी पुलिस ने बताया कि समय करीब 7:30 बजे एक व्यक्ति का शव ग्राम कुसमोरा के नाले में पड़ा होने की जानकारी हुई तो प्रभारी निरीक्षक पुलिस बल के साथ मौके पर गए और गांव वालों की मदद से मृतक के शव को नाले से बाहर निकलवाया तो मृतक के शव की पहचान संजीत कुमार उर्फ मन्ना (45) पुत्र स्व. फकीरे गौतम निवासी ग्राम कुशमोरा थाना काकोरी के रूप में हुई। मृतक के शव को गहनता से निरीक्षण किया गया तो शव के शरीर पर कोई भी चोट के निशान नहीं मिले।

**पेड़ की डाल में फांसी लगाकर की आत्महत्या :** गोसाईगंज क्षेत्र में अमेठी कस्बे के शहजादपुर मोहल्ले में रहने वाला दिवांशु (22) पिछले कई दिनों से गुमसुम रह रहा था। शुक्रवार की रात उसने पड़ोस की एक बाग में जाकर आम के पेड़ की डाल में गमछे का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। लोगों ने इसकी सूचना परिजनों व पुलिस को दी, जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। इंस्पेक्टर गोसाईगंज दिलेश कुमार सिंह का कहना है कि पिता की तहरीर के आधार पर जांच की जा रही है। फिलहाल किसी पर कोई आरोप नहीं लगाया गया है।

## दीवार गिरने से बालक की मौत

**लखनऊ।** खड़ौहां गांव निवासी सुनील का 12 वर्षीय बेटा शिवा शनिवार दोपहर अपने ममेरे भाई कृष्णा के साथ घर के बाहर कच्चे गलियारे में खेल रहा था। कृष्णा उन्नाव जिले के औरास थाना क्षेत्र के राई मिचलौला गांव का निवासी बताया गया है। इसी दौरान शिवा के बड़े पापा चौधरी के मकान की कच्ची दीवार भरभराकर गिर गयी जिससे उसकी मौत हो गयी। सूचना मिलने पर रहीमाबाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक शिवा गांव के प्राथमिक विद्यालय में कक्षा तीन का छात्र था। उसके पिता सुनील राजमिस्त्री का काम करते हैं।

## आत्महत्या के लिए उकसाने का मुकदमा दर्ज

**लखनऊ।** पीजीआई थाना क्षेत्र में स्टाफ नर्स प्रतिभा मिश्रा का शव मिलने के मामले में नया मोड़ आया है। उनकी मां ने पीजीआई के नर्सिंग ऑफिसर विकास त्रिपाठी के खिलाफ दहेज मांगने और आत्महत्या के लिए उकसाने का मुकदमा दर्ज कराया है। आरोप है कि विकास ने शादी के लिए 20 लाख रुपये मांगे थे। पुलिस नेइस मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## गार्ड की पिटाई कर छीना मोबाइल व नकदी

**लखनऊ।** गोसाईगंज क्षेत्र में पूर्वांचल एक्सप्रेस वे की सर्विस रोड पर तीन अज्ञात लोगों ने बाइक सवार की पिटाई कर उससे एक हजार रुपये और मोबाइल फोन छीन लिया और फरार हो गए। कपेरा का पुरवा निवासी पीड़ित संतोष कुमार ने बताया कि वह 22 जुलाई की रात कबीरपुर गांव स्थित अल्फा पब्लिक स्कूल से रात्रि में गार्ड की ड्यूटी कर वापस घर लौट रहा था। रास्ते में बल्दीखेड़ा गाव के पास पूर्वांचल एक्सप्रेसवे की सर्विस रोड पर तीन नकाबपोश अज्ञात लोगों ने उसे रोक लिया। उसे मारने-पीटने के बाद उसके पास से एक हजार रुपए और मोबाइल फोन छीन कर फरार हो गए। उसने इसकी सूचना पुलिस कंट्रोल रुम को दी थी। पीड़ित का अस्पताल में इलाज चल रहा है।

## कंटेनर की टक्कर से बाइक सवार घायल

**लखनऊ।** सरोजनीनगर थाना क्षेत्र में शुक्रवार देर रात तेज रफ्तार कंटेनर ने सामने से आ रही बाइक में ठोकर मार दी, जिससे बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को इलाज के लिए लोकबंधु अस्पताल में भर्ती कराया। हादसे के बाद कंटेनर चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। जानकारी के अनुसार उन्नाव निवासी सचिन (25) और निलेश (26) शुक्रवार रात बाइक से कानपुर रोड के रास्ते आलमबाग से बंथरा की ओर जा रहे थे। उसी दौरान सरोजनीनगर में कानपुर रोड स्थित शहीद पथ तेज रफ्तार कंटेनर ने बाइक में सामने से जोरदार ठोकर मार दी।

## महिला दरोगा की अश्लील फोटो वायरल करने की धमकी

● हसनगंज कोतवाली में मुकदमा दर्ज

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** हसनगंज कोतवाली की महिला दरोगा को एक मामले की जांच के दौरान अज्ञात व्यक्ति ने फोन पर अभद्रता की और एआई से आपत्तिजनक तस्वीरें बनाकर वायरल करने की धमकी दी। एफआईआर दर्ज कर निष्पक्ष जांच करने से नाराज दबंग ने दो अलग-अलग नंबरों से व्हाट्सएप कॉल कर धमकाया। हसनगंज पुलिस ने सर्विलांस टीम की मदद से आरोपी की लोकेशन ट्रेस करना शुरू कर दिया है। पुलिस के अनुसार, बीते 23 मई को सम्पत्ति विवाद के मामले की विवेचना महिला दरोगा को सौंपी गई थी।

महिला दरोगा ने जब मामले की गहनता से पड़ताल की तो पीड़िता अनीता मौर्य के आरोप सही पाए गए, जिसके आधार पर आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई। आरोप है कि एफआईआर दर्ज होने से तिलमिलाए व्यक्ति ने महिला दरोगा को फोन किया और मुकदमे से जुड़ी जानकारी मांगी। अश्लील भाषा का इस्तेमाल करते हुए कहने लगा कि वह एआई की मदद से उनकी फर्जी व आपत्तिजनक फोटो बनाकर इंटरनेट पर डाल देगा।

महिला दरोगा ने तत्काल उस नम्बर को ब्लॉक कर दिया, लेकिन दबंग का हौसला इतना बुलंद था कि उसने दूसरे अज्ञात नम्बर से व्हाट्सएप कॉल करके दोबारा गालियां दीं और अंजाम भुगतने की चेतावनी दी। ड्यूटी के दौरान सरकारी काम में बाधा डालने, महिला के सम्मान को ठेस पहुंचाने और साइबर अपराध की धाराओं के तहत हसनगंज कोतवाली में मामला पंजीकृत कर लिया है। डीसीपी सेंट्रल विक्रांत वीर ने बताया कि पीड़िता उपनिरीक्षक की तहरीर पर एफआईआर दर्ज कर लिया।

## युवक की इलाज के दौरान मौत

**लखनऊ।** बंथरा थाना क्षेत्र में एक युवक की अचानक हालत बिगड़ गई। उसे एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां रात को इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। बंथरा के खुर्रमपुर निवासी राम प्रसाद का बेटा सुखविंदर उर्फ मोनू गौतम (19) मजदूरी करता था।

बताते हैं कि सुखविंदर शुक्रवार दोपहर बाद करीब 3 बजे मोहल्ले के दो-तीन अन्य लड़कों के साथ घर के बाहर तख्त पर लेटा मोबाइल चला रहा था। तभी अचानक उसके बाएं पैर के अंगूठे और उंगली के बीच दर्द हुआ। इसके बाद परिजनों ने उसे पास के निजी क्लीनिक पहुंचाया, जहां से दवा लेकर वह वापस घर आ गया। लेकिन कुछ देर बाद उसकी हालत अधिक बिगड़ने लगी। तब परिजन उसे पास के जीएसआरएम अस्पताल ले गए। जहां इलाज के दौरान शुक्रवार रात उसने दम तोड़ दिया।

## किशोरी को होटल में बंधक बनाकर तीन दिन तक किया दुष्कर्म

**लखनऊ।** निगोहां थाना क्षेत्र की 16 वर्षीय किशोरी 17 जुलाई से घर से लापता थी। गुरुवार को परिजनों को जानकारी मिली कि गदियाना गांव की राबिया (पत्नी विनोद) और खुशबू (पत्नी दुर्गेश) उसे बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गई थीं। आरोपी खुशबू और दुर्गेश के घर से किशोरी को बरामद किया गया।

आरोप है कि 18 जुलाई को राबिया अपने पति विनोद के साथ किशोरी को पीजीआई स्थित मनी मोंटा मार्केट के एक होटल में ले गए, जहां उसे तीन दिन तक बंधक बनाकर रखा गया। इस दौरान राबिया ने अपने परिचित बिजनौर के ढुड़वा गांव निवासी द्वारिका प्रसाद को होटल बुलाया, जहां द्वारिका प्रसाद ने किशोरी के साथ दुष्कर्म किया।

इसके बाद 21 जुलाई को खुशबू और दुर्गेश किशोरी को होटल से निकालकर अपने घर गदियाना ले गए, जहां उसे फिर से बंधक बनाकर रखा गया। जानकारी मिलने पर पीड़िता की भाभी खुद आरोपियों के घर पहुंचीं और किशोरी को वहां से मुक्त कराया।

इसके बाद मोहनलालगंज थाने में राबिया, विनोद, खुशबू, दुर्गेश और द्वारिका प्रसाद पर मुकदमा दर्ज कराया गया। इंस्पेक्टर अनुसार किशोरी का मेडिकल परीक्षण कराया गया है और आरोपियों की तलाश की जा रही है।

**होटल प्रबंधन की जांच :** पुलिस अब होटल प्रबंधन से भी पूछताछ करेगी कि तीन दिन तक किशोरी को किस आधार पर कमरे में रखा गया और उसका पहचान पत्र लिया था या नहीं।

## नाबालिग लड़की को भगा ले जाने का आरोपी गिरफ्तार

**लखनऊ।** काकोरी थाना क्षेत्र में नाबालिग लड़की को एक नाबालिग युवक पर बहलाफुसला कर भगा ले जाने का आरोप लड़की के परिजनों ने थाना काकोरी में लिखित शिकायत किया था। जिसके बाद काकोरी पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर नाबालिग युवक व नाबालिग लड़की को खोजने के लिए टीम लगा दिया। पुलिस टीम ने कड़ी मेहनत करके 24 जुलाई को आरोपी को बरामद कर लिया। इस संबंध में थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पीडिता को 180 बीएनएसएस के बयान के उपरान्त मेडिकल परीक्षण के लिए बलरामपुर अस्पताल भेजा गया था। उसके तत्पश्चात शनिवार को बाल अपचारी आरोपी को हिरासत में लेकर बाल सुधार गृह भेजा गया है। वही पीडिता के बयान के लिए भेज दिया गया और विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## 33 हजार केबल ड्रम का केस पहुंचा पावर कॉरपोरेशन, अधीक्षण अभियंता देंगे जवाब

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** 33 केवी केबल ड्रमों के रखरखाव, उपलब्धता और रिकॉर्ड में सामने आ रही अनियमितताओं का मामला अब उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड (यूपीपीसीएल) मुख्यालय तक पहुंच गया है। मामले को गंभीरता से लेते हुए पावर कॉरपोरेशन ने मध्यांचल विद्युत वितरण निगम के सभी जिलों में केबल ड्रमों का भौतिक सत्यापन कराने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही संबंधित जिलों के अधीक्षण अभियंताओं से पूरे मामले में जवाब तलब करने की तैयारी शुरू कर दी गई है।

सूत्रों के अनुसार, प्रारंभिक जांच के दौरान कुछ स्थानों पर केबल ड्रमों के रिकॉर्ड और वास्तविक स्थिति में अंतर मिलने की जानकारी सामने आई थी। इसके बाद जांच का दायरा बढ़ाते हुए मध्यांचल के सभी जिलों को इसमें शामिल कर लिया गया है। अब प्रत्येक अधीक्षण अभियंता को अपने अधिकार क्षेत्र में मौजूद 33 केवी केबल ड्रमों की संख्या, उपयोग, स्टॉक, रखरखाव तथा उनकी वर्तमान स्थिति का सत्यापन कर विस्तृत रिपोर्ट निर्धारित प्रारूप में मुख्यालय को भेजनी होगी। बताया जा रहा है कि पावर कॉरपोरेशन ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि सत्यापन केवल कागजी रिकॉर्ड तक सीमित न रहे, बल्कि प्रत्येक ड्रम का भौतिक मिलान भी किया जाए। जहां कहीं भी रिकॉर्ड और मौके की स्थिति में अंतर मिलेगा, वहां संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों की जिम्मेदारी तय की जाएगी। जांच रिपोर्ट के आधार पर यह भी देखा जाएगा कि केबल ड्रमों का उपयोग निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार हुआ है या नहीं तथा कहीं उनकी सुरक्षा और रखरखाव में लापरवाही तो नहीं बरती गई।

विभागीय सूत्रों का कहना है कि पूरे मामले की निगरानी पावर कॉरपोरेशन मुख्यालय स्तर से की जा रही है। सभी जिलों से रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद उनकी समीक्षा की जाएगी। यदि जांच में किसी प्रकार की अनियमितता, रिकॉर्ड में हेरफेर, स्टॉक में कमी या वित्तीय गड़बड़ी सामने आती है तो संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की जाएगी। जरूरत पड़ने पर मामले की विस्तृत जांच भी कराई जा सकती है। जांच के आदेश के बाद मध्यांचल विद्युत वितरण निगम के विभिन्न जिलों में अधिकारियों और अभियंताओं के बीच हलचल बढ़ गई है। कई स्थानों पर उपकेंद्रों और स्टोरों में रखे केबल ड्रमों का भौतिक सत्यापन शुरू हो चुका है। अधिकारियों का कहना है कि पूरी प्रक्रिया पारदर्शिता के साथ पूरी की जाएगी और अंतिम रिपोर्ट के आधार पर ही आगे की कार्रवाई तय होगी।

## टेंडर के नाम पर 64 लाख की ठगी का आरोपी गिरफ्तार

**लखनऊ।** आशियाना पुलिस ने बिजली विभाग का फर्जी एसडीओ बनकर डेवलपर से टेंडर और मकान निर्माण का काम दिलाने के नाम पर 64 लाख रुपये की धोखाधड़ी कर ठगी करने के आरोपी को मुकदमा दर्ज के डेढ वर्ष बाद थाना क्षेत्र स्थित औरंगाबाद अंडरपास के पास से शनिवार को गिरफ्तार किया।

आशियाना थाना प्रभारी निरीक्षक गजेन्द्र कुमार राय ने बताया गिरफ्त मे आये आरोपी ने पुलिस पूछताछ मे अपना परिचय वीरामपुर संत रविदास नगर जनपद भदोही निवासी देवेन्द्र तिवारी पुत्र राजबली तिवारी के रूप मे दिया है।

पुलिस के अनुसार थाना क्षेत्र स्थित रूचिखण्ड शारदा नगर फिरंगी खेडा निवासी पीडित डेवलपर कंपनी के संचालक रामतीरथ पाण्डेय की शिकायत पर नवंबर 2024 में देवेन्द्र तिवारी पुत्र राजबली तिवारी के खिलाफ धोखाधड़ी, अमानत में ख्यानत समेत अन्य संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज कर तलाश किया जा रहा था।

## फर्जी पत्नी बनकर 30 लाख में बेची जमीन

**लखनऊ।** निगोहां पुलिस ने दिवंगत अविवाहित युवक की फर्जी पत्नी बनाकर उसकी पैतृक जमीन हड़पने और करीब 30 लाख रुपये में बेचने के मामले का खुलासा किया है। पुलिस के अनुसार मलूकपुर ढकवा निवासी शांति देवी ने वर्ष 2025 में थाना मोहनलालगंज में मुकदमा दर्ज कराया था। आरोप है कि उनके देवर राजपाल ने अपनी बहन गुड़िया और सुमन देवी उर्फ जमुना देवी के साथ मिलकर मृतक प्रेमचंद्र की फर्जी पत्नी तैयार की और कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर उसकी पैतृक संपत्ति पर कब्जा कर लिया है।

## असलहों के साथ गाने की रील वायरल

**लखनऊ।** रहीमाबाद इलाके में मेज पर रखे चार असलहे और एक असलहा तानते हुए युवक का सोशल मीडिया पर तेजी से वीडियो वायरल हुआ। असलहों के साथ गाने की रील वायरल हुई तो पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। रहीमाबाद पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेकर वायरल रील की जांच शुरू कर दी है। हिन्दुस्तान अखबार वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। रहीमाबाद इंस्पेक्टर अरुण कुमार त्रिगुनायक ने बताया कि एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है, जिसमें चार असलहे एक मेज पर रखे। युवक राजदीप एक असलहा उठाकर ताने हुए है। वायरल वीडियो की पुलिस ने तस्दीक की तो जांच में यह बात सामने आई कि यह वीडियो रहीमाबाद के गढ़ी संजर खां निवासी कुलदीप सिंह का है, जिसमें कुलदीप का बेटा राजदीप एक गाने पर असलहा लेकर रील बना रहा है। इस वीडियो को रहीमाबाद निवासी व होटल संचालक के बेटे विवेक ने वायरल किया है। पुलिस के मुताबिक असलहे लाइसेंसी हैं या नहीं।

## घरेलू विवाद में मारपीट

**लखनऊ।** बंथरा थाना क्षेत्र में घरेलू विवाद में ननद और भाभी ने एक-दूसरे पर मारपीट, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। बंथरा सिकंदरपुर निवासी सविता वर्मा पत्नी आशीष कुमार ने आरोप लगाया है कि उनकी ननद आंचल बिना किसी कारण आए दिन उनसे झगड़ा करने के साथ गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी देती है। वहीं दूसरे पक्ष की आंचल पुत्री रामदेव ने आरोप लगाया कि भाई आशीष और भाभी सविता घर पर बिजली का मीटर तोड़ रहे थे। तभी उसका वीडियो बनाने पर सविता और आशीष ने उसका मोबाइल छीनकर पटक दिया।

**सूचना**

मेरी हाईस्कूल की मार्कशीट में ऋतुराज जालान नाम अंकित है। आधारकार्ड, वोटर आई.डी. कार्ड व पैनकार्ड में ऋतुराज अंकित है। दोनों नाम एक ही व्यक्ति के हैं। ऋतुराज जालान पुत्र शंकर लाल जालान, नि.-ए/12 हलवासिया एन्क्लेव एच.ए.एल. के सामने इन्दिरानगर, लखनऊ। सी.आर.-7/L-32

## बिजली का तार चोरी, होगी एफआईआर

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** बिजली का तार दिन में ही चोरी हो रही है लेकिन चोर नही पकड़ा जा रहा है। बीते दिनो लोकबन्धु अस्पताल के पास बिजली घर बन रहा है जिसमें 33 केवील लगने के लिए विभाग ने वहा पर रखा था। लेकिन तार लगने के बजाय चोर लगभग 200 मीटर तार ही चुरा ले गये। बिजली अधिकारी अब चोर को पकड़ने के लिए थाने में एफआईआर करा रहे है। वही दूसरी ओर हरदोई हाईवे पर 20 दिन में दूसरी बार चोर बिजली ता तार काट कर चुरा ले गये।




बिजली तार के पीछे चोर अब हाथ धोकर पड़ गये है कही दिन में तार चोरी कर रहे है तो कही रात में चोरी कर रहे है। लोकबन्धु अस्पताल के पास बन रहे पावर हाऊस में कार्य के लिए 33 के तार और 11 केवी के तार रखे है जिसको चोर चुपके से चुरा ले जा रहे है लेकिन किसी को भी कोई जानकारी नही हो पा रही है। ऐसे में जब जानकारी अधिकारियों की हुई तो जेई, एसडीओ ने तत्काल आशियाना थाने में एफआईआर दर्ज कराने के लिए लिखित में दिया है। वही दूसरी तरफ हरदोई-लखनऊ हाईवे के किनारे, जहां रात भर गाड़ियों की आवाजाही लगी रहती है, वहां बेखौफ चोरों ने महज 20 दिनों के भीतर दूसरी बार बिजली की एबीसी लाइन पर हाथ साफ कर दिया। बीते 4 जुलाई को ही चोर चार खंभों से केबल काटकर ले गए थे, जिसकी एफआईआर थाने में दर्ज कराई गई थी। सरकारी ढिलाई से परेशान होकर उपभोक्ता ने खुद अपनी जेब ढीली की और दो दिन पहले ही अपनी दुकान के लिए नए तार लगवाकर बिजली चालू करवाई थी, लेकिन चोरों की नजर शायद इसी नई केबल पर टिकी थी।

देर रात जैसे ही मौका मिला, वे इस बार एक कदम और आगे बढ़ते हुए पूरे पांच खंभों की एबीसी लाइन के तार काटकर ले उड़े। पीड़ित दुकानदार ने बताया कि 20 दिनों में दो बार दुकान के सामने से तार गायब हो गए। अपनी जेब से केबल लगवाई थी, वो भी रातभर में पार हो गई। वहीं लेसा के जूनियर इंजीनियर राजकुमार ने बताया कि पिछली चोरी की रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को भेजी गई थी।

## कार्यालय नगर पंचायत मौरावाँ, जनपद-उन्नाव

E-mail:-nppmaurava@gmail.com

पत्रांक- 230/ न०पं० मौ०/ 2026-27 दिनांक- 25.07.2026

**सार्वजनिक सूचना**

**(ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2026 के अनुपालन के संबंध में)**

ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2026 के अनुपालन एवं नगर क्षेत्र में वैज्ञानिक, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन व्यवस्था को प्रभावी रूप से लागू किये जाने के उद्देश्य से नगर पंचायत मौरावाँ, उन्नाव क्षेत्र के समस्त सरकारी एवं निजी संस्थानों, वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों, औद्योगिक इकाइयों, अस्पतालों, होटल मॉल, शैक्षणिक संस्थानों, आवासीय, सोसायटियों तथा अन्य बड़े परिसरों को सूचित किया जाता है कि ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2026 के अन्तर्गत ऐसे सभी संस्थान जिनका निर्मित क्षेत्रफल 20,000 वर्ग मीटर या अधिक दैनिक जल उपभोग 40,000 लीटर या अधिक अथवा दैनिक ठोस अपशिष्ट उत्पादन 100 किलोग्राम या अधिक है, वे बल्क वेस्ट जनरेटर (Bulk Waste Generator & BWG) की श्रेणी में आते हैं ।

यदि आपका संस्थान/प्रतिष्ठान उपरोक्त मानकों में से किसी एक के अन्तर्गत आता है/ तो कृपया अपनी संस्था का विवरण नगर पंचायत मौरावाँ/उन्नाव को उपलब्ध कराएं तथा CPCB के ऑनलाइन पोर्टल (https://swm-cpcb-gov.in/) पर अपना पंजीकरण शीघ्र सुनिश्चित करें। BWG के लिए निर्धारित नियमों के अनुसार स्त्रोत पर अपशिष्ट प्रथक्करण, गीले अपशिष्ट का वैज्ञानिक प्रबंधन तथा अन्य प्रावधानों का पालन करना अनिवार्य है।

निर्धारित समयावधि में पंजीकरण न कराने अथवा नियमों का अनुपालन न करने पर ठोस अपशिष्ट, प्रंबधन नियम, 2026 एवं पर्यावरण संरक्षण अधिनियम, 1986 के प्रावधानों के अन्तर्गत पर्यावरण प्रतिकर (Environmental Compensation) सहित विध्कि कार्यवाही की जा सकती है। अधिक जानकारी एवं आवश्यक सहयोग हेतु कार्यालय समय में स्वच्छ भारत मिशन प्रकोष्ठ नगर पंचायत मौरावाँ, उन्नाव से संपर्क करें ।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत मौरावाँ, उन्नाव**

## कार्यालय नगर पंचायत मौरावाँ, जनपद-उन्नाव

पत्रांक : 229 / ई-निविदा सू/न.पं. मौ./2026-27 दिनांक : 25/07/2026

**ई-निविदा सूचना**

कार्यालय नगर पंचायत मौरावाँ, उन्नाव के द्वारा ठेकेदारों/फर्मों को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में राज्य वित्त आयोग योजना के अन्तर्गत बाबा मोतेश्वर महादेव सरोवर मोहनलालगंज रोड मौरावाँ में सीढ़ी का निर्माण कार्य हेतु प्राप्त धनराशि से नगर पंचायत मौरावाँ, उन्नाव में कराये जाने वाले निर्माण कार्य हेतु ई-निविदा प्रतिशत दर पर आमन्त्रित की जाती है। निविदादाता कार्य हेतु निविदा डाल सकता है। कार्य का विवरण निम्नवत है

| क्र. सं. | कार्य का नाम | आंगणन धनराशि | 02 प्रतिशत धरोहर धनराशि | टेण्डर फार्म की 0.2 कीमत 18 प्रतिशत GST सहित | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | बाबा मोतेश्वर महादेव सरोवर मोहनलालगंज रोड मौरावाँ में सीढ़ी का निर्माण कार्य। | 15,49,139.00 | 30,983.00 | 3098.00+558.00 = 3,656.00 | 6 माह |

**मुख्य शर्ते :-**

1. निविदा प्रपत्र आन लाइन उपलब्ध है जो आन लाइन http://etender.up.nic.in पर ही डाउनलोड व अपलोड किया जायेगा।

| | | |
|---|---|---|
| (a) | ई-प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से निविदा प्रकाशन की तिथि | 25/07/2026 |
| (b) | वेबसाइट पर आनलाइन निविदा डाउनलोड की तिथि | 27/07/2026 प्रातः 11.00 बजे से |
| (c) | ई-प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से निविदा डालने की अंतिम तिथि व समय | 17/08/2026 सायं 05.00 बजे तक |
| (d) | ई-प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से तकनीकी निविदा खोलने की तिथि व समय | 18/08/2026 प्रातः 11.00 बजे |
| (e) | ई-प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से वित्तीय निविदा खोलने की तिथि व समय | तकनीकी निविदा स्वीकृति के उपरान्त |
| (f) | ई-निविदा खोलने का स्थान | कार्यालय नगर पंचायत मौरावाँ, उन्नाव |

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत मौरावाँ, उन्नाव**

**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत मौरावाँ, उन्नाव**

# वंदे मातरम नृत्योत्सव की प्रस्तुति ने समां बांधा

## डॉ.दिव्या श्रीवास्तव को दिया गया स्वतंत्रता सेनानी डॉ.दरबारी लाल अस्थाना स्मृति सम्मान-2026

वरिष्ठ संवाददाता (vol)






**लखनऊ।** डॉ. दरबारी लाल अस्थाना ट्रस्ट की ओर से उत्तर प्रदेश के वरिष्ठ स्वतंत्रता सेनानी डॉ. दरबारी लाल अस्थाना की जयंती के अवसर पर शनिवार 25 जुलाई को महानगर स्थित दयानंद कन्या इंटर कॉलेज परिसर में स्मृति समारोह 2026 का आयोजन भव्य रूप में किया गया।

इसमें राष्ट्रीय भावना से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम वंदे मातरम् नृत्योत्सव का प्रदर्शन वरिष्ठ नृत्य निर्देशिका रत्ना अस्थाना के निर्देशन में किया गया। इसमें विभिन्न प्रेरक गीतों पर मनभावन प्रस्तुतियां देखते ही बनी। इस अवसर पर दयानंद कन्या इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्या डॉ.दिव्या श्रीवास्तव को स्वतंत्रता सेनानी डॉ.दरबारी लाल अस्थाना स्मृति सम्मान-2026 प्रदान किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में संस्कृत भारती न्यास अवध प्रांत के अध्यक्ष जितेन्द्र प्रताप सिंह उपस्थित रहे। उन्होंने भारतीय सांस्कृतिक पहचान को प्रत्येक नागरिक के लिए गर्व का विषय बताया और छात्राओं को संदेश दिया कि वह कम से कम अपने परदादा-परदादी के नाम अवश्य जाने। इस अवसर पर स्वर्गीय डॉ. दरबारी लाल अस्थाना के सुपुत्र एवं वरिष्ठ रंगकर्मी पुनीत अस्थाना ने बताया कि वरिष्ठ स्वतंत्रता सेनानी डॉ. दरबारी लाल अस्थाना का जन्म 24 जुलाई 1905 को आगरा में हुआ था। प्रखर प्रवक्ता, क्रान्तिकारी समाज सुधारक और संगठनकर्ता रहे डॉ.दरबारी लाल अस्थाना का स्वर्गवास 3 मार्च 1985 को लगभग 80 वर्ष की आयु में हो गया था। स्वतंत्रता संग्राम में स्मरणीय योगदान के लिए राष्ट्र की ओर से तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने उन्हें 15 अगस्त 1972 को ताम्रपत्र से सम्मानित किया था।

कार्यक्रम संयोजिका शुभ्रा अस्थाना के मार्गदर्शन में आयोजित वंदे मातरम नृत्योत्सव में सरस्वती मां और भारत माता को प्रणाम कर रत्ना अस्थाना के निर्देशन में रंग दे बसंती की जोशीली प्रस्तुति हुई। इसमें स्वस्तिका मौर्या, वीरा मौर्या, रक्षा शर्मा, स्वस्तिका त्रिपाठी, सान्वी सिंह, अग्रिमा चौरसिया ने प्रतिभाग कर प्रशंसा हासिल की। इसी क्रम में माताओं ने भी सहभागिता कर उल्लेखनीय नृत्य प्रस्तुति देकर तालियां अर्जित की। इसमें उत्तराखंड के लोकप्रिय लोकगीत रणसिंह बाजो तुतरी बाजी पर रीता मनराल और श्वेता मनराल ने पारंपरिक नृत्य पारंपरिक वेशभूषा में किया। कार्यक्रम की केन्द्रीय थीम ʺवंदे मातरम्ʺ पर बाल कलाकारों ने जोशीली प्रस्तुति दी। इसमें वीरा मौर्या, स्वस्तिका त्रिपाठी, रक्षा शर्मा, सानवी सिंह, अक्षिता सिंह, अवंतिका श्रीवास्तव, अग्रिमा चौरसिया, कृतिका सिंह ने नृत्य संयोजनों के साथ स्टंटिंग कर स्वस्थ भारत का संदेश भी सफलतापूर्वक सम्प्रेषित किया। डॉ दरबारी लाल अस्थाना थीम सांग पर स्वस्तिका मौर्या ने सुंदर भाव नृत्य किया। इसके साथ ही दयानंद कन्या इंटर कॉलेज के सीनियर दल में शामिल अलीना बानों, शिवांगी पाण्डेय, कृतिका, आकृति यादव, आराध्या तिवारी, अनन्य कुमारी, माही प्रजापति, पंखुड़ी शुक्ला, राधिका शुक्ला ने सबसे ऊंचा विजय पताका पर और जूनियर दल में शामिल अवंतिका यादव, श्रुति, आयुषि पाण्डेय, रचना, शगुन निषाद, विद्या थापा, वैष्णवी वाल्मीकि, सौम्या गौतम ने ओ देश मेरे तेरी शान पे सदके पर सुमधुर गायन की प्रस्तुति देकर देशभक्ति की अलख को रोशन किया। इसके साथ ही आयुषी सैनी, मनीषा सिंह, कशिश शर्मा ने वन्देमारतम पर भाव नृत्य कर प्रशंसा हासिल की। कार्यक्रम का कुशल संचालन आराध्या तिवारी ने किया। इसके साथ ही रत्ना डांस अकादमी की कोरियोग्राफर रत्ना अस्थाना एवं दयानंद कन्या इंटर कॉलेज दल की नृत्य प्रस्तुति की निर्देशिका सुश्री अनामिका चटर्जी का भी अभिनंदन किया गया। सभी प्रतिभागियों को पारितोषिक प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर लक्ष्मण गौड़, विवेक पाण्डेय, संदीप बिसारिया, योगेश श्रीवास्तव, जयशंकर प्रसाद शुक्ला, दबीर सिद्दीकी, मधुर मोहन तिवारी, अनवर बेग, सुधा शर्मा, लक्ष्मी मौर्या, सविता श्रीवास्तव सहित अन्य वरिष्ठ जन उपस्थित रहे।

# घिरि आई बदरिया घूम-घूम के...



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** गौरैया संस्कृति संस्थान द्वारा कजरी गीत की कार्यशाला के नौंवे दिन संस्था की अध्यक्ष रंजना मिश्रा ने बताया कि आज शनिवार को प्रतिभा तीरथ ,अपार्टमेंट, हनुमानसेतू,में किया,जिसमें वरिष्ठ लोकगायिका इन्दिरा श्रीवास्तव के निर्देशन में कार्यशाला में सावन, कजरी ,नकटा सिखाया गया।

कार्यशाला की शुरूआत घिरि आई बदरिया घूम घूम के..से की। तत्पश्चात....सावन ऋतु आय गई...सिखाई। उन्होने बताया कि वो अलग अलग प्रकार के कजरी सिखाएगी जो सावन व भादो में गाए जाते है कार्यशाला में प्रतिमा त्रिपाठी,अल्पना श्रीवास्तव, नीलिमा सिंह, सुनीता निगम, आशा तिवारी, निशा पाठक, रीना सिंह, आभा श्रीवास्तव, सुनीता चौरसिया, सरिता अग्रवाल, वीना सक्सेना, अमिता दिवेदी ,निकिता मिश्रा, प्रीती दिवाकर, सुषमा रस्तोगी, रंजना सिंह, भावना शुक्ला, अरुणा उपाध्याय, सीमा पाण्डेय कुमकुम मिश्रा, अनुराधा गुप्ता सहित 30 महिलाये आनलाईन व आफलाइन जुड़ीं। जिनमें उत्साह देखा गया जो हमारी संस्कृति व परम्परा के लिए अत्यन्त आवश्यक है। हारमोनियम पर आकाश तिवारी व ढ़ोलक पर प्रदीप ने संगत किया। इस कार्यशाला की प्रस्तुतीकरण ईश्वर धाम मंदिर में 2अगस्त को शाम चार बजे से होगा।

# क्लासिकल वॉइस ऑफ अवध में शामिल हुए 100 युवा प्रतिभागी




वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** भारतीय शास्त्रीय संगीत और नृत्य के दो दिवसीय उत्सव क्लासिकल वॉइस ऑफ अवध 2026 का सफल आयोजन तीन प्रतिष्ठित संस्थाओं भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय, भातखंडे एलुमनी एसोसिएशन और संगीत मिलन के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। 24 और 25 जुलाई 2026 को आयोजित इस सांस्कृतिक संगीत महोत्सव में लगभग 100 युवा प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। प्रतिभागियों ने खयाल, ध्रुपद, तबला, पखावज, सितार, कथक और भरतनाट्यम जैसी विभिन्न शास्त्रीय विधाओं में अपनी प्रतिभा का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वामी मुक्तिनाथानंद तथा भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर मांडवी सिंह द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। उनकी गरिमामयी उपस्थिति ने आयोजन को विशेष प्रतिष्ठा और प्रेरणा प्रदान की। युवा गायकों ने राग बिहाग, मधुवंती, बागेश्री और यमन सहित अनेक मधुर रागों की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। इन प्रस्तुतियों में विद्यार्थियों के समर्पण, अनुशासित प्रशिक्षण और भारतीय शास्त्रीय संगीत की समृद्ध विरासत के प्रति उनकी गहरी समझ स्पष्ट रूप से दिखाई दी। कथक कलाकारों की मोहक भाव-भंगिमाओं, सधे हुए पद-संचालन, आकर्षक चक्करों और अभिव्यक्तिपूर्ण प्रस्तुति को दर्शकों ने खूब सराहा। भरतनाट्यम की प्रस्तुतियां भी सौंदर्य, लय, संतुलन और सटीकता से परिपूर्ण रहीं। दो दिवसीय आयोजन का एक विशेष आकर्षण जल तरंग की प्रस्तुति रही, जिसने दर्शकों को एक दुर्लभ और यादगार संगीत अनुभव प्रदान किया। प्रतिभागियों की प्रस्तुतियों का मूल्यांकन करने तथा उनका उत्साहवर्धन करने के लिए कानपुर, वाराणसी, प्रयागराज, लखनऊ और चंडीगढ़ से प्रतिष्ठित निर्णायक एवं शास्त्रीय कला विशेषज्ञ पहुंचे। उनकी उपस्थिति, मार्गदर्शन और सहयोग ने कार्यक्रम की सफलता में महत्वपूर्ण योगदान दिया। क्लासिकल वॉइस ऑफ अवध 2026 ने युवा संगीत एवं नृत्य साधकों को प्रतिष्ठित विशेषज्ञों और कला-प्रेमी दर्शकों के समक्ष अपनी प्रतिभा प्रस्तुत करने का एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान किया। इस आयोजन ने भारतीय शास्त्रीय परंपराओं के संरक्षण, उभरती प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देने और युवा पीढ़ी को देश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने के प्रति तीनों आयोजक संस्थाओं की साझा प्रतिबद्धता को पुनः स्थापित किया।

# शास्त्रीय संगीत व नृत्य की परंपराओं से रूबरू हुए लोग

## भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय में दीक्षारम्भ 2026 का भव्य आयोजन






**लखनऊ।** भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय, लखनऊ एवं स्पिक मैके के संयुक्त तत्वावधान में विश्वविद्यालय के नवप्रवेशित विद्यार्थियों हेतु दीक्षारम्भ 2026 कार्यक्रम का आयोजन आज 25 जुलाई को विश्वविद्यालय परिसर स्थित कलामंडपम प्रेक्षागृह में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. मांडवी सिंह, पद्मश्री से सम्मानित प्रख्यात सितार वादक शाहिद परवेज, स्पिक मैके के प्रदीप नारायण श्रीवास्तव, विभागाध्यक्ष (गायन) प्रो. सृष्टि माथुर, विभागाध्यक्ष (तालवाद्य) डॉ. मनोज कुमार मिश्रा एवं विभागाध्यक्ष (नृत्य) ज्ञानेन्द्र दत्त बाजपेयी द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर किया गया। यह आयोजन राष्ट्रीय शिक्षा नीति के उद्देश्यों के अनुरूप विद्यार्थियों के समग्र विकास, भारतीय ज्ञान परंपरा के संरक्षण तथा कला एवं संस्कृति के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देने हेतु आयोजित किया गया। इस श्रृंखला के माध्यम से विद्यार्थियों को भारतीय शास्त्रीय संगीत एवं नृत्य की उत्कृष्ट परंपराओं से सीधे जुड़ने का अवसर प्राप्त हो रहा है।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण पद्मश्री उस्ताद शाहिद परवेज का अद्वितीय सितार वादन रहा। उन्होंने अपने वादन की शुरूआत राग शुद्ध सारंग से की तथा विविध प्रस्तुतियों के पश्चात राग पीलू के साथ समापन किया। उनके साथ तबले पर पंडित शुभ ज्योति गुहा ने प्रभावशाली संगत दी। प्रस्तुति के दौरान उस्ताद शाहिद परवेज ने विद्यार्थियों के साथ संवाद एवं प्रश्नोत्तर सत्र भी किया, जिसमें उन्होंने रियाज, साधना और कलाकार के भीतर निहित माधुर्य के महत्व पर विशेष प्रकाश डाला। उन्होंने यह भी कहा कि माधुर्य कलाकार में होता है, कला में नहीं तथा संगीत में रसों की भूमिका को सरल एवं प्रभावी ढंग से समझाया। विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. मांडवी सिंह ने बताया कि विश्वविद्यालय का उद्देश्य केवल शैक्षणिक ज्ञान प्रदान करना ही नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के भीतर भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों, अनुशासन एवं सृजनात्मकता का विकास करना भी है। उन्होंने नवप्रवेशित विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए उन्हें नियमित साधना, गुरु-परंपरा के प्रति सम्मान एवं कला के प्रति समर्पण की भावना विकसित करने हेतु प्रेरित किया। विश्वविद्यालय के कुलसचिव एस. पी. सिंह ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यार्थियों के सर्वांगीण व्यक्तित्व विकास में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने आश्वस्त किया कि विश्वविद्यालय प्रशासन विद्यार्थियों को उत्कृष्ट शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक वातावरण प्रदान करने के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम के संयोजक विश्वविद्यालय के नृत्य विभागाध्यक्ष ज्ञानेन्द्र दत्त बाजपेयी रहे।

# शहीद परिवारों को किया गया सम्मानित

**लखनऊ।** पर्वतीय महापरिषद, लखनऊ द्वारा आज पर्वतीय महापरिषद भवन, में कारगिल विजय दिवस की पूर्व संध्या पर श्रद्धांजलि समारोह एवं कैण्डिल मार्च का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुये उनके शौर्य को नमन किया। मुख्य अतिथि सेवा निवृत्त मेजर जनरल (डॉ0) राजीव पंत सेना मेडल द्वारा इस अवसर पर वीर नारियों को सम्मानित किया गया जिनमें शहीद हरेन्द्र सिंह देवपा की पत्नी श्रीमती नन्दी देवी, शहीद लक्ष्मण सिंह की पत्नी श्रीमती शान्ती देवी, शहीद अमरजीत कुमार की पत्नी शोभा देवी व शहीद दर्शन पाल की पत्नी आनन्दी देवी पाल को सम्मानित किया गया।

# लिप्पन आर्ट कार्यशाला का आयोजन

लखनऊ। आर्टेलिया इंस्टीट्यूट ऑफ फाइन आर्ट में दो दिवसीय लिप्पन आर्ट कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसका उद्घाटन 25 जुलाई को हुआ और समापन 26 जुलाई को सम्पन्न होगा। कार्यशाला का उद्देश्य प्रतिभागियों को पारंपरिक लिप्पन कला की तकनीकों से परिचित कराना तथा उनके रचनात्मक कौशल का विकास करना है। कार्यशाला में प्रतिभागियों को लिप्पन आर्ट के इतिहास, डिजाइन निर्माण, रिलीफ वर्क, मिरर वर्क एवं फिनिशिंग की व्यावहारिक जानकारी दिया जा रहा है । प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक अपनी कलाकृतियाँ तैयार कर भारतीय लोक कला की समृद्ध परंपरा को सृजनात्मक रूप में प्रस्तुत कर रहे हैं। कार्यशाला में पूरे लखनऊ जनपद के विभिन्न हिस्सों से प्रतिभागियों ने उत्साह से हिस्सा लिया है। कार्यशाला के संयोजक राहुल गौतम हैं। प्रशिक्षकों में सुजाता, अंशु, सुमेधा एवं रिया ने प्रतिभागियों का मार्गदर्शन कर रहे हैं। संस्थान के निदेशक अरेंद्र चौधरी ने कहा कि संस्थान का उद्देश्य पारंपरिक एवं समकालीन कला के संरक्षण के साथ गुणवत्तापूर्ण कला शिक्षा प्रदान करना है।

# गुरु ग्रंथ साहिब के तीन पावन स्वरूप श्रद्धापूर्वक संगत को किए गये समर्पित



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** गुरुद्वारा बाबा चंद, गोविंद नगर, कानपुर से आज पाँच प्यारों की अगुवाई में श्रद्धालु संगत श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के तीन पावन स्वरूप लेने के लिए गुरुद्वारा आलमबाग, लखनऊ पहुँची। गुरुद्वारा साहिब पहुँचने पर विधिवत मयार्दा के अनुसार सर्वप्रथम साथ लाए गए तीनों पावन स्वरूपों को गुरुद्वारा साहिब में श्रद्धापूर्वक विराजमान कराया गया। इसके उपरांत अरदास एवं गुरु का अटूट लंगर सम्पन्न हुआ। लंगर सेवा के पश्चात संगत को नए तीन पावन स्वरूप पूर्ण सम्मान एवं मयार्दा के साथ भेंट किए गए, जिन्हें संगत अपने निर्धारित गुरुद्वारों के लिए लेकर रवाना हुई। इस अवसर पर गुरुद्वारा आलमबाग के अध्यक्ष सरदार निर्मल सिंह ने बताया कि गुरुद्वारा आलमबाग में शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एस.जी.पी.सी.) के सहयोग तथा सरदार जतिन्दर सिंह उप्पल के विशेष प्रयासों से अब तक 150 पावन स्वरूप उपलब्ध कराए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि इसी सेवा के माध्यम से पूरे उत्तर प्रदेश में विभिन्न गुरुद्वारों एवं संगत को गुरु ग्रंथ साहिब जी के पावन स्वरूप निःशुल्क उपलब्ध कराने की सेवा निरंतर जारी है। उन्होंने कहा कि गुरु घर की यह सेवा सिख पंथ की मयार्दा, श्रद्धा एवं मानवता की भावना को सुदृढ़ करने का माध्यम है। उन्होंने संगत एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए विश्वास जताया कि भविष्य में भी यह पावन सेवा इसी प्रकार निरंतर चलती रहेगी। समिति के निम्नलिखित सदस्य उपस्थित रहे।

# व्यंग्य के सिरमौर थे गोपाल चतुर्वेदी : राजेश अरोरा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** राजधानी की प्रतिष्ठित साहित्यिक एवं सांस्कृतिक संस्था बिम्ब कला केन्द्र द्वारा स्थानीय प्रेस क्लब सभागार में संस्था के पूर्व मुख्य संरक्षक एवं सुविख्यात व्यंग्यकार गोपाल चतुर्वेदी की प्रथम पुण्यतिथि पर समय के सारथी गोपाल कार्यक्रम का आयोजन कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन तथा गोपाल चतुर्वेदी द्वारा रचित एवं सुप्रसिद्ध सितारवादक पंडित रविशंकर द्वारा संगीतबद्ध गीत जय देश भारत भारती की प्रस्तुति के साथ हुआ। बिम्ब कला केन्द्र के महासचिव अशोक बिसारिया ने गोपाल चतुर्वेदी की चर्चित व्यंग्य रचना ढोल ही ढोल का प्रभावशाली पाठ किया। वरिष्ठ साहित्यकार श्याम मिश्र ने कहा कि गोपाल चतुर्वेदी अत्यंत सरल, संवेदनशील और आत्मीय व्यक्तित्व के धनी थे। वे अपने से बड़ों को पूरा सम्मान तथा छोटों को भरपूर स्नेह देते थे। संस्था के मुख्य संरक्षक एवं सुप्रसिद्ध व्यंग्यकार सूर्यकुमार पांडेय ने उनके साहित्यिक अवदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गोपाल चतुर्वेदी ने अपने समय की विसंगतियों पर लिखते हुए भी ऐसा साहित्य रचा, जो केवल सामयिक नहीं, बल्कि शाश्वत है। यही कारण है कि उनके व्यंग्य आज भी कालजयी हैं। बिम्ब कला केन्द्र के संस्थापक एवं वरिष्ठ साहित्यकार राजेश अरोरा 'शलभ' ने अपनी गजल– व्यंग्य के सिरमौर थे गोपाल जी, दिलों के चितचोर थे गोपाल जी... की प्रस्तुति देकर उपस्थित श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। अध्यक्षता करते हुए लखनऊ विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति जी.बी. पटनायक कहा कि गोपाल जी बेहद संवेदनशील एवं उच्चकोटि का व्यंग्यकार थे । उन्होंने कहा कि गोपाल चतुर्वेदी का निधन न केवल हिंदी व्यंग्य साहित्य की अपूरणीय क्षति है, बल्कि हम सभी के लिए भी व्यक्तिगत रूप से एक बड़ी क्षति है।

कार्यक्रम के अंत में बिम्ब कला केन्द्र के कार्यकारी अध्यक्ष प्रदीप वार्ष्णेय ने सभी अतिथियों एवं उपस्थित जनों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन संस्था के अध्यक्ष महेश पांडेय ने किया।

इस अवसर पर बिम्ब कला केन्द्र के सदस्यों के अतिरिक्त नगर के अनेक प्रतिष्ठित साहित्यकार, कलाकार तथा गोपाल चतुर्वेदी के लखनऊ में निवासरत परिजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। प्रमुख रूप से सुप्रसिद्ध शास्त्रीय गायिका सुनीता झिंगरन, लोक गायिका पद्मा गिडवानी, भातखंडे संगीत विश्वविद्यालय की पूर्व कुलपति डॉ. पूर्णिमा पांडेय, सेवानिवृत्त आई.पी.एस. अरविंद चतुर्वेदी, जया चतुर्वेदी, बिरजू महाराज कथक संस्थान की अध्यक्ष कुमकुम धर, हिंदी संस्थान की संपादक अमिता दुबे, साहित्यकार एवं समीक्षक हरि कृष्ण वाजपेयी 'माधव', डॉ. डी.एन. लाल, डॉ. मनोरमा लाल, अशोक भार्गव सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे। सभी ने वरिष्ठ व्यंग्यकार गोपाल चतुर्वेदी को श्रद्धासुमन अर्पित किए।


# कार्यालय नगर पालिका परिषद, बहराइच

पत्रांकः 195/15वां वि०आ० (टा.ग्रांट.)/नि.कार्य/ई-टेंडर/2026-27 दिनांक : 20 जुलाई, 2026

**प्रस्ताव आमंत्रण सूचना**

नगरपालिका परिषद, बहराइच द्वारा टाइड़ ग्रांट के अन्तर्गत नगर क्षेत्र में कराये जाने वाले कार्यो के सम्बंध में 15वां वित्त आयोग की संस्तुतियों के अधीन निदेशक स्थानीय निकाय उ.प्र. लखनऊ के पत्र सं.-8/5254/320(4) 15वां वि. आ./2024.25 दिनांक 28 अक्टूबर, 2024 प्रथम किश्त के रूप में आवंटित धनराशि रू. 46194540.00 एंव पत्र सं.-8/5348/320(3)/15वां वि.आ./2023-24 दिनांक 26.11.2024 द्वितीय किश्त के रूप में आवंटित धनराशि रू. 46194552.00 कुल प्राप्त धनराशि रू. 92389092.00 से पेयजल व्यवस्था वर्षा जल संचयन मद में क्रमांक-20 पर 20000 लीटर सोडियम हाइपोक्लोराइट क्रय की स्वीकृति जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में गठित जिला स्तरीय समिति की बैठक दिनांक 14.02.2026 में प्रदान कर दी गयी है। निम्न विवरण के अनुसार 20000 लीटर सोडियम हाइपोक्लोराइट क्रय करने हेतु जी.एस.टी. पंजीकृत फर्मों से प्रतिशत दर के आधार पर निम्नलिखित नियम व शर्तों के अधीन निविदा आमन्त्रित की जाती है। उक्त अवधि में ही ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निविदायें ई-टेण्डर पोर्टल http://etender-up-nic-in पर डाउनलोड करके दिनांक 05 अगस्त, 2026 को अपरान्ह 03.00 बजे तक अपलोड की जा सकती है। जिसकी वित्तीय निविदायें दिनांक 05 अगस्त, 2026 को अपरान्ह 04.00 बजे आनलाइन खोली जायेगी। सम्बन्धित निविदा सूचना नगर पालिका परिषद, बहराइच की वेब साइट www.bahraichnpp.in पर उपलब्ध है। सशर्त निविदा स्वीकार नही की जायेगी। कार्य का विवरण, अनुमानित लागत, धरोहर धनराशि /जमानत धनराशि, निविदा मूल्य सहित विवरण निम्नवत है :

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (18 प्रतिशत जी.एस.टी. रहित) | 10 प्रतिशत धरोहर जमानत धनराशि | निविदा मूल्य | निविदा मूल्य पर 18 % GST | ई-टेंडरिंग शुल्क | निविदा प्रपत्र का कुल मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 20000 लीटर सोडियम हाइपोक्लोराइट की आपूर्ति | रु. 9,32,200.00 | रु. 93500.00 | रु. 950.00 | रु. 171.00 | रु. 250.00 | रु.1,371.00 |

**नियम व शर्तें -:**

1. ई-निविदादाता द्वारा उक्त कार्य की घरोहर राशि/जमानत धनराशि एंव निविदा मूल्य की धनराशि को अलग-अलग नगर पालिका परिषद बहराइच के इण्डियन बैंक शाखा डिगिहा स्थित खाता संख्या 50383894033 IFSC Code IDIB000C601 में आर०टी०जी०एस नेफ्ट के माध्यम से अथवा एफ०डी०आर०/टी०डी०आर०/एन०एस०सी० के रूप में जमा करके जमा रसीद/ यू.टी.आर नम्बर ई-निविदा पोर्टल पर निविदा के साथ अपलोड करना अनिवार्य है।
2. ठेकेदार/फर्म का जी०एस०टी० में एवं श्रम विभाग में पंजीकरण होना अनिवार्य है।
3. अन्य नियमों व शर्तों की विस्तृत जानकारी के पालिका के जलकल अनुभाग में निर्धारित अवधि में की जा सकती है।

**अधिशासी अधिकारी**
**न.पा.परि.**
**बहराइच**

**अध्यक्ष**
**न.पा.परि.**
**बहराइच**

संक्षेप

## पशु लदे वाहन छोड़ कर भागे तस्कर

आजमगढ़। अतरौलिया थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर शुक्रवार की रात को अकबेलपुर अंडरपास के समीप वाहनों की चेकिंग कर रही थी। उसी दौरान पुलिस को देखकर पिकअप के चालक टोल प्लाजा का बैरियर तोड़ दिया। कुछ दूर जाने के बाद पिकअप पर सवार दो पशु तस्कर पिकअप छोड़कर भाग गए। पुलिस ने पिकअप पर लदे पांच बैल, फरार पशु तस्कर का एक एंड्रॉयड मोबाइल भी बरामद किया। बरामद गोवंशों को पुलिस ने सुरक्षित गौशाला भेज दिया गया, जहां पशु चिकित्सकों की निगरानी में उनका परीक्षण कराया गया। पुलिस ने वाहन को कब्जे में लेकर फरार आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

## आशिनी देव ने एथलेटिक मीट-2026 प्रतियोगिता में बढ़ाया मान

आजमगढ़। जनपद की प्रतिभाशाली एथलीट आशिनी देव यादव ने ग्रेटर नोएडा में आयोजित सीआईएससीई रीजनल गर्ल्स एथलेटिक मीट-2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर आजमगढ़ का नाम रोशन किया है। ज्योति निकेतन स्कूल की छात्रा और सामाजिक न्याय एवं बाल भवन केंद्र, आजमगढ़ के निदेशक रामजनम यादव की पुत्री आशिनी ने वाराणसी जोन का प्रतिनिधित्व करते हुए व्यक्तिगत और टीम स्पर्धाओं में कुल चार पदक अपने नाम किए। इससे पहले वाराणसी स्थित सेंट बाल्यूल्यू में 14-15 मई को आयोजित अंडर-17 एथलेटिक्स प्रतियोगिता में आशिनी ने 100 मीटर, 200 मीटर और 400 मीटर दौड़ में दो स्वर्ण और एक रजत पदक जीतकर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए स्थान बनाया था। ग्रेटर नोएडा में 21-22 जुलाई को आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में आशिनी ने 200 मीटर और 400 मीटर दौड़ में कांस्य पदक हासिल किए। वहीं 4100 मीटर रिले में उनकी टीम ने स्वर्ण पदक तथा 4400 मीटर रिले में रजत पदक जीता। उनके इस शानदार प्रदर्शन से विद्यालय, वाराणसी जोन और आजमगढ़ जनपद का गौरव बढ़ा है। प्रतियोगिता से लौटने पर विद्यालय परिवार, प्रशिक्षकों, अभिभावकों और खेल प्रेमियों ने आशिनी देव यादव को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य और राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन की शुभकामनाएं दीं।

## जलप्रपात में स्नान के दौरान युवक डूबा, शव बरामद

लालगंज, मीरजापुर। थाना क्षेत्र के कुशियरा जलप्रपात में स्नान के दौरान 27 वर्षीय रोहित यादव की गहरे पानी में डूबने से मृत्यु हो गई, शनिवार को पुलिस ने शव को बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। विंध्याचल थाना क्षेत्र के कलना गांव निवासी अनिल कुमार यादव का एकलौता पुत्र 27 वर्षीय रोहित यादव शुक्रवार को दोपहर घर से कुशियरा जलप्रपात में पिकनिक के लिए आया था। शनिवार को चरवाहों ने देखा की एक व्यक्ति का शव कुशियरा जलप्रपात के पानी में उतराया था। इसकी जानकारी पुलिस को मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पानी से बाहर निकाला और शिनाख्त होने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया, रोहित यादव एक बहन और अकेला भाई व अविवाहित था। रोहित का शव मिलते ही स्वजनों में कोहराम मच गया। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक वेद प्रकाश पाण्डेय ने बताया कि रोहित यादव का शव पानी में पड़ा था। उसके शरीर पर सिर्फ अंडरवियर था। उन्होंने बताया कि प्रथमदृष्टया डुबने से मृत्यु होना प्रतीत होता है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। रिपोर्ट आने पर मौत की कारण स्पष्ट होगी।

## शॉर्ट सर्किट से अधिवक्ता के मकान में लगी आग

जौनपुर। शहर के कलेक्ट्रेट कचहरी के समीप स्थित दीवानी न्यायालय के अधिवक्ता संतोष श्रीवास्तव के मकान में शनिवार को शॉर्ट सर्किट के कारण अचानक आग लग गई। आग लगते ही आसपास के क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई और स्थानीय लोगों ने तत्काल इसकी सूचना दमकल विभाग को दी। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और अग्निशमन कर्मियों ने तेजी से कार्रवाई करते हुए आग पर समय रहते काबू पा लिया। आग पर शीघ्र नियंत्रण पा लेने के कारण कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ और न ही किसी के हताहत होने की सूचना है। आग से घर में रखे कुछ सामान के नुकसान की आशंका जताई जा रही है। प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। समय पर दमकल विभाग की कार्रवाई से एक बड़ी दुर्घटना टल गई।

# डीएम व एसपी ने नरौर बार्डर व विन्ध्याचल पक्का घाट का किया निरीक्षण



जिला संवाददाता(vol)

मीरजापुर। श्रावण मास में कांवड़ियों की जन सुविधाओं व सुरक्षा के दृष्टिगत जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार व पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौषिक ने नरौर बार्डर तथा विन्ध्याचल पक्का घाट का संयुक्त निरीक्षण किया।

जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने गोपीगंज-मीरजापुर के नरौर पर बनाए गए बैरियर और चेक पोस्ट का निरीक्षण किया। उन्होंने यातायात व्यवस्था, बैरिकेडिंग, सीसीटीवी कैमरे और पुलिस बल की तैनाती की स्थिति देखी। अधिकारियों को निर्देश दिए कि बार्डर पर 24 घंटे पुलिस और राजस्व की टीम तैनात रहे। कांवड़ियों के लिए पेयजल, छाया, प्राथमिक उपचार और शौचालय की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी ने विन्ध्याचल पक्का घाट का निरीक्षण किया। उन्होंने घाट की सफाई, गोताखोरों की तैनाती, लाइफ जैकेट, रस्सी और नावों की उपलब्धता जांची। जिलाधिकारी ने कहा कि श्रावण में बड़ी संख्या में श्रद्धालु गंगा स्नान के लिए आते हैं। इसलिए घाट पर पर्याप्त रोशनी, चेतावनी बोर्ड और मजिस्ट्रेट की ड्यूटी लगाई जाए। खतरनाक स्थानों को चिन्हित कर वहां बैरिकेडिंग की जाए। पुलिस अधीक्षक ने थानाध्यक्षों को निर्देश दिया कि कांवड़ यात्रा मार्गों पर गष्त बढ़ाई जाए। डीजे की ध्वनि सीमा का पालन कराया जाए और असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखी जाए। निरीक्षण के दौरान नगर मजिस्ट्रेट अविनाष सिंह, अधिषासी अधिकारी नगर पालिका परिषद मीरजापुर गोवा लाल सहित उपस्थित रहें।

## समाधान दिवसः मंडलायुक्त ने सुनीं जनसमस्याएं

मीरजापुर। शासन के निदेर्शानुसार जनपद के सभी थाना, कोतवाली में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। कोतवाली कटरा में मंडलायुक्त राजेश प्रकाश ने फरियादियों की समस्याएं सुनकर संबंधित अधिकारियों को प्राप्त जन शिकायतों के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। मंडलायुक्त ने कहा कि सरकार की मंशा है कि जनता की छोटी-छोटी समस्याएं उनके दरवाजे पर ही सुलझ जाएं। थाना समाधान दिवस इसी उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने अधिकारियों को संवेदनशीलता और पारदर्शिता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। इस दौरान भूमि विवाद, कब्जा, चकमार्ग, नाली, और पारिवारिक विवाद से जुड़ी शिकायतें प्राप्त हुईं। अधिकांश मामले भूमि विवाद से संबंधित थे। मंडलायुक्त ने कहा कि भूमि विवाद के मामलों में तनाव पैदा होता है। ऐसे मामलों में किसी भी पक्ष के साथ अन्याय न हो। उन्होंने राजस्व और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम को निर्देश दिया कि वे मौके पर जाकर दोनों पक्षों को सुनें और संतुष्टिपूर्ण समाधान कराएं। विवादित जमीन की पैमाइश और अभिलेखों का मिलान प्राथमिकता से किया जाए। मंडलायुक्त ने पुलिस अधिकारियों से कहा कि थानों में आने वाले हर फरियादी से शालीनता से बात की जाए। जिन मामलों का निस्तारण नहीं हो सकता उन्हें उच्च स्तर पर भेजा जाए। इस अवसर पर संबंधित थाना प्रभारी मौजूद रहे। राजस्व कर्मी उपस्थित रहे।

## 20 प्रार्थना पत्रों में महज चार प्रार्थना पत्रों का हुआ मौके पर निस्तारण

मीरजापुर। लालगंज थाना परिसर में समाधान दिवस पर अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत सुरेंद्र कुमार व थाना प्रभारी वेद प्रकाश पांडे की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। फरियादियों द्वारा कुल 20 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें चार प्रार्थना पत्रो का मौके पर निस्तारण किया गया तथा तीन प्रार्थना पत्र के निस्तारण हेतु राजस्व एवं पुलिस टीम रवाना हुई शेष बचे हुए प्रार्थना पत्रों के निस्तारण हेतु राजस्व एवं पुलिस टीम गठित कर निस्तारण करने का निर्देश दिया गया। फरियादी दुहउआ विंध्याचल हाल मुकाम रामपुर मड़वा ने प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया की हमारी भूमि पर दबंगों द्वारा कब्जा कर जोता बोया जा रहा है जांच करा कर रोका जाए ।बामी गांव निवासी अमीर पुत्र शमसुद्दीन ने प्रार्थना पत्र देकर प्राथमिक दर्ज कराये जाने की मांग की। तिलाव राजा निवासी ग्रामीणों ने चकरोड अतिक्रमण को लेकर मांग की गई की खाली कराया जाए। रेही निवासी शीला देवी पत्नी अशोक कुमार प्रार्थना पत्र देकर प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की गई। इस अवसर पर वरिष्ठ एस आई अनिलेश द्विवेदी, ब्रह्मदेव पांडे ,चंद्रधर द्विवेदी, राजस्व निरिक्षक एवं लेखपाल मौजूद रहे।

# अखिलेश यादव ने दिवंगत विधायक आलम बदी आजमी को दी श्रद्धांजलि



- परिजनों से मिलकर जताया शोक, युवाओं के मुद्दों और शिक्षा व्यवस्था पर सरकार को घेरा

जिला संवाददाता(vol)

आजमगढ़। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव शनिवार को आजमगढ़ पहुंचे। उन्होंने शहर के कुर्मी टोला स्थित दिवंगत सपा विधायक आलम बदी आजमी के आवास पर पहुंचकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की तथा शोकाकुल परिवार से मुलाकात कर संवेदना व्यक्त की।

इस दौरान उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी अपने नेताओं और कार्यकताओं के परिवारों के साथ हर सुख-दुख में खड़ी रहती है और आगे भी पूरा सहयोग करती रहेगी। श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद मीडिया से बातचीत में अखिलेश यादव ने हाल के राजनीतिक घटनाक्रम और धर्मेन्द्र प्रधान के इस्तीफे पर कहा कि यह श्जेन जीश की बड़ी जीत है और डरी हुई सरकार आखिरकार झुक गई है। अब उसके जाने का वक्त आ गया है। उन्होंने कहा कि युवाओं के संघर्ष और एकजुटता के कारण सरकार को अपना रुख बदलना पड़ा। उनके अनुसार यदि सरकार को निर्णय बदलना ही था तो पहले ही छात्रों से संवाद स्थापित करना चाहिए था, जिससे अनावश्यक तनाव और आंदोलन की स्थिति पैदा नहीं होती। उन्होंने कहा कि पेपर लीक जैसे मामलों ने लाखों युवाओं के भविष्य को प्रभावित किया है। केवल एक निर्णय लेने से समस्या का समाधान नहीं होगा, बल्कि भर्ती और परीक्षा प्रणाली को पूरी तरह पारदर्शी, जवाबदेह और भरोसेमंद बनाना होगा ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। दिल्ली में छात्रों के प्रदर्शन और पुलिस कार्रवाई का उल्लेख करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी लोकतांत्रिक तरीके से अपनी बात रखने वाले युवाओं के साथ है। उन्होंने छात्रों पर बल प्रयोग को अनुचित बताते हुए कहा कि संवाद और संवेदनशीलता से ऐसे मामलों का समाधान होना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि यदि युवाओं के अधिकारों, रोजगार और निष्पक्ष परीक्षा व्यवस्था की मांग उठाना राजनीति है, तो समाजवादी पार्टी ऐसी राजनीति करती रहेगी और युवाओं के हितों की आवाज उठाती रहेगी।

# छात्रों पर लाठीचार्ज के खिलाफ भीम आर्मी का प्रदर्शन



जौनपुर। प्रतियोगी परीक्षाओं में पेपर लीक और दिल्ली के जंतर-मंतर पर छात्रों पर हुए लाठीचार्ज के विरोध में शनिवार को भीम आर्मी ने जौनपुर में प्रदर्शन किया। जिलाध्यक्ष एसपी मानव के नेतृत्व में कार्यकताओं ने अंबेडकर तिराहे से कलेक्ट्रेट तक पैदल मार्च निकाला और करीब दो घंटे तक धरना देकर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग की। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट परिसर पहुंचे। धरना स्थल पर संगठन के पदाधिकारियों ने केंद्र सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए प्रतियोगी परीक्षाओं में लगातार सामने आ रहे पेपर लीक मामलों और दिल्ली में आंदोलनरत छात्रों पर हुई पुलिस कार्रवाई को लेकर विरोध जताया। जिलाध्यक्ष एसपी मानव ने कहा कि लगातार हो रहे पेपर लीक से लाखों मेहनती अभ्यर्थियों का भविष्य प्रभावित हो रहा है। उन्होंने कहा कि इससे शिक्षा व्यवस्था की विश्वसनीयता और भर्ती प्रक्रिया की निष्पक्षता पर गंभीर सवाल खड़े हुए हैं। यदि समय रहते प्रभावी कदम नहीं उठाए गए तो युवाओं का परीक्षा प्रणाली से भरोसा पूरी तरह खत्म हो जाएगा। भीम आर्मी ने मांग की कि पेपर लीक के सभी मामलों की निष्पक्ष, पारदर्शी और समयबद्ध जांच कराई जाए। पूरे नेटवर्क का खुलासा कर दोषियों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए। साथ ही भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए परीक्षा प्रणाली को अधिक सुरक्षित, पारदर्शी और तकनीकी रूप से मजबूत बनाया जाए तथा प्रभावित अभ्यर्थियों के हितों की रक्षा के लिए ठोस कदम उठाए जाएं।

## दिमागी बुखार को लेकर स्वास्थ्य विभाग अलर्ट

जौनपुर। बारिश के मौसम को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने दिमागी बुखार को लेकर लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है। जिला मलेरिया अधिकारी ने बताया कि यह बीमारी मादा क्यूलेक्स मच्छर के काटने से फैलने वाला वायरस जनित संक्रामक रोग है। यह वायरस मुख्य रूप से शूकर और जंगली पक्षियों में पाया जाता है, जहां से मच्छर के माध्यम से इंसानों तक पहुंचता है।

स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, जहां लंबे समय तक जलभराव और गंदगी रहती है, वहां इस बीमारी का खतरा अधिक होता है। बारिश के मौसम में इसके फैलने की आशंका बनी रहती है ।नोडल अधिकारी डॉ. आलोक सिंह ने बताया कि तेज बुखार, सिरदर्द, उल्टी, बेहोशी, शरीर में झटके, मानसिक भ्रम, बोलने में परेशानी, मुंह से झाग आना और गंभीर स्थिति में कोमा या लकवा जैसे लक्षण दिखाई देने पर तत्काल सरकारी अस्पताल में उपचार कराना चाहिए ।जिला मलेरिया अधिकारी सुनील कुमार यादव ने लोगों से घरों के आसपास साफ-सफाई रखने, जलभराव खत्म करने, झाड़ियां साफ कराने, मच्छरदानी का उपयोग करने, पूरी बांह के कपड़े पहनने और बच्चों का जेई टीकाकरण कराने की अपील की है। उन्होंने झोलाछाप डॉक्टरों और झाड़-फूंक से बचने की भी सलाह दी। स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि संचारी दस्तक अभियान के तहत स्वास्थ्य, नगर विकास, पंचायती राज और पशुपालन विभाग सहित कई विभाग संयुक्त रूप से सफाई, मच्छर नियंत्रण, जागरूकता और टीकाकरण अभियान चला रहे हैं, ताकि दिमागी बुखार जैसी गंभीर बीमारी पर प्रभावी नियंत्रण रखा जा सके।

# बीएसए के निरीक्षण में बच्चों का दिखा आत्मविश्वास

जिला संवाददाता(vol)



जौनपुर ।जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी समीर ने प्राथमिक विद्यालय ताहिरपुर एवं ब्लॉक संसाधन केंद्र (बीआरसी) सिकरारा का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान विद्यालय में बच्चों की शैक्षणिक उपलब्धियों और आत्मविश्वास को देखकर उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त की। वहीं बीआरसी में आयोजित एफ.एल.एन. प्रशिक्षण के दौरान शिक्षकों को गुणवत्ता पूर्ण शिक्षण के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए ।प्राथमिक विद्यालय ताहिरपुर में कक्षा 3 की अंग्रेजी की कक्षा का अवलोकन करते हुए बीएसए ने बच्चों से अंग्रेजी की पुस्तक पढ़वाई। बच्चों ने पूरे उत्साह और आत्मविश्वास के साथ पाठ पढ़ा। इसके साथ ही व्याकरण से संबंधित उनके प्रश्नों का भी बच्चों ने तत्परता से सही उत्तर दिया, जिससे बीएसए ने विद्यालय में हो रहे पठन-पाठन की सराहना की ।इसके बाद उन्होंने कक्षा 2 का निरीक्षण किया, जहाँ बच्चों से दीवार पर लगे लर्निंग पोस्टर पढ़वाए तथा हिंदी और अंग्रेजी की कविताएँ सुनाने को कहा। बच्चों ने बिना किसी झिझक के सभी प्रश्नों के उत्तर दिए और अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया ।इस अवसर पर उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष एवं प्राथमिक विद्यालय ताहिरपुर के प्रधानाध्यापक अमित सिंह, शिक्षिका आराधना उपाध्याय, मंजू जैसवार, गजाला बानो, नेहा जायसवाल, आदि उपस्थित रहे।

# गौ सम्मान आह्वान अभियान कल



जिला संवाददाता

मीरजापुर। गो सम्मान आह्वान अभियान के तहत 27 जुलाई 2026 सोमवार को सम्पूर्ण भारतवर्ष के प्रत्येक जनपद मुख्यालयों पर गो सम्मान दिवस मनाया जाना है, जिसके तहत प्रातः 8 बजे से गौ पूजन के उपरान्त सवा घण्टे विजय मंत्र श्रीराम जय राम जय जय राम का संकीर्तन होगा। तदोपरांत भव्य शोभा यात्रा निकलेगी। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य सम्पूर्ण भारतवर्ष में भारतीय गोवंश (वेदलक्षणा) के लिए एक समान कानून लागू हो, गौ हत्या पूर्ण रूपेण प्रतिबंधित हो ,पृथक गौ मंत्रालय बने,गौ आधारित शिक्षा, गो आधारित चिकित्सा, गौ आधारित कृषि एवं गो आधारित अर्थ व्यवस्था हो तभी भारतवर्ष विश्व गुरु स्थापित हो सकेगा, क्योंकि ऐतिहासिक साक्ष्य है कि जब भारतवर्ष में उपरोक्त व्यवस्था लागू थी तो भारत विश्व गुरु एवं सबसे समृद्ध देश था। इसी तरह के गो रक्षार्थ बहुआयामी मांगो के साथ यह अभियान विगत छः माह से चल रहा है जिसके तहत प्रथम चरण में 27 अप्रैल 2026 को देशभर के 5000 से अधिक तहसील मुख्यालयो पर एक साथ ज्ञापन देने का कार्यक्रम किया गया था। जिसे सबसे शांतिपूर्ण ढंग से ज्ञापन देने का गौरव हासिल हुआ। आगामी 27 जुलाई को मीरजापुर बलदाऊ मंदिर भरूहना निकट पटेल चौराहा में अधिक से अधिक गो भक्त, संत, वैष्णव, मातृ शक्तिया, आम जनमानस एकत्रित होकर संकीर्तन करेंगे तदुपरान्त शोभा यात्रा बलदाऊ मंदिर से होकर पटेल चौराहा से बिनानी कालेज रोड के रास्ते से होकर तहसील चौराहा, पुलिस लाइन, रमईपट्टी से होकर जिलाधिकारी महोदय के कार्यालय तक जाएगी।

इस अभियान के अध्यक्ष साक्षात प्रत्यक्ष नंदी बाबा एवं संरक्षिका सुरभि गौमाता है सभी लोग इस अभियान के सेवक हैं। यह अभियान किसी व्यक्ति, किसी संस्था, किसी संगठन विशेष के द्वारा संचालित नहीं है, जो स्वयं को गौ पुत्र मानता है वह इस अभियान का मुख्य कार्यकर्ता है और उसी का यह अपना अभियान है। अतः सभी अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर संकीर्तन एवं शोभा यात्रा में सम्मिलित होकर पुण्य भागी दार बने एवं अभियान को सफल बनायें। इस अवसर पर संभाग प्रभारी ब्रह्मदेव त्रिपाठी, तहसील प्रभारी राज माहेश्वरी, प्रवीण, विजय ,सुनील, पवन उमर आदि लोग उपस्थित रहे।

## सपा प्रदेश अध्यक्ष के आगमन को लेकर चुनावी रणनीति पर चर्चा



लालगंज, मीरजापुर। 395 छानवे विधानसभा के सपा पदाधिकारियों की एक आवश्यक बैठक विधानसभा कार्यालय लालगंज में शनिवार दोपहर बाद संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष सोकिम अहमद झल्लू व संचालन विधानसभा महासचिव हरिशंकर यादव ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए सपा जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल का आगमन 27 जुलाई को हर्षित मैरिज लान में होगा। उनके आगमन पर सपा पदाधिकारियों ने बैठक कर चुनावी रणनीति व स्वागत को लेकर चर्चा किया। जिला अध्यक्ष ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव 2027 के लिए अभी से सभी कार्यकर्ता एक जुट होकर उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के हाथों को मजबूत करने का काम करें। अध्यक्षता कर रहे विधानसभा अध्यक्ष सोकिम अहमद झल्लू ने कहा कि अब कड़ी मेहनत का समय आ गया है। उन्होंने कार्यकताओं से गांव गांव जाकर अखिलेश यादव द्वारा पूर्व में कराये गए विकास कार्यों को लोगों तक पहुंचाने का आवाह्न किया। इस बैठक में विधानसभा अध्यक्ष सोकिम अहमद झल्लू, मुन्ना सिंह, राजकुमार, राज नारायण निराला, रविंद्र कोल, रंभा देवी, कीर्ति कोल, रमाशंकर कोल, जुम्मन खान, अभिषेक दुबे, जमुना प्रसाद गुप्ता, उग्रसेन पाल, अभिषेक कुमार दुबे, संग्राम बिंद, मुकुंद लाल यादव, अवनिंद्र कुमार दुबे, अशोक कोल, राकेश यादव, शकील अहमद, महावीर पाल, प्रकाश जैसल, आफताबआलम, राजू यादव, खुर्शीद आलम, रंगलाल, महेंद्र उपाध्याय आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## छप्पर में मिला युवक का शव, हत्या का आरोप

जौनपुर ।बदलापुर कोतवाली क्षेत्र के भलुआही गांव में शनिवार की सुबह घर के बाहर छप्पर में युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। घटना संज्ञान में आते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्यवाही में जुटी हुयी है। मिली जानकारी के मुताबिक चंद्रदीप गौतम पुत्र लाल जी गौतम का घर के बाहर छप्पर में सुबह मृत अवस्था में देखते ही परिजनों में कोहराम मच गया। देखते ही देखते वहां ग्रामीणों की भीड़ लग गयी। जानकारी होते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुये शव को पोस्टमार्टम हेतु जिला मुख्यालय भेज कर यह जानकारी जुटाने लगी कि आखिर युवक की मौत किन परिस्थितियों में हुयी है। वहीं युवक की हुयी मौत पर परिजनों का आरोप है कि मृतक की पत्नी तथा उसके मामा ने युवक की गला दबाकर हत्या की है। हालांकि पुलिस द्वारा हत्या की आधिकारिक पुष्टि नहीं की गयी है। पुलिस मामले की गंभीरता को देखते हुये समस्त पहलुओं का बारीकी से जांच कर रही है और पूछताछ के लिए मृतक की पत्नी और उसके चचेरे मामा को हिरासत में ले लिया है। इस तरह की घटित घटना से ग्रामीणों में तरह-तरह की चर्चाएं व्याप्त है।

## जागरूकता रैली के माध्यम से छात्राओं को किया जागरूक

आजमगढ़। शिब्ली नेशनल कॉलेज में महामहिम राज्यपाल के निदेशार्नुसार आनंदी मां-एक जीवन बचाओ एवं कैंसर मुक्त भारत यात्रा के तहत स्त्री वेलफेयर फाउंडेशन के समन्वय से विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज के प्राचार्य अफसर अली ने की। बी.एड. विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर मोहम्मद उजैर ने अतिथियों, शिक्षकों, पत्रकारों और छात्राओं का स्वागत किया। पूर्वांचल मीडिया प्रभारी डॉ. पूजा सिंह ने छात्राओं को सर्वाइकल कैंसर और एचपीवी वायरस के बारे में जानकारी दी। मुख्य अतिथि स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. विपिन यादव ने सर्वाइकल कैंसर के लक्षण, कारण और बचाव के उपायों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि भारत में हर वर्ष बड़ी संख्या में महिलाएं इस बीमारी से प्रभावित होती हैं, जबकि समय पर टीकाकरण और जागरूकता से इससे बचाव संभव है। उन्होंने भारत सरकार और सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया द्वारा विकसित एचपीवी वैक्सीन को प्रभावी बताते हुए निर्धारित आयु वर्ग के अनुसार टीका लगवाने की सलाह दी। कार्यक्रम के अंतर्गत कॉलेज परिसर में जागरूकता रैली भी निकाली गई। साथ ही कॉलेज की प्रथम 100 छात्राओं को निरूशुल्क एचपीवी टीका लगाए जाने की घोषणा की गई। कार्यक्रम में कॉलेज के अनेक शिक्षक, चिकित्सक, पत्रकार एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। अंत में प्रोफेसर मोहम्मद ताहिर ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## फर्जी दारोगा ने ठेले वाले से ठगा छह लाख

जौनपुर। षहर कोतवाली पुलिस ने फर्जी दरोगा के खिलाफ धोखाधड़ी कर 6 लाख रुपए का ठगी करने का मामला दर्ज किया है। बताया गया कि कोतवाली थाना क्षेत्र के मोहल्ला बलुआघाट निवासी अरविंद कुमार निषाद पुत्र केदारनाथ निषाद ने कोतवाली में तहरीर दिया कि शुभम श्रीवास्तव पुत्र अशोक कुमार श्रीवास्तव निवासी कादनपुर थाना मछलीशहर कोतवाली चैराहे पर स्थित उसके चोखा बाटी की दुकान पर अपने साथियों के साथ आया करता था। जिससे अरविंद कुमार का शुभम और साथियों से अच्छा संबंध हो गया। शुभम ने अरविंद कुमार से बताया कि वह एक एसआई है जो पैर में चोट लगने के कारण मेडिकल पर है। खाली रहने के कारण वह इस समय जमीन का कारोबार कर रहा है। उसने एक स्थान पर ले जाकर एक जमीन दिखाया जो जमीन अरविंद को पसंद आ गई। सौदा तय होने के बाद अरविंद ने आनलाइन व नगदी मिलाकर पांच लाख 62 हजार रुपएं उसे दे दिया और जब बैनामा करवाने की बात आई तो फर्जी एसआई बना शुभम अपने साथियों के साथ गायब हो गया। अरविन्द सदभावना पुल पर मौजूद था कि उसी समय शुभम श्रीवास्तव अपने पिता अशोक श्रीवास्तव व उसकी मां, साथी अमित कुमार सोनकर निवासी मझगवां थाना जलालपुर को एक ई रिक्शा पर जाते हुए देखा तो उन्हें रोकर अपना पैसा मांगने लगा। सभी ने मिलकर उसे मारा पीटा और जान से मारने की धमकी भी दी। तब से अरविंद कुमार निषाद एफआईआर लिखाने के लिए इधर उधर भटक रहा था जब वह क्षेत्राधिकारी नगर आईपीएस गोल्डी गुप्ता के यहां पहुंच कर न्याय की गुहार लगाई और शुभम श्रीवास्तव का कई फोटो जो दरोगा की वर्दी में दिखाया। क्षेत्राधिकारी ने कोतवाली पुलिस को निर्देशित किया कि एफआईआर दर्ज कर विवेचना कराई जाए।

## सपा ने वीरांगना फूलन देवी की पुण्यतिथि मनायी




जौनपुर। समाजवादी पार्टी द्वारा पूर्व सांसद एवं वीरांगना फूलन देवी की पुण्यतिथि जिलाध्यक्ष राकेश मौर्य जी की अध्यक्षता में जिला कार्यालय, सदर चुंगी, अल्फस्टीनगंज में श्रद्धापूर्वक गई ।कार्यक्रम में उपस्थित नेताओं एवं कार्यकताओं ने वीरांगना फूलन देवी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी तथा उनके संघर्षपूर्ण जीवन, सामाजिक न्याय, शोषित-वंचित एवं गरीबों के अधिकारों के लिए किए गए योगदान को स्मरण किया। अध्यक्षता कर रहे जिला अध्यक्ष ने कहा कि वीरांगना फूलन देवी जी ने समाज के कमजोर वर्गों की आवाज बुलंद करने का कार्य किया। उनका संघर्ष, साहस और सामाजिक न्याय के प्रति समर्पण आने वाली पीढ़ियों के लिए सदैव प्रेरणास्त्रोत रहेगा। समाजवादी पार्टी उनके आदर्शों पर चलते हुए सामाजिक न्याय, समानता और भाईचारे के मूल्यों को आगे बढ़ाने के लिए निरंतर कार्य करती रहेगी। विधायक पंकज पटेल, पूर्व विधायक लालबहादुर यादव, श्रद्धा यादव पूर्व मंत्री संगीता यादव, सुशील दुबे, मालती निषाद, रामकेश बिंद, रमेश साहनी, रूबी बिंद एडवोकेट, गुलाब बिंद, अशोक निषाद, कमलेश यादव, ने संबोधित किया। संचालन जिला उपाध्यक्ष श्यामबहादुर पाल ने किया।

## डीएम ने फरियादियों की सुनीं समस्याएं

मीरजापुर। शासन के निदेर्शानुसार जनता की समस्याओं को सुनकर उनके त्वरित निस्तारण हेतु जनपद के समस्त थानों पर थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार व पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक द्वारा थाना विन्ध्याचल पर आमजन की समस्याएं सुनकर त्वरित निष्तारण हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। इसी क्रम में क्षेत्राधिकारी सदर द्वारा थाना कोतवाली देहात पर, उपजिलाधिकारी द्वारा थाना चिल्ह, थाना पड़री, थाना हलिया व थाना जमालपुर पर, उप जिलाधिकारी व क्षेत्राधिकारी चुनार द्वारा थाना अदलहाट पर, उप जिलाधिकारी व क्षेत्राधिकारी ऑपरेशन द्वारा थाना मड़िहान पर, क्षेत्राधिकारी लालगंज द्वारा थाना जिगना पर सम्बन्धित प्रभारी निरीक्षकध्थानाध्यक्षगण व राजस्व विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण के साथ थाने पर आने वाले आमजन की समस्याएं सुनकर मौके पर निस्तारण कराया गया तथा शेष मामलों के निस्तारण हेतु राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम को मौके पर रवाना किया गया।

## छात्राओं को विशेषज्ञों ने दिए स्वास्थ्य परामर्श

जौनपुर। पूर्वांचल विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग एवं प्रौद्योगिकी संकाय के विद्युत अभियंत्रण विभाग में कुलपति प्रो. वंदना सिंह के नेतृत्व में ह्यमाँ-बेटी कार्यक्रमह्ल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं एवं उनकी माताओं को महिला स्वास्थ्य, पोषण, मानसिक स्वास्थ्य तथा गंभीर बीमारियों की समय रहते पहचान एवं रोकथाम के प्रति जागरूक करना था। डॉ. सरिता पाण्डेय एवं जनरल फिजिशियन डॉ. पूजा पाठक ने विशेषज्ञ के रूप में छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया तथा उन्हें महिला शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य, संतुलित पोषण, सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम, प्रारंभिक पहचान एवं समय पर उपचार के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने नियमित स्वास्थ्य जांच, संतुलित जीवनशैली तथा जागरूकता को स्वस्थ जीवन का आधार बताया ।विशेषज्ञों ने स्वास्थ्य परीक्षण के निष्कर्षों के आधार पर छात्राओं को व्यक्तिगत परामर्श भी प्रदान किया तथा मातृ स्वास्थ्य और किशोरियों के समग्र स्वास्थ्य के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं एवं उनकी माताओं ने महिला स्वास्थ्य से जुड़े विभिन्न प्रश्न पूछे, जिनका विशेषज्ञों ने वैज्ञानिक एवं व्यावहारिक समाधान प्रस्तुत किया। तकनीकी समन्वय का दायित्व डॉ. सत्यम उपाध्याय ने निभाया, जबकि संचालन विद्युत अभियंत्रण विभागाध्यक्ष प्रो. रजनीश भास्कर ने किया।

संक्षेप

## 338 ग्राम गांजे के साथ पकड़ा तस्कर

**मथुरा।** जनपद मथुरा के थाना हाईवे की मंडी चौकी पुलिस टीम ने अपराध और अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे ऑपरेशन प्रहार के तहत एक बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने मुखबिर खास की सूचना पर ट्रांसपोर्ट नगर चैराहा से 50 मीटर अंदर, ट्रांसपोर्ट नगर की तरफ से कृष्णा चाहर, पुत्र नकुल चाहर, निवासी गैस गोदाम के पास, पालीखेड़ा को अवैध मादक पदार्थ सहित रंगे हाथों दबोच लिया। अभियुक्त के कब्जे से 338 ग्राम अवैध मादक पदार्थ (गांजा) बरामद किया गया है। पुलिस ने अभियुक्त के विरुद्ध थाना हाईवे पर एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है। इस सफल कार्रवाई में पुलिस टीम में प्रभारी कपिल (प्रभारी निरीक्षक, थाना हाईवे, मथुरा) चंद्रवीर सिंह (चौकी प्रभारी मण्डी, थाना हाईवे) हैं.का. अमित भदौरिया (थाना हाईवे) का. रजत कुमार (थाना हाईवे) आदि शामिल है।

## गौ सम्मान आह्वान अभियान, विशाल यात्रा 27 को

**मथुरा।** वृन्दावन रमणरेती स्थित सुखधाम आश्रम में जगद्गुरु पीपा द्वाराचार्य स्वामी बलरामाचार्य महाराज की अध्यक्षता में गौ सम्मान आह्वान अभियान के तहत संगोष्ठी का आयोजन किया गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि 27 जुलाई को सुबह 7:30 बजे होलीगेट से यात्रा शुरू होगी। सुबह 8 बजे सेठ बी एन पोद्दार ग्राउंड पर एकत्रित होकर सभी गौभक्त संकीर्तन करते हुए सुबह 10 बजे कलेक्ट्रेट के लिए प्रस्थान करेंगे। वहां जिलाधिकारी को 21 लाख हस्ताक्षरों का ज्ञापन सौंपा जाएगा। गोपेश बाबा और संत मोहिनीशरण ने बताया कि अभियान का मुख्य उद्देश्य देश में पूर्ण गोहत्या बंदी, गौ माता को राष्ट्रमाता का दर्जा, केंद्रीय गौ सेवा मंत्रालय का गठन और गौवंश की सुरक्षा हेतु सख्त केंद्रीय कानून बनवाना है। आचार्य मृदुल कांत शास्त्री और धर्म रक्षा संघ के अध्यक्ष सौरभ गौड़ ने कहा कि वृन्दावन से हजारों संत व गौभक्त मथुरा पहुंचेंगे। स्वामी बलरामाचार्य महाराज ने गौमाता की स्थिति पर चिंता जताते हुए सरकारों पर दबाव बनाने के लिए आंदोलन को तेज करने का आव्हान किया।

## स्कूल का मुख्य रास्ता बना तालाब

**मथुरा।** कस्बा चौमुहां में हल्की बारिश भी लोगों के लिए भारी पड़ रही है। स्कूल जाने वाला मुख्य मार्ग इन दिनों जलभराव की वजह से तालाब का रूप ले लेता है। जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने और जर्जर हो चुके खरंजे पर जगह-जगह बने गड्ढों में पानी भर जाने से छात्र-छात्राओं, अभिभावकों और राहगीरों को रोजाना जान जोखिम में डालकर आवागमन करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार, वर्षों से इस मार्ग पर जलभराव की समस्या बनी हुई है। बारिश के बाद सड़क पर गंदा पानी जमा हो जाता है, जिससे दोपहिया वाहन चालकों के फिसलने और दुर्घटना होने का खतरा बना रहता है। छोटे-छोटे बच्चों को पानी से होकर स्कूल पहुंचना पड़ता है। कई बार गड्ढों में पानी भर जाने के कारण राहगीर चोटिल भी हो चुके हैं। क्षेत्रवासियों का कहना है कि समस्या को लेकर कई बार संबंधित विभाग और प्रशासन से शिकायत की गई, लेकिन अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं हो सका। जलभराव के कारण आसपास दुर्गंध फैल रही है और मच्छरों का प्रकोप बढ़ने से संक्रामक बीमारियों का खतरा भी मंडरा रहा है।

# मथुरा में सपनों की नयी उड़ान

## स्कूलों का नया सवेरा व वृहद पौधरोपण महायज्ञ आयोजित



जिला संवाददाता (vol)

**मथुरा।** पाञ्चजन्य प्रेक्षागृह में आज जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों के परिषदीय विद्यालयों में छात्र-छात्राओं के बैठने हेतु डेस्क एवं बेंच की आपूर्ति तथा वृहद वृक्षारोपण महायज्ञ 2026 के अंतर्गत सपनों की नई उड़ान, स्कूलों का नया सवेरा एवं आओ लौटाएं ब्रज की हरियाली कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद हेमा मालिनी रहीं, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में बल्देव के विधायक पूरन प्रकाश और मांट के विधायक राजेश चैधरी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों, जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह और मुख्य विकास अधिकारी डॉ. पूजा गुप्ता द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। जनपद के 663 असंतृप्त परिषदीय विद्यालयों में 14,060 डेस्क-बेंच की आपूर्ति कर शत-प्रतिशत संतृप्तिकरण किया गया है। इससे विद्यालयों में अध्ययनरत 57,328 विद्यार्थी लाभान्वित हुए हैं। एक पेड़ माँ के नाम और वृक्षारोपण महाभियान 2026 के तहत जनपद की 101 ग्राम पंचायतों में मियावाकी जापानी तकनीक से लाडली वन विकसित किए गए हैं। जिलाधिकारी ने आगामी समय में 495 ग्राम पंचायतों में ऐसे वन लगाने का लक्ष्य रखा है। सांसद श्रीमती हेमा मालिनी ने जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह की इस पहल की सराहना करते हुए इसे बच्चों को समान अवसर प्रदान करने वाला और पर्यावरण संरक्षण में मील का पत्थर बताया। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने मियावाकी पद्धति के लाभ बताते हुए कहा कि इससे कम स्थान में देशी पौधों का सघन रोपण होता है, जो तेजी से विकसित होकर घने वन का रूप लेते हैं और पर्यावरण, भूजल तथा वायु गुणवत्ता में सुधार करते हैं। गोवर्धन विकास खंड की ग्राम पंचायत अडींग एवं सोसा की ज्ञान ज्योति डिजिटल लाइब्रेरी से पढ़कर उपनिरीक्षक के पद पर चयनित युवाओं को माननीय अतिथियों द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मियावाकी पद्धति से लाडली वन लगाने वाले, विद्यालयों में अत्यधिक फर्नीचर आपूर्ति कराने वाले 10-10 प्रशासकों व सचिवों, तथा विकास खंड स्तर के उत्कृष्ट अधिकारियों (सहायक विकास अधिकारी, खंड विकास अधिकारी एवं खंड शिक्षा अधिकारी) को मंच पर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी गणमान्य अतिथियों को लाडली वन से संबंधित स्मृति चिन्ह भेंट किए गए। इस दौरान डीएफओ वेंकट श्रीकर पटेल, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व डॉ. पंकज कुमार वर्मा, अपर जिलाधिकारी प्रशासन डॉ. अमरेश कुमार सहित कई प्रमुख अधिकारी और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## कमला नगर से दो छात्र लापता, परिजनों में मचा कोहराम, पुलिस अलर्ट

**आगरा।** आगरा के कमला नगर स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के कक्षा नौ के दो छात्रों के रहस्यमय ढंग से लापता होने से परिवारों में हड़कंप मच गया है। दोनों छात्र गुरुवार दोपहर स्कूल की छुट्टी के बाद घर के लिए निकले थे, लेकिन देर शाम तक वापस नहीं लौटे। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर ली है और उनकी तलाश के लिए विशेष अभियान शुरू कर दिया है। पुलिस की शुरूआती जांच में दोनों छात्रों की आखिरी लोकेशन आगरा कैंट रेलवे स्टेशन पर मिली है। सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पुलिस लगातार उनकी तलाश में जुटी है। प्रारंभिक जानकारी के आधार पर यह आशंका भी जताई जा रही है कि दोनों छात्र दिल्ली के जंतर-मंतर पर चल रहे प्रदर्शन में जाने के उद्देश्य से ट्रेन से रवाना हुए हो सकते हैं। हालांकि, पुलिस ने अभी इस संभावना की आधिकारिक पुष्टि नहीं की है और सभी पहलुओं पर जांच जारी है। लापता छात्रों की पहचान प्रथम गुप्ता पुत्र संजय गुप्ता, निवासी कर्मयोगी फव्वारा और अमोल गुप्ता पुत्र आकाश गुप्ता, निवासी हनुमान नगर, एत्माददौला के रूप में हुई है। दोनों सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में कक्षा नौ के छात्र हैं। गुरुवार दोपहर करीब 1:10 बजे स्कूल की छुट्टी होने के बाद दोनों छात्र एक साथ स्कूल से निकले थे। जब दो घंटे बाद भी वे घर नहीं पहुंचे तो परिजनों ने पहले अपने स्तर पर रिश्तेदारों, दोस्तों और परिचितों के यहां तलाश शुरू की, लेकिन उनका कोई सुराग नहीं मिला। जांच के दौरान पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। इसमें दोनों छात्र सुल्तानगंज पुलिया के पास एक साथ जाते हुए दिखाई दिए। इसके बाद तकनीकी जांच में उनकी आखिरी लोकेशन शाम करीब 3:20 बजे आगरा कैंट रेलवे स्टेशन पर मिली। इसके बाद पुलिस ने रेलवे स्टेशन के सीसीटीवी फुटेज और अन्य तकनीकी साक्ष्यों की भी जांच शुरू कर दी है। रेलवे पुलिस से भी संपर्क कर दोनों छात्रों के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। अमोल की मां मनोरमा ने बताया कि जब उन्होंने स्कूल के अन्य छात्रों से बातचीत की तो जानकारी मिली कि प्रथम ने अपने एक सहपाठी से फतेहाबाद में चल रही भागवत कथा में चलने के लिए कहा था। सहपाठी के मना करने के बाद दोनों छात्र वहां गए या नहीं, इसकी जानकारी लेने के लिए दोनों परिवार स्वयं फतेहाबाद स्थित कथा स्थल भी पहुंचे, लेकिन वहां भी उनका कोई पता नहीं चला। परिजनों को आशंका है कि दोनों छात्र किसी तरह दिल्ली पहुंचने की कोशिश कर सकते हैं। इ

## कावड़ यात्रा को सुरक्षित, सुगम बनाने को डीएम और एसएसपी ने किया निरीक्षण



**फिरोजाबाद।** कावड़ यात्रा को सुरक्षित, सुगम और निर्विघ्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आदित्य लांग्हे ने शनिवार को संयुक्त रूप से विभिन्न मार्गों का निरीक्षण किया, निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने सुरक्षा, बिजली, सड़क और श्रद्धालुओं की सुविधाओं से जुड़े विभिन्न पहलुओं की समीक्षा की, निरीक्षण के दौरान एक्स0ई0एन हाइडल सिरसागंज को सख्त निर्देश देते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि कावड़ मार्ग के ऊपर से गुजर रहे ढ़ीले व लटकते बिजली के तारों का तत्काल कसकर सही कराया जाए, जिससे किसी भी दुर्घटना की संभावना न रहे। एक्स0ई0एन पीडब्ल्यूडी को निर्देशित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि सड़क के दोनों और दोनों किनारो पर भी झाड़ियां एवं कटाई-छटाई का काम पूर्ण रूप से और समय से कराया जाए, ताकि मार्ग चौड़ा और स्पष्ट दिखें और कावड़ियों को किसी भी प्रकार की कोई समस्या न हो। निरीक्षण के दौरान शिकोहाबाद-नसीरपुर मार्ग पर अवगत कराया गया की कावड़ यात्रियों की सुविधा के लिए इस मार्ग पर चार शिविर लगाए गए है। जिलाधिकारी ने खंड विकास अधिकारी को भी निर्देश दिए कि वह लाइट इत्यादि की व्यवस्था करें, जिससे मार्ग पर अंधेरा न रहे और शिव भक्त कावड़िये निर्बाद्ध रूप से अपनी यात्रा पूरी कर सकें, जिलाधिकारी ने स्पष्ट शब्दों में कहा की कावड़ यात्रा की व्यवस्थाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही में नहीं होगी, निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने रूट डायवर्जन करने के लिए होर्डिंग लगाए जाने के निर्देश दिए, जिससे नागरिकों को आवागमन में किसी प्रकार की परेशानी न हो, जिलाधिकारी में शिकोहाबाद-नसीरपुर मार्ग व बटेश्वर सिरसागंज मार्ग आदि का निरीक्षण किया, निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी एक्सईएन पीडब्ल्यूडी, एक्स0ई0एन हाइडल आदि अधिकारी उपस्थित रहे।

## नगर निगम की अनदेखी पर भाजपा पार्षद सुषमा जैन का फूटा गुस्सा

**आगरा।** आवास विकास कॉलोनी की जर्जर सड़क को लेकर नगर निगम की कार्यशैली पर सवाल खड़े हो गए हैं। भाजपा की मनोनीत पार्षद सुषमा जैन ने आरोप लगाया है कि कई बार मामला महापौर हेमलता दिवाकर के संज्ञान में लाने के बावजूद करकुंज चौराहे से रामलाल वृद्ध आश्रम तक की बदहाल सड़क की मरम्मत नहीं कराई गई है। पार्षद ने अब साफ चेतावनी दी है कि यदि नगर निगम ने जल्द कार्रवाई नहीं की तो वह इस मामले की शिकायत सीधे मुख्यमंत्री और नगर विकास मंत्री से करेंगी। उनका कहना है कि 15वें वित्त आयोग की राशि से शहर में सड़क निर्माण के कार्य हो रहे हैं, लेकिन इस महत्वपूर्ण मार्ग की लगातार अनदेखी की जा रही है। आवास विकास कॉलोनी के करकुंज चौराहे से रामलाल आश्रम के सामने से गुजरने वाला मार्ग इन दिनों बड़े-बड़े गड्ढों में तब्दील हो चुका है। सड़क की बदहाली के कारण स्थानीय लोगों के साथ-साथ प्रतिदिन इस मार्ग से आने-जाने वाले छात्र-छात्राओं को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बारिश के दौरान स्थिति और अधिक गंभीर हो जाती है, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। यह मार्ग कॉलोनी के सबसे महत्वपूर्ण संपर्क मार्गों में शामिल है। इसी सड़क पर रामलाल आश्रम, सेक्टर-10 केंद्र, देश दीपक इंटर कॉलेज तथा अस्पताल स्थित हैं। प्रतिदिन बड़ी संख्या में विद्यार्थी, मरीज, अभिभावक और स्थानीय नागरिक इसी रास्ते से गुजरते हैं, लेकिन सड़क की हालत लगातार खराब होती जा रही है। भाजपा की मनोनीत पार्षद सुषमा जैन ने कहा कि उन्होंने इस सड़क के निर्माण की मांग पहले ही महापौर हेमलता दिवाकर के समक्ष रखी थी। इसके बावजूद नगर निगम निर्माण विभाग के अभियंताओं ने अब तक कोई कार्रवाई नहीं की। उन्होंने इसे अधिकारियों की गंभीर लापरवाही बताते हुए कहा कि जनता को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने में नगर निगम पूरी तरह विफल साबित हो रहा है। सुषमा जैन ने कहा कि शहर के अन्य क्षेत्रों में 15वें वित्त आयोग की धनराशि से सड़क निर्माण कार्य कराए जा रहे हैं, लेकिन इस महत्वपूर्ण मार्ग को लगातार नजरअंदाज किया जा रहा है। इससे साफ है कि संबंधित अधिकारी इस क्षेत्र की समस्याओं के प्रति संवेदनशील नहीं हैं।

# बिना निर्धारित रूट के नहीं चलेंगे ऑटो व ई-रिक्शा वाहनों में डस्टबिन रखना भी हुआ अनिवार्य



- नगर आयुक्त ई-रिक्शा और ऑटो संघ के पदाधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

**मथुरा।** धर्मनगरी की यातायात व्यवस्था को सुव्यवस्थित करने और ट्रैफिक जाम की समस्या का स्थायी समाधान निकालने के लिए मथुरा-वृंदावन नगर निगम ने कमर कस ली है। शनिवार को नगर आयुक्त ओजस्वी राज की अध्यक्षता में ऑटो व ई-रिक्शा संगठन के प्रतिनिधियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

बैठक में नगर आयुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिए कि शहर की सड़कों पर ई-रिक्शा और ऑटो का संचालन केवल उनके पंजीकृत एवं निर्धारित रूटों पर ही होगा। रूट उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि मनमाने संचालन से ही प्रमुख चैराहों पर जाम की स्थिति बनती है, जिसे हर हाल में नियंत्रित किया जाएगा। ?नगर आयुक्त ओजस्वी राज ने यातायात के साथ-साथ शहर की स्वच्छता पर विशेष ध्यान केंद्रित करते हुए नया निर्देश जारी किया। अब सभी ऑटो एवं ई-रिक्शा में डस्टबिन रखना अनिवार्य होगा। चालक अथवा यात्री सड़क या सार्वजनिक स्थानों पर कूड़ा नहीं फेंकेंगे, बल्कि डस्टबिन का ही उपयोग करेंगे। मथुरा-वृंदावन नगर निगम के नगर आयुक्त ओजस्वी राज ने कहा कि कान्हा की नगरी को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने में चालकों की भूमिका बेहद अहम है। शहर में बेहतर यातायात व्यवस्था और स्वच्छता बनाए रखने के लिए सभी पक्षों का सहयोग आवश्यक है। नियमों का पालन होने से आम नागरिकों व श्रद्धालुओं को आवागमन में सीधी राहत मिलेगी ॥ ?बैठक में अपर नगर आयुक्त एवं ऑटो/ई-रिक्शा प्रभारी सौरव सिंह, ऑटो/ई-रिक्शा संगठन के प्रदेश अध्यक्ष गुलबीर चैधरी समेत संगठन के अनेक प्रतिनिधि और नगर निगम के संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। संगठन के पदाधिकारियों ने नगर निगम प्रशासन को आश्वस्त किया कि शहर की व्यवस्था सुधारने में वे पूरा सहयोग करेंगे।

## 3 करोड़ रुपये की 13.198 किलो चरस के साथ अंतरराज्यीय तस्कर गिरफ्तार

**फिरोजाबाद।** एसएसपी आदित्य लांग्हे के निर्देशन में एसओजी, सर्विलांस और थाना मक्खनपुर पुलिस की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक अंतरराज्यीय चरस तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से 13.198 किलोग्राम अवैध चरस, एक मोबाइल फोन और 1,200 नकद बरामद किए हैं। बरामद चरस की अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत करीब 3 करोड़ बताई जा रही है। एएसपी क्राइम राजेश गुनावत ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी विजय पुत्र रामाधार निवासी ग्राम गोनाहा चैनपुर थाना रक्सौल, जिला मोतिहारी (बिहार) है। मुखबिर की सूचना पर एसओजी, सर्विलांस और थाना मक्खनपुर पुलिस ने बिल्टीगढ़ रोड स्थित कब्रिस्तान के पास घेराबंदी कर आरोपी को दबोच लिया। उसके बैग की तलाशी लेने पर भारी मात्रा में चरस बरामद हुई। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी नेपाल और बिहार के रास्ते सस्ते दामों में चरस खरीदकर उत्तर प्रदेश सहित अन्य क्षेत्रों में 4 से 5 गुना अधिक कीमत पर बेचता था। आरोपी लंबे समय से मादक पदार्थों की तस्करी में सक्रिय था और युवाओं को नशे का आदी बनाकर उनका भविष्य खराब कर रहा था। गिरफ्तारी और बरामदगी के आधार पर थाना मक्खनपुर में एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/20इ( )उ के तहत मुकदमा दर्ज कर आरोपी के खिलाफ विधिक कार्रवाई की गई है। पुलिस अब इस तस्करी नेटवर्क से जुड़े अन्य आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है।

## एडीएम ने की आईजीआरएस पोर्टल और हेल्पलाइन संदर्भों की समीक्षा

**फिरोजाबाद।** कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में अपर जिलाधिकारी न्यायिक अरविंद द्विवेदी की अध्यक्षता में आईजीआरएस पोर्टल एवं हेल्पलाइन संदर्भों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई, बैठक में असंतुष्ट फीडबैक पेंडेंसी तथा जन समस्याओं को निस्तारण की तहसीलवार एवं विभाग वार समीक्षा की गई। सब रजिस्ट्रार फिरोजाबाद प्राप्त फीडबैक में शत प्रतिशत असंतुष्ट दर्ज किया गए तथा शिकायतकताओं से संपर्क दर्ज शून्य पाई गई, जिस पर नाराजगी व्यक्त की गई। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी जिला पूर्ति अधिकारी, सिंचाई पीडब्ल्यूडी नगर निगम, नगर पालिकाओं, समाज कल्याण मुख्य चिकित्सा अधिकारी, विद्युत प्रोबेशन, पी0ओ0 डूडा मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी उप जिलाधिकारी, तहसीलदार एवं समस्त खंड विकास अधिकारियों आदि विभागों की समीक्षा करने पर उनके द्वारा असंतुष्ट फीडबैक पाए जाने पर गहरी नाराजगी प्रकट की और सभी को निर्देशित किया कि शिकायतकताओं से संपर्क करें, मौके पर जाकर स्थलीय निरीक्षण करें तथा सर्वे कर गुणवत्तापूर्ण शिकायतों का निस्तारण करें। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक दशा में आई0जी0आर0एस0 पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का निस्तारण शत-प्रतिशत करना सुनिश्चित करें, साथ ही सभी संबंधित अधिकारी शिकायतों के निस्तारण के पूर्व एवं पश्चात शिकायतकताओं से दूरभाष या व्यक्तिगत रूप से वार्ता अवश्य करें, डिफॉल्टर संदर्भों को शून्य स्तर पर लाया जाए, ढिलाई बरतने पर अधिकारियों और कर्मचारियों के विरुद्ध कठोर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी। बैठक में अपर जिलाधिकारी वि0एवंरा0 कल्पना जयसवाल, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे मोहनलाल गुप्ता, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ राम बदन राम उप जिलाधिकारी, परियोजना निदेशक सुभाष चंद्र त्रिपाठी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अनिल कुमार आदि अधिकारी गण उपस्थित रहें।

## शिक्षा मित्रों ने दिवंगत शिक्षा मित्रों को दी श्रद्धांजलि



**मथुरा।** उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षा मित्र संघ के बैनर तले जनपद के शिक्षा मित्रों ने वट वृक्ष कलेक्ट्रेट पर एकत्रित होकर 25 जुलाई 2017 को सुप्रीम कोर्ट के द्वारा शिक्षा मित्रों का समायोजन रदद् किये जाने के बाद और सरकार की उदासीनता से प्रभावित होकर जान गवाने वाले शिक्षा मित्रों को याद करने के लिए मोमबत्ती जलाकर और 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन जिला अधिकारी मथुरा की अनुपस्थिति में उपजिलाधिकारी न्यायिक अश्वनी कुमार को सौंपा ।

संघ के जिला अध्यक्ष खेमसिंह चैधरी ने कहा कि 25 जुलाई 2017 को सुप्रीम कोर्ट द्वारा शिक्षा मित्रों का समायोजन रदद् होने के बाद आज तक जनपद सहित पूरे प्रदेश में लगभग 15 हजार शिक्षा मित्र अवसाद में आकर आत्म हत्या , आर्थिक स्थिति खराब होने के कारण इलाज न करा पाने के कारण गम्भीर बीमारियों से अपनी जान गवा चुके हैं , शिक्षा मित्र हर वर्ष इस दिन को काले दिवस के रूप में मनाते हैं और अपने दिवंगत साथियों को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि देते हैं ।

आज इसी क्रम में हमने अपने साथियों को श्रद्धांजलि सभा आयोजित करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी है साथ ही हमने शिक्षा मित्रों की मांगों का ज्ञापन मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन डीएम सर को सौंपा है। जिसमें प्रमुख मांग है कि दिवंगत शिक्षा मित्रों को उचित आर्थिक सहायता प्रदान करते हुए उनके परिवार के किसी एक सदस्य को उसकी योग्यता अनुसार नोकरी दी जाए । ज्ञापन और श्रद्धांजलि देने वालों में , दीपक गुप्ता , ठाकुर योगेंद्र सिंह , रामकुमार चैधरी , जगराज गुर्जर ,राजकुमार चैधरी , तेजवीर सिंह , बनी सिंह ,चन्द्रमोहन , उदय सिंह , कुसुमलता , मधुबाला संगीता , शिवकुमार शर्मा , आदि दर्जनों शिक्षा मित्र रहे ।

## दिल्ली सड़क हादसे में आगरा के हेड कांस्टेबल की मौत, राजकीय सम्मान से दी गयी अंतिम विदाई

आगरा। उत्तर प्रदेश पुलिस के हेड कांस्टेबल अजय कुमार बघेल का दिल्ली में हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में निधन हो गया। जैसे ही हादसे की सूचना उनके पैतृक गांव फरेरा (तहसील बाह) पहुंची, पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। वर्षों तक पुलिस विभाग में ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा से सेवाएं देने वाले अजय कुमार की असामयिक मौत से परिजन ही नहीं, बल्कि गांव और पुलिस महकमा भी गहरे सदमे में है। जानकारी के अनुसार, हेड कांस्टेबल अजय कुमार बघेल गुरुवार को बाइक से शाहिबाबाद से सोनिया विहार की ओर जा रहे थे। जब वह दिल्ली के शीलमपुर फ्लाईओवर के पास पहुंचे, तभी तेज रफ्तार चार पहिया वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि वह गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े। राहगीरों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और उन्हें तत्काल अस्पताल ले जाया गया, लेकिन चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद पुलिस ने वाहन चालक की तलाश शुरू करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। अजय कुमार बघेल अपने पीछे पत्नी, दो छोटे बेटे रोहित और कार्तिक, बड़े भाई विनोद कुमार सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। परिवार के मुखिया के अचानक चले जाने से घर में मातम पसरा हुआ है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और गांव के लोग उन्हें ढांढस बंधाने में जुटे रहे। शुक्रवार को जैसे ही हेड कांस्टेबल अजय कुमार बघेल का पार्थिव शरीर उनके पैतृक गांव फरेरा पहुंचा, अंतिम दर्शन के लिए ग्रामीणों, रिश्तेदारों और शुभचिंतकों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। हर किसी की आंखें नम थीं और लोग उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित कर रहे थे। शुक्रवार रात करीब नौ बजे पुलिस विभाग के अधिकारियों और जवानों ने दिवंगत हेड कांस्टेबल को पूरे राजकीय सम्मान के साथ अंतिम सलामी दी।

## खाद्य विभाग टीम ने छापेमारी कर 20 नमूने लिये, कई दुकानदारों को सुधार नोटिस



**फिरोजाबाद।** आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन उत्तर प्रदेश तथा जिलाधिकारी फिरोजाबाद के निर्देश पर जनपद में खाद्य सुरक्षा विभाग का विशेष अभियान लगातार जारी है। सहायक आयुक्त (खाद्य) चन्दन पाण्डेय के नेतृत्व में गठित टीमों ने विभिन्न क्षेत्रों में छापेमार कार्रवाई करते हुए 20 खाद्य पदार्थों के नमूने जांच के लिए संग्रहित किए और कई प्रतिष्ठानों को सुधार नोटिस जारी किए। अभियान के दौरान बटेश्वर रोड स्थित नसीरपुर में जनपद में सप्लाई के लिए आ रहे वाहन से पनीर के दो नमूने लिए गए। वहीं टूंडला की एक डेयरी से संदेह के आधार पर खोया का नमूना संग्रहित किया गया। इसके अलावा विभिन्न क्षेत्रों से मिश्रित दूध के 10 नमूने लिए, वर्षा ऋतु को देखते हुए जल्दी खराब होने वाली मिठाइयों के 2 नमूने तथा शिकोहाबाद के बड़ा बाजार स्थित प्रतिष्ठान से घी के 5 नमूने जांच के लिए लिए गए। खाद्य सुरक्षा विभाग ने वैज्ञानिक अध्ययन के उद्देश्य से 50 सर्विलांस नमूने भी प्रयोगशाला भेजे हैं। वहीं कांवड़ मार्ग पर खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए 10 सर्विलांस नमूने एकत्र किए गए। विभाग द्वारा जारी चेकलिस्ट के आधार पर कांवड़ मार्ग स्थित दुकानों और भंडारों का सघन निरीक्षण भी किया जा रहा है। अभियान में प्रभारी मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी रमेश चन्द्र तथा खाद्य सुरक्षा अधिकारी संदीप कुमार, विनोद वर्मा, जितेंद्र कुमार सिंह, अरुण कुमार और डॉ. मनोज कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। विभाग ने स्पष्ट किया है कि जांच रिपोर्ट आने के बाद मिलावट या मानक उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित खाद्य कारोबारियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## जनकपुरी महोत्सव की तैयारियां तेज क्षेत्र के सर्वांगीण विकास का खाका तैयार

**आगरा।** जनकपुरी महोत्सव 2026 को ऐतिहासिक एवं भव्य बनाने के उद्देश्य से जनकपुरी आयोजन समिति ने तैयारियों को गति देते हुए शुक्रवार को क्षेत्र का व्यापक निरीक्षण किया। आयोजन समिति के अध्यक्ष राजू यादव के नेतृत्व में क्षेत्रीय पार्षद वेद प्रकाश गोस्वामी तथा समिति के पदाधिकारियों ने के.के. नगर, शिवा कुंज, विनायक नगर, पुरुषोत्तम दास सावित्री देवी कैंसर हॉस्पिटल से भावना एस्टेट की ओर आने वाली मुख्य रोड, गणपति आशियाना आवासीय परिसर के चारों तरफ की रोड, महर्षि पुरम से होली पब्लिक स्कूल की तरफ आने वाली मुख्य रोड, नेशनल हाईवे बुलेट अड्डा से महर्षि पुरम की ओर आने वाली मुख्य रोड, सहित समूचे प्रस्तावित जनकपुरी क्षेत्र का स्थलीय भ्रमण कर विकास कार्यों का विस्तृत आकलन किया। निरीक्षण के दौरान सड़कों की स्थिति, नालियों एवं नालों की सफाई, पथ प्रकाश (स्ट्रीट लाइट) व्यवस्था, जल निकासी, स्थानीय स्वच्छता, विद्युत व्यवस्था तथा अन्य नागरिक सुविधाओं का गहन निरीक्षण किया गया। समिति ने उन स्थानों को चिन्हित किया, जहां तत्काल विकास कार्य कराए जाने आवश्यक हैं, ताकि महोत्सव से पूर्व संपूर्ण क्षेत्र आधुनिक एवं सुव्यवस्थित स्वरूप में विकसित हो सके। आयोजन समिति के अनुसार जनकपुरी महोत्सव केवल धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन नहीं, बल्कि क्षेत्र के बहुआयामी विकास का माध्यम है । महोत्सव के अंतर्गत नई सड़कों का निर्माण, जर्जर मार्गों की मरम्मत, नई नालियों का निर्माण, नालों की सफाई, एलईडी स्ट्रीट लाइटों की स्थापना, विद्युत व्यवस्था का सुदृढ़ीकरण, पेयजल एवं जल निकासी व्यवस्था में सुधार, विशेष स्वच्छता अभियान, चौराहों एवं प्रमुख मार्गों का सौंदर्यीकरण, पार्कों का सौंदर्यीकरण, दिशा-सूचक बोर्ड, पार्किंग व्यवस्था, सार्वजनिक सुविधाओं का विस्तार तथा सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत बनाने जैसे कई जनहितकारी कार्य कराए जाएंगे।

# एसएमई के साथ छात्रों को दिये सफल उद्यमी बनने के टिप्स

**मथुरा।** संस्कृति स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी द्वारा एमएसएमई, आगरा के सहयोग से 'इनोवेशन, टेक्नोलॉजी अडॉप्शन और सरकारी योजनाए' विषय पर एक कार्यशाला का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। कार्यशाला में विशेषज्ञ वक्ताओं ने विद्यार्थियों को टेक्नोलॉजी और सरकारी योजनाओं की मदद से नवोन्मेष करने और नवोन्मेष को उद्यम में बदलने के लिए आवश्यक ज्ञान से अवगत कराया और इसके लिए प्रोत्साहित किया। कार्यशाला की शुरूआत दीप प्रज्वलन और गणमान्य अतिथियों व प्रतिभागियों के गर्मजोशी भरे स्वागत के साथ हुई। संस्कृति स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी के डीन डॉ. पंकज कुमार गोस्वामी ने स्वागत भाषण के साथ अपने संबोधन में तेजी से बदलते तकनीकी माहौल के लिए छात्रों को तैयार करने में इनोवेशन, तकनीकी प्रगति और इंडस्ट्री-एकेडेमिया सहयोग के बढ़ते महत्व पर जोर दिया। उन्होंने प्रतिभागियों को उभरती हुई तकनीकों और इनोवेशन व एंटरप्रेन्योरशिप को बढ़ावा देने वाली विभिन्न सरकारी पहलों के बारे में व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त करके वर्कशॉप का पूरा लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया।



डीन ऑफ स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. डी. एस. तोमर ने छात्रों को ज्ञान बढ़ाने वाले ऐसे कार्यक्रमों में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने एंटरप्रेन्योरशिप कौशल विकसित करने, इनोवेशन को बढ़ावा देने और सरकार समर्थित योजनाओं का लाभ उठाने के महत्व पर प्रकाश डाला, जो इनोवेटिव विचारों को सफल उद्यमों में बदलने में मदद कर सकती हैं। संस्कृति विवि के प्रति कुलपति डॉ. रघुराम भट्ट ने एमएसएमइ, आगरा के सहयोग से वर्कशॉप आयोजित करने की पहल की सराहना की। उन्होंने जोर दिया कि छात्रों के प्रैक्टिकल अनुभव, रिसर्च क्षमताओं और रोजगार की संभावनाओं को बेहतर बनाने के लिए मजबूत इंडस्ट्री-एकेडेमिया पार्टनरशिप जरूरी है। उन्होंने छात्रों और फैकल्टी सदस्यों को नई तकनीकों, इनोवेशन-आधारित रिसर्च और एंटरप्रेन्योरशिप को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया, ताकि वे देश के तकनीकी और आर्थिक विकास में प्रभावी ढंग से योगदान दे सकें। कार्यशाला में भाग ले रहे एमएसएमइ आगरा के फैकल्टी कोर्डिनेटर गौरव कुमार ने इनोवेशन और टेक्नोलॉजी को अपनाने पर जोर दिया। उन्होंने आधुनिक इंडस्ट्रीज को बदलने में रोबोटिक्स, ऑटोमेशन, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और इंडस्ट्री 4.0 के महत्व पर जोर दिया और भविष्य की औद्योगिक जरूरतों को पूरा करने के लिए लगातार स्किल बढ़ाने की अहमियत बताई। एमएसएमइ आगरा से आए एक अन्य विशेषज्ञ मनीष वर्मा ने स्टार्टअप, एंटरप्रेन्योर्स, रिसर्चर्स और छात्रों की मदद करने वाली विभिन्न एमएसएमइ सरकारी योजनाओं पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने स्किल डेवलपमेंट, इनक्यूबेशन, रिसर्च एंड डेवलपमेंट, प्रोडक्ट डिजाइन, आर्थिक सहायता व एंटरप्रेन्योरशिप को बढ़ावा देने से जुड़े अवसरों के बारे में बताया। संस्कृति यूनिवर्सिटी के 65 फैकल्टी सदस्यों, बड़ी संख्या में छात्रों, रिसर्च स्कॉलर्स और नए उद्यमियों ने पूरे उत्साह के साथ इस कार्यशाला में भाग लिया।

# विजयगढ़ दुर्ग व रामसरोवर का डीएम व एसपी ने किया निरीक्षण



- कांवड़ियों की सुरक्षा व सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकताःडीएम

जिला संवाददाता(vol)

सोनभद्र। आगामी श्रावण मास एवं कांवड़ यात्रा को सकुशल, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी चर्चित गौड़ एवं पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा ने शनिवार को ऐतिहासिक विजयगढ़ दुर्ग एवं रामसरोवर का स्थलीय निरीक्षण कर कांवड़िया श्रद्धालुओं के लिए की जा रही व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

श्री गौड़ ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को विजयगढ़ दुर्ग तक जाने वाली सीढ़ियों के ऊपर स्थित प्रवेश द्वार की आवश्यक मरम्मत शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी को विजयगढ़ दुर्ग की सीढ़ियों से रामसरोवर तक पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था एवं नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। साथ ही अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत को निर्देशित किया कि रामसरोवर से जल भरकर जिस लगभग 5 किलोमीटर लंबे मार्ग से कांवड़िया श्रद्धालु वापस अपने गंतव्य की ओर प्रस्थान करेंगे, उस पूरे मार्ग पर समुचित लाइटिंग की व्यवस्था प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित कराई जाए, ताकि रात्रिकाल में भी श्रद्धालुओं को सुरक्षित एवं सुगम आवागमन की सुविधा मिल सके। रामसरोवर आने वाले कांवड़ियों एवं श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। प्रमुख स्थलों एवं मार्गों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं, साफ-सफाई, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था एवं अन्य मूलभूत सुविधाएं समयबद्ध ढंग से उपलब्ध कराई जाएं। सभी विभाग आपसी समन्वय स्थापित करते हुए कार्य करें तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही अथवा शिथिलता न बरती जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार एवंमुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप कांवड़ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को सुरक्षित, स्वच्छ एवं सुविधायुक्त वातावरण उपलब्ध कराना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

श्री वर्मा ने संबंधित पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया कि विजयगढ़ दुर्ग, रामसरोवर एवं संपूर्ण कांवड़ मार्ग पर सुरक्षा के व्यापक एवं पुख्ता इंतजाम सुनिश्चित किए जाएं। प्रमुख स्थलों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती, सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से सतत निगरानी, संवेदनशील स्थानों पर विशेष चैकसी, रात्रिकालीन गश्त तथा प्रभावी यातायात प्रबंधन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि सुरक्षा व्यवस्था ऐसी हो कि प्रत्येक श्रद्धालु स्वयं को सुरक्षित महसूस करे तथा कांवड़ यात्रा पूरी तरह शांतिपूर्ण, व्यवस्थित एवं निर्बाध रूप से संपन्न हो। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) बगीश कुमार शुक्ल, जिला पंचायत राज अधिकारी नमित शरण, अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत, पुलिस विभाग के अधिकारीगण, संबंधित विभागों के अधिकारी तथा स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## दुद्धी के एसडीएम बने अशोक गुप्ता



दुद्धी, सोनभद्र। सोनभद्र जिलाधिकारी ने जनहित एवं प्रशासनिक कार्यहित को ध्यान में रखते हुए सोनभद्र में तीन एसडीएम के कार्यक्षेत्र में बदलाव कर दिया हैं। सबसे अधिक चर्चा दुद्धी एसडीएम को लेकर है। अभी 8 दिन पहले ही शासन के निदेर्शानुसार, रवि कुमार पासवान ने उप जिलाधिकारी (एसडीएम) दुद्धी का कार्यभार ग्रहण किया था, जिन्हें मात्र 8 दिन बाद ही हटाकर ओबरा का एसडीएम बना दिया गया हैं जबकि उप जिलाधिकारी न्यायिक (एसडीएम न्यायिक) रहे अशोक कुमार गुप्ता को दुद्धी के नए एसडीएम की जिम्मेदारी दी गई हैं, जिन्होंने आज दोपहर बाद दुद्धी एसडीएम का कार्यभार ग्रहण कर लिया हैं। बता दें कि एसडीएम रवि कुमार और एसडीएम अशोक गुप्ता ने एक साथ 17 जुलाई को दुद्धी तहसील में कार्यभार ग्रहण किया था।अब पुनः 25 जुलाई को जिलाधिकारी महोदय के आदेश के क्रम में कार्यभार ग्रहण कर लिया हैं। एसडीएम अशोक कुमार गुप्ता अयोध्या से स्थानांतरित होकर सोनभद्र में आए हैं।ये मुलरूप से कुशीनगर जिले के निवासी हैं। दुद्धी में कार्यभार ग्रहण करने के बाद एसडीएम अशोक कुमार गुप्ता ने कहा कि शासन की मंशानुसार हर जरूरतमंद को न्याय दिलाना हमारी प्राथमिकता होगी।उन्होंने कहा कि कोई भी अपनी समस्या सीधे हमसे मिलकर बता सकते हैं। क्षेत्र की समस्याओं का हर सम्भव समाधान का प्रयास किया जाएगा।

## संक्षेप

### ट्रक की टक्कर से मां -बेटे की मौत

गोण्डा। जिले के कौड़िया बाजार थानाक्षेत्र मे तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से मां बेटे की मौत हो गयी है। पुलिस सूत्रों ने शनिवार को बताया कि आर्यनगर चौराहे के पास यह हादसा बीती देर रात उस समय हुआ जब अपने मायके कटरा बाजार से पहुंची रीता (26) अपने बेटे लकी (11) संग घर के बाहर बैठी थी कि बेकाबू ट्रक ने लकी को रौंद दिया और करीब पचास मीटर तक सड़क पर रगड़ता चला गया। मां रीता उसे बचाने के लिए दौड़ी तो वे भी ट्रक की चपेट में आ गयी और मां-बेटे की मौके पर मृत्यु हो गयी 'मृतक रीता कटरा बाजार थाना इलाके की बतायी गयी हैं। घटना से आक्रोशित परिजनों नें ग्रामीणों संग आर्यनगर चौराहा जाम कर जमकर प्रदर्शन किया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे अपर पुलिस अधीक्षक राधेश्याम राय नें समझा बुझा कर मामला शांत कराकर जाम हटवाया और आवागमन बहाल करा दिया।

### ऑनर किलिंग में परिवार के पांच सदस्य गिरफ्तार

अलीगढ़ । जिले में एक युवक से दोस्ती खत्म करने से इनकार करने पर 20 वर्षीय विधि छात्रा की हत्या करने के आरोप में उसके परिवार के पांच सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार ने कहा कि यह मामला तब सामने आया, जब पीड़िता के मित्र एवं गोंडा थाना क्षेत्र के बसौली गांव निवासी हिमांशु ने शुक्रवार को उन्हें लिखित शिकायत देकर आरोप लगाया कि युवती के परिजनों ने उसकी हत्या कर दी है। शिकायत के अनुसार, परिवार ने दावा किया कि युवती की मौत बीमारी के कारण हुई थी और मामला अधिकारियों के संज्ञान में आने से पहले बृहस्पतिवार रात उसके शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया। पुलिस ने शिकायत पर कार्रवाई करते हुए जांच शुरू की और शुक्रवार रात तक पांच लोगों को गिरफ्तार कर लिया। एसएसपी ने कहा कि गिरफ्तार किए गए इन लोगों में पीड़िता की मां, उसके दो भाई और दो मामा शामिल हैं। इन सभी को हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया गया है।

### प्रेशर कुकर फटा महिला घायल

सीतापुर। जरेलीपुरवा गांव में शनिवार सुबह रसोई में दाल पकाते समय प्रेशर कुकर तेज धमाके के साथ फट गया। हादसे में कुकर का ढक्कन 42 वर्षीय कमलावती के सिर में जा लगा, जबकि उबलती गर्म दाल चेहरे और शरीर पर गिरने से वह गंभीर रूप से झुलस गई। बताया गया कि कमलावती गैस चूल्हे पर कुकर में दाल पका रही थीं और पास में बैठकर आटा गूंध रही थीं। तभी अचानक कुकर में दबाव बढ़ने से उसका ढक्कन उछल गया और हादसा हो गया। महिला की चीख सुनकर परिजन मौके पर पहुंचे और उसे तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों के अनुसार महिला के सिर में गंभीर चोट आई है, बाईं आंख प्रभावित हुई है तथा शरीर के कई हिस्से झुलस गए हैं। अस्पताल में उसका उपचार जारी है।

### जनसमस्याओं का त्वरित निस्तारण करें

मड़िहान, मीरजापुर। जनसामान्य की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण के उद्देश्य से शनिवार को थाना मड़िहान परिसर में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्राधिकारी मड़िहान एवं उप जिलाधिकारी संतोष कुमार ओझा तथा थाना प्रभारी रविंद्र भूषण मौर्य की मौजूदगी में फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया। समाधान दिवस में राजस्व विभाग, पुलिस विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। बड़ी संख्या में क्षेत्र के लोग अपनी विभिन्न जनसमस्याओं और शिकायतों को लेकर पहुंचे। अधिकारियों ने प्रत्येक प्रकरण को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों को गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए।इस दौरान अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि जनता की समस्याओं के समाधान में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को शिकायतों के निष्पक्ष, पारदर्शी और त्वरित निस्तारण के लिए सख्त दिशा-निर्देश दिए गए। थाना समाधान दिवस के माध्यम से आमजन को एक ही स्थान पर अपनी शिकायतें रखने और उनके समाधान की प्रक्रिया शुरू होने से लोगों ने संतोष व्यक्त किया। प्रशासन ने भरोसा दिलाया कि प्रत्येक शिकायत का नियमानुसार निस्तारण सुनिश्चित कराया जाएगा।

# एक्शन में दिखे नये एसडीएम, व्यवस्थाओं का लिया जायजा



- तहसील परिसर, न्यायालय और कचहरी रोड का किया औचक निरीक्षण
- बार अध्यक्षों ने जर्जर भवनों और अतिक्रमण की समस्या की ओर दिलाया ध्यान

जिला संवाददाता(vol)

दुद्धी,सोनभद्र दुद्धी तहसील में नए उपजिलाधिकारी (एसडीएम) के रूप में पदभार ग्रहण करते ही अशोक कुमार गुप्ता पूरी तरह एक्शन मोड में नजर आए। कार्यभार संभालते ही उन्होंने क्षेत्र की प्रशासनिक और बुनियादी व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के लिए जमीनी स्तर पर प्रयास शुरू कर दिए हैं।शनिवार को एसडीएम अशोक कुमार गुप्ता ने तहसील परिसर, स्थानीय न्यायालय परिसर और व्यस्त कचहरी रोड का सघन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने साफ-सफाई, कार्यालयों के रख-रखाव और आम जनता को मिलने वाली सुविधाओं की बारीकी से जांच की। इसके साथ ही उन्होंने कचहरी रोड पर आवागमन और सुरक्षा व्यवस्था का भी जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने वहां मौजूद अधिवक्ताओं से सीधा संवाद स्थापित किया। इस दौरान दुद्धी बार एसोसिएशन के अध्यक्ष कुलभूषण पाण्डेय एवं सिविल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रामलोचन तिवारी ने संयुक्त रूप से एसडीएम का ध्यान कचहरी की गंभीर समस्याओं की ओर आकृष्ट कराया। बार अध्यक्षों ने न्यायालय परिसर के जर्जर भवनों व अधिवक्ताओं के चेम्बरों की खस्ताहाल स्थिति और कचहरी रोड पर सड़कों के किनारे बढ़ते अतिक्रमण की समस्या को प्रमुखता से उठाया।

एसडीएम अशोक कुमार गुप्ता ने अधिवक्ताओं की बात को ध्यानपूर्वक सुना और जर्जर भवनों व अतिक्रमण की समस्याओं के हर संभव समाधान का भरोसा दिया। उन्होंने आश्वस्त किया कि तहसील और न्यायालय परिसर में आने वाले फरियादियों तथा अधिवक्ताओं की समस्याओं का त्वरित निस्तारण किया जाएगा और बुनियादी सुविधाओं में सुधार उनकी प्राथमिकता होगी। इस दौरान तहसील प्रशासन के कई अधिकारी और अधिवक्ता मौजूद रहे।

## कोटेदारों ने सरकार को घेरा,28 को विधानसभा मार्च का ऐलान



सीतापुर। ऑल इंडिया फेयर प्राइस शॉप डीलर्स एसोसिएशन की हरगांव इकाई की बैठक में कोटेदारों ने उत्तर प्रदेश सरकार के खिलाफ नाराजगी जताते हुए लाभांश बढ़ाने की मांग की। उनका कहना था कि प्रदेश में प्रति क्विंटल मात्र 90 रुपये का लाभांश दिया जा रहा है, जबकि अन्य राज्यों में इससे कई गुना अधिक भुगतान हो रहा है।

ठक में वक्ताओं ने कहा कि हरियाणा और दिल्ली में 200 रुपये, गोवा में 230 रुपये प्रति क्विंटल लाभांश मिलता है, जबकि गुजरात में कोटेदारों को 20,000 की न्यूनतम आय की गारंटी दी जाती है। ऐसे में उत्तर प्रदेश के कोटेदार आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं। कोटेदारों ने शासन के नियमों का पालन करने का भरोसा जताते हुए खाद्य एवं रसद विभाग और प्रदेश सरकार को मांगपत्र भेजा। साथ ही चेतावनी दी कि यदि मांगें नहीं मानी गईं तो 28 जुलाई को प्रदेश के लगभग 80 हजार कोटेदार लखनऊ में चारबाग से विधानसभा तक पैदल मार्च कर अपनी आवाज बुलंद करेंगे। बैठक में ब्लॉक अध्यक्ष सुधीर कुमार, धर्मेंद्र सिंह, तौकीर अहमद, दिनेश कुमार मिश्रा, राम अवस्थी, अनिल प्रताप सिंह समेत बड़ी संख्या में कोटेदार मौजूद रहे।

## नवागत बीडीओ ने संभाला कार्यभार



म्योरपुर,सोनभद्र। शनिवार को म्योरपुर विकासखंड खण्ड कार्यालय पहुंच राम विशाल चौरसिया विकास अधिकारी (बीडीओ) के रूप में कार्य भार ग्रहण किया।इससे पूर्व श्री चैरसिया दुद्धी विकासखण्ड में खण्ड विकास अधिकारी के पद पर कार्यरत थे।कार्यभार संभालने के बाद बीडीओ राम विशाल चौरसिया ने कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से पहुंचाना उनकी प्राथमिकता होगी।

उन्होंने विकासखण्ड में चल रही योजनाओं की समीक्षा कर गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध ढंग से कार्यों को पूरा कराने की बात कही।उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों से समन्वय बनाकर कार्य करने तथा ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्यों को गति देने पर जोर दिया। साथ ही कहा कि सरकार की मंशा के अनुरूप ग्रामीण विकास, स्वच्छता, मनरेगा, पंचायत एवं अन्य योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए सभी को जिम्मेदारी के साथ कार्य करना होगा।उनके आने से क्षेत्र के विकास कार्यों में नई गति आने की उम्मीद जताई जा रही है।

## एसडीएम ने म्योरपुर सीएचसी का किया निरीक्षण



म्योरपुर,सोनभद्र। उपजिलाधिकारी दुद्धी रविकुमार पासवान ने शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) म्योरपुर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल परिसर और पुरानी ओपीडी का जायजा लिया। परिसर में गंदगी मिलने पर उन्होंने नाराजगी जताते हुए अस्पताल प्रशासन को साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा परिसर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने के निर्देश दिए।एसडीएम ने दवा वितरण काउंटर पर पहुंचकर मरीजों से बातचीत की और पूछा कि कहीं उन्हें बाहर की दवाएं तो नहीं लिखी जा रही हैं। मरीजों ने बताया कि उन्हें अस्पताल से ही दवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने नवजात शिशुओं के लिए बने एसएनसीयू कक्ष पर ताला लगा देख इसके बंद होने का कारण पूछा। अस्पताल कर्मियों ने बताया कि चिकित्सकों की कमी के कारण फिलहाल यह इकाई संचालित नहीं हो पा रही है।आयुष्मान भारत कार्ड निर्माण की स्थिति, प्रसूता महिलाओं की सुरक्षित डिलीवरी तथा ऑपरेशन संबंधी व्यवस्थाओं की भी जानकारी ली। अस्पताल के तकनीशियन दीपक कुमार ने बताया कि एनेस्थीसिया विशेषज्ञ (बेहोशी के डॉक्टर) के अभाव में वर्तमान में ऑपरेशन नहीं हो पा रहे हैं।उन्होंने दंत विभाग का भी निरीक्षण किया, जहां चिकित्सक ने बताया कि आने वाले मरीजों का नियमित और समुचित उपचार किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने उपस्थिति पंजिका भी जांची, जिसमें दो चिकित्सक अनुपस्थित मिले। इस पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि मरीजों के इलाज में किसी भी प्रकार की लापरवाही या कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अस्पताल प्रशासन को स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार लाने और मरीजों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

# विद्या निकेतन के पूर्व छात्र का पीएम छात्रवृत्ति योजना में चयन



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। सरस्वती विद्या निकेतन इंटर कॉलेज के पूर्व छात्र दीपक वर्मा ने अपनी मेहनत और प्रतिभा के बल पर एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की है। उनका चयन प्रधानमंत्री छात्रवृत्ति योजना (फामेर्सी) में हुआ है, जिसके तहत उन्हें दो वर्षों तक प्रतिमाह 12,400 रुपये की छात्रवृत्ति मिलेगी।

इस सफलता से विद्यालय परिवार और क्षेत्र में खुशी का माहौल है।ग्राम पंचदेवरा (कस्ता) निवासी दीपक वर्मा विद्यालय के इंटरमीडिएट के नियमित छात्र रहे हैं। उन्होंने वर्ष 2020 में इंटरमीडिएट परीक्षा 76 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण की। इसके बाद बीएन कॉलेज ऑफ फामेर्सी, लखनऊ से वर्ष 2026 में बी.फार्मा की डिग्री प्राप्त की।इसी वर्ष आयोजित ग्रेजुएट फामेर्सी एप्टीट्यूड टेस्ट में दीपक ने अखिल भारतीय स्तर पर 435वीं रैंक प्राप्त की। वहीं आईआईटी (बीएचयू) की प्रवेश प्रक्रिया में भी उन्होंने अखिल भारतीय स्तर पर 56वीं रैंक हासिल कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। उनकी इन उपलब्धियों के आधार पर उनका चयन प्रधानमंत्री छात्रवृत्ति योजना के लिए हुआ है।

दीपक के पिता रामलोटन किसान हैं, जबकि माता रेखा देवी गृहिणी हैं। सीमित संसाधनों के बावजूद उन्होंने कठिन परिश्रम और लक्ष्य के प्रति समर्पण से यह मुकाम हासिल किया है। इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्रधानाचार्य महेंद्र कुमार त्रिपाठी, बालिका विभाग की प्रधानाचार्या मधु त्रिपाठी तथा प्रबंध समिति के सदस्य राकेश कुमार वर्मा एडवोकेट ने दीपक को चांदी का मेडल देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि दीपक की सफलता विद्यालय के वर्तमान विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्त्रोत है और यह साबित करती है कि दृढ़ संकल्प, निरंतर प्रयास और आत्मविश्वास से हर लक्ष्य हासिल किया जा सकता है।

## कोल्हू गोदाम में चोरी, टुल्लू पंप सहित हजारों का सामान ले उड़े चोर



सिंगाही खीरी। कस्बे के मोहल्ला भेड़ौरा स्थित एक कोल्हू गोदाम में शुक्रवार रात चोरों ने नकब लगाकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार, नगर पंचायत के पूर्व सभासद जोगेंद्र शाक्य ने कस्बे के मोहल्ला भेड़ौरा के बाहर चिरकुआ रोड स्थित अरविंद रस्तोगी का कोल्हू ठेके पर ले रखा है। शुक्रवार देर रात चोर गोदाम के पश्चिमी हिस्से की दीवार में नकब लगाकर अंदर घुस गए। इसके बाद उन्होंने गोदाम में रखा करीब 20 हजार रुपये मूल्य का कोल्हू का सामान तथा एक टुल्लू पंप चोरी कर लिया। शनिवार सुबह खेतों की ओर जा रहे ग्रामीणों ने गोदाम की टूटी दीवार देखी और इसकी सूचना अरविंद रस्तोगी व जोगेंद्र शाक्य को दी। मौके पर पहुंचकर उन्होंने चोरी की पुष्टि की और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही प्रभारी थानाध्यक्ष आशुतोष सिंह पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और मौका मुआयना किया। निरीक्षण के दौरान घटनास्थल के आसपास मोटरसाइकिल के आने-जाने के निशान मिले हैं।पुलिस मामले की जांच कर चोरों की तलाश में जुटी है।

# श्रावण मास में काशी विश्वनाथ मंदिर में नहीं होगा प्रोटोकॉल दर्शन

वाराणसी। श्री काशी विश्वनाथ धाम में श्रावण मास के दौरान विशेष सुविधा (प्रोटोकॉल) दर्शन व्यवस्था स्थगित रहेगी। मंदिर प्रशासन के अनुसार, इस वर्ष श्रावण मास 30 जुलाई से 28 अगस्त तक रहेगा।इस अवधि में देश-विदेश से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के बाबा श्री काशी विश्वनाथ के दर्शन-पूजन के लिए आने की संभावना है, जिससे श्रद्धालुओं की संख्या में कई गुना वृद्धि होने का अनुमान है। मुख्य कार्यपालक अधिकारी विश्व भूषण ने बताया कि श्रावण मास के दौरान श्रद्धालुओं को दर्शन के लिए औसतन छह से सात घंटे तक प्रतीक्षा करनी पड़ सकती है। ऐसी स्थिति में यदि विशेष सुविधा (प्रोटोकॉल) दर्शन जारी रखा जाता है तो सामान्य श्रद्धालुओं को असुविधा होगी। इसे देखते हुए पूरे श्रावण मास में विशेष सुविधा (प्रोटोकॉल) दर्शन व्यवस्था पूर्णतः स्थगित रखने का निर्णय लिया गया है।

## 51वीं अंतरजनपदीय शूटिंग लखनऊ जोन की प्रतियोगिता का आगाज

सीतापुर। 11वीं वाहिनी पीएसी स्थित फायरिंग रेंज परिसर में शनिवार को लखनऊ जोन की 51वीं अंतरजनपदीय शूटिंग स्पोर्ट्स एवं अलार्म एफिशिएंसी रेस प्रतियोगिता-2026 का शुभारंभहुआ। प्रतियोगिता का उद्घाटन अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी दुर्गेश कुमार सिंह ने किया। तीन दिवसीय प्रतियोगिता में लखनऊ जोन के 10 जनपदों एवं इकाइयों के कुल 57 पुलिस खिलाड़ी राइफल, रिवॉल्वर,



पिस्टौल शूटिंग तथा अलार्म एफिशिएंसी रेस जैसी स्पर्धाओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। प्रतिभागी जनपदों में सीतापुर, लखनऊ, हरदोई, लखीमपुर खीरी, बाराबंकी, उन्नाव, अमेठी, सुल्तानपुर तथा सुरक्षा विभाग सहित अन्य इकाइयां शामिल हैं। उद्घाटन समारोह में अपर पुलिस अधीक्षक ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए खेल भावना, अनुशासन और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं पुलिस जवानों की शारीरिक दक्षता, निशानेबाजी कौशल, आत्मविश्वास और आपसी समन्वय को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। प्रतियोगिता आगामी तीन दिनों तक विभिन्न स्पर्धाओं के साथ चलेगी। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को समापन समारोह में सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी लाइन्सध्सदर नेहा त्रिपाठी, प्रतिसार निरीक्षक शिवबालक वर्मा सहित पुलिस विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## मंदिर का रास्ता घेरने पर भड़का आक्रोश, बजरंग दल का धरना

सीतापुर। सकरन थाना क्षेत्र के किरतापुर गांव में मंदिर तक जाने वाले रास्ते को लेकर शुक्रवार को विवाद गहरा गया। फलाहारी बाबा और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने मंदिर का स्वतंत्र मार्ग खुलवाने की मांग को लेकर धरना-प्रदर्शन शुरू कर दिया, जिससे इलाके में तनाव का माहौल बन गया। प्रदर्शनकारियों का आरोप था कि ग्राम प्रधान ने अस्थायी गोशाला के चारों ओर जाली लगाकर घेराबंदी कर दी है, जिससे मंदिर उसी परिसर में आ गया। गोशाला का केवल एक ही गेट होने के कारण श्रद्धालुओं को दर्शन के लिए अक्सर परेशानी उठानी पड़ती है। उनका कहना था कि कई बार मंदिर जाने पर गेट तक नहीं खोला जाता, जिससे धार्मिक भावनाएं आहत होती हैं। सूचना पर थाना प्रभारी प्रदीप कुमार सिंह और बिसवां के नायब तहसीलदार मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने दोनों पक्षों से वार्ता कर मंदिर तक अलग रास्ता उपलब्ध कराने और समस्या का समाधान कराने का आश्वासन दिया।इसके बाद प्रदर्शनकारियों ने धरना समाप्त कर दिया। पूरे घटनाक्रम के दौरान पुलिस बल तैनात रहा और स्थिति शांतिपूर्ण बनी रही।

## युवती ने नहर में लगायी छलांग पुलिस की सूझबूझ से बची जान

सीतापुर।हरगांव थाना क्षेत्र में शनिवार को एक युवती ने कोरैय्या पुल से नहर में छलांग लगाकर आत्महत्या का प्रयास किया। मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों की त्वरित कार्रवाई से उसकी जान बच गई। जानकारी के अनुसार, पैंतला गांव निवासी 20 वर्षीय सुलोचना पुत्री महेश परिजनों से नाराज होकर कोरैय्या पुल पहुंची और नहर में छलांग लगा दी। राहगीरों ने घटना देख शोर मचाया। सूचना मिलते ही पास में मौजूद हेड कांस्टेबल धर्मराज यादव और पीआरवी पुलिस टीम ने बिना देर किए नहर में उतरकर युवती को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। पुलिस ने घटना की सूचना परिजनों को दी, जिसके बाद वे युवती को अपने साथ घर ले गए। थाना प्रभारी आनंद नारायण त्रिपाठी ने बताया कि घरेलू प्रताड़ना से आहत होकर युवती ने यह कदम उठाया था। फिलहाल वह पूरी तरह सुरक्षित है।

## शटडाउन के बावजूद दौड़ा करंट खंभे से गिरा प्राइवेट विद्युत कर्मी

सीतापुर। इमलिया सुल्तानपुर थाना क्षेत्र के छतौना गांव में शनिवार सुबह बिजली के खंभे पर काम करते समय प्राइवेट विद्युत कर्मी मंगली राठौर (32) करंट की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गया। करंट लगते ही वह खंभे से नीचे गिर पड़ा, जिससे उसे गंभीर चोटें भी आईं। परिजनों और साथियों ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसका उपचार जारी है। घायल मंगली का आरोप है कि लाइनमैन गुड्डू और जूनियर इंजीनियर राशिद खान ने शटडाउन लेने की बात कहकर उसे खंभे पर चढ़ाया था। लेकिन काम शुरू करते ही अचानक लाइन में करंट दौड़ गया और वह हादसे का शिकार हो गया। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। घायल कर्मी ने लाइनमैन और जेई पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया है। उल्लेखनीय है कि जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर पहले ही निर्देश दे चुके हैं कि जोखिम भरे विद्युत कार्य प्राइवेट कर्मचारियों से न कराए जाएं।इसके बावजूद हुई इस घटना ने विद्युत विभाग की सुरक्षा व्यवस्था और कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

## व्यापारी समाज देश का गौरवः कंछल

जौनपुर। जिला उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की बैठक जिलाध्यक्ष श्री इंद्रभान सिंह इंदु की अध्यक्षता में नगर स्थित होटल में संपन्न हुई।बैठक के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व राज्यसभा सांसद बनवारीलाल कंछल रहे। बैठक में जनपद के विभिन्न तहसीलों, नगरों, कस्बों एवं बाजार इकाइयों से आए पदाधिकारियों ने अपने-अपने क्षेत्रों के व्यापारियों की समस्याओं को रखा। व्यापारियों ने बाजारों में मूलभूत सुविधाओं, सुरक्षा व्यवस्था, अतिक्रमण, यातायात, बिजली, साफ-सफाई, जिला पंचायत की बाजारों में मनमाना शुल्क, खाद्य विभाग द्वारा सैंपलिंग के नाम पर व्यापारिक उत्पीड़न, जीएसटी रिटर्न सहित अन्य व्यापारिक गतिविधियों से जुड़ी अन्य समस्याओं से मुख्य अतिथि एवं प्रदेश नेतृत्व को अवगत कराया।मुख्य अतिथि ने आश्वासन दिया कि व्यापारियों की प्रत्येक जायज समस्या के समाधान हेतु संगठन पूरी मजबूती के साथ कार्य करेगा। उन्होंने कहा कि व्यापारियों के हितों की रक्षा और उनके सम्मान के लिए संगठन सदैव संघर्षरत रहेगा तथा आवश्यक होने पर संबंधित अधिकारियों एवं शासन स्तर पर प्रभावी पहल की जाएगी।बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष ने की। उन्होंने सभी पदाधिकारियों से संगठन को और अधिक सशक्त एवं सक्रिय बनाने का आह्वान करते हुए कहा कि व्यापारी समाज की एकता ही उसकी सबसे बड़ी शक्ति है। बैठक में प्रांतीय मंत्री शकील अहमद, अब्दुल हक अंसारी, विजय गुप्ता, अरुण कमलापुरी, जीवन लाल अग्रहरि, डॉ नरसिंह, लल्लन प्रताप सिंह, इकराम अंसारी, पवन गुप्ता, शिवचंद यादव, मुकेश जायसवाल, भगौती यादव, अशोक निगम, मुनव्वर अली, संजीव साहू, गौरव मौर्य, राकेश मौर्य, आशीष जायसवाल, आदि मौजूद रहे। संचालन जिला महामंत्री श्री आरिफ हबीब ने किया ।

संक्षेप

## सांप ने मासूम को डसा, अस्पताल पहुंचे

ललितपुर। जिले के बार कस्बे में शुक्रवार देर शाम एक ऐसा मामला सामने आया जिसने हर किसी को हैरान कर दिया। घर के आंगन में खेल रही पांच वर्षीय मासूम बच्ची को सांप ने डस लिया। परिजन बच्ची को इलाज के लिए अस्पताल ले गए, लेकिन इसके साथ ही सांप को भी पकड़कर बोरी में बंद कर अपने साथ ले आए। मेडिकल कॉलेज के ट्रॉमा सेंटर पहुंचने पर जब बोरी खुली तो सांप बाहर निकल आया, जिससे अस्पताल परिसर में अफरा-तफरी और भगदड़ जैसी स्थिति बन गई। बार कस्बा निवासी आशीष की पांच वर्षीय पुत्री तमन्ना शुक्रवार शाम करीब सात बजे अपने घर के आंगन में खेल रही थी। उसी दौरान परिवार का एक युवक आंगन में रखी बाल्टी में हाथ धोने पहुंचा।

जैसे ही उसने बाल्टी में हाथ डाला, उसमें पहले से छिपा सांप दिखाई दिया। घबराहट में उसके हाथ से बाल्टी गिर गई। सांप के काटते ही बच्ची की हालत बिगड ? लगी। घबराए परिजन तत्काल उसे सीएचसी बार लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

# एडीएम और बाल कल्याण समिति ने किया राजकीय सम्प्रेक्षण एवं बाल गृह का निरीक्षण

### बच्चों को शिक्षा, चिकित्सा, खेल, व्यायाम सहित कौशल प्रशिक्षण देने के निर्देश




जिला संवाददाता

**ललितपुर।** अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व दिनेश कुमार एवं जिला बाल कल्याण समिति ने राजकीय सम्प्रेक्षण गृह (किशोर) नेहरूनगर एवं राजकीय बाल गृह (बालक), दैलवारा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान दोनो संस्थाओं में बच्चों को दी जाने वाली चिकित्सा, शिक्षा, खानपान, खेल, व्यायाम आदि सुविधाओं के बारे में जानकारी ली गई तथा उनके कक्षों सहित रसोई व शौचालय आदि को देखा गया। इसके साथ ही संस्थाओं की पंजिकाओं व पत्रावलियों का भी अवलोकन किया गया।

संस्थाओं में सीसीटीवी कैमरे संचालित हैं, व बच्चों को नियमित रूप से पठन-पाठन, भोजन, व्यायाम, खेल आदि व्यवस्थाएं ठीक पायी गईं। दोनों संस्थाओं के अधीक्षकों को निर्देश दिये गए कि बच्चों का नियमित स्वास्थ्य परीक्षण कराया जाए, साथ ही समय-समय पर बाल संरक्षण समिति द्वारा निरीक्षण किया जाए ताकि बच्चों को कोई समस्या न हो। बच्चों को नियमित योग एवं व्यायाम कराया जाए ताकि ये स्वस्थ रहें। इसके अलावा बच्चों को हुनरमंद बनाने के लिए उनकी रुचि के अनुसार उनका कौशल विकास के तहत प्रशिक्षण दिलाया जाए।उन्होंने यह भी निर्देश दिये कि संस्थाओं में सुरक्षा की दृष्टि से सीसीटीवी कैमरे सुचारु रखें और कण्ट्रोल रूम से निगरानी भी करायें।

इसके अलावा 24 घंटे गार्डों की ड्यूटी लगायी जायें। समिति के द्वारा संस्थाओं में निवासरत बालकों से भी बात की गई और बच्चों का जन्मदिन मनाकर उन्हें उपहार भी दिये गए।

इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी नरेन्द्र सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी नन्दलाल सिंह, बाल कल्याण समिति एवं किशोर न्याय बोर्ड से सदस्यों के अलावा शिक्षणगण उपस्थित रहे।

# श्रावण मास, नाग पंचमी मेले की तैयारी व्यवस्थाओ का जायजा लेने पहुंचे डीएम



**बाराबंकी।** तहसील नवाबगंज अन्तर्गत ग्राम मजीठा स्थित प्रसिद्ध श्री नाग देवता मजीठा धाम में आगामी श्रावण मास एवं नाग पंचमी पर आयोजित होने वाले मेले की तैयारियों का जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह ने निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने मंदिर परिसर, मेला स्थल, पार्किंग व्यवस्था, आवागमन मार्ग, पेयजल, स्वच्छता, प्रकाश व्यवस्था एवं श्रद्धालुओं की सुविधाओं से संबंधित तैयारियों का अवलोकन करते हुये आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न होने व सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय से पूर्ण करने को लेकर सम्बधितो को निर्देशित किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने क्षेत्राधिकारी यातायात से मेले के दौरान प्रस्तावित रूट डायवर्जन, यातायात संचालन एवं सुरक्षा प्रबंधों की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। उन्होंने श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को ध्यान में रखते हुए प्रभावी ट्रैफिक प्लान तैयार करने, संवेदनशील स्थलों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित करने, भीड़ प्रबंधन, बैरिकेडिंग, पार्किंग स्थलों के सुव्यवस्थित संचालन, आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने के लिए समुचित कार्ययोजना तैयार रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान ज्वॉइंट मजिस्ट्रेट व उप जिलाधिकारी नवाबगंज गुंजिता अग्रवाल, क्षेत्राधिकारी आलोक पाठक सहित संबंधित विभागों अधिकारी मौजूद रहे।

**● श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा एवं यातायात प्रबंधन की सभी व्यवस्थाएं समय से सुनिश्चित करने के निर्देश**

# लूट की घटना का खुलासा, 5 गिरफ्तार, कार, नगद, मोबाइल व तमंचा बरामद



**बाराबंकी।** थाना कुर्सी पुलिस ने लूट की घटना का खुलासा करते हुये 5 अभियुक्तों को कार, नगद, मोबाइल व तमंचा बरामद करते हुये गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस टीम ने 5 अभियुक्तों साहिद रजा उर्फ मो0 अयान पुत्र अख्तर अली निवासी पलका, समीर पुत्र अलीम निवासी ग्राम पैकरामऊ, रोमान अंसारी पुत्र सरफुद्दीन निवासी बेहटा थाना गुडम्बा, लखनऊ, आकिब पुत्र मुज्जन निवासी नई बस्ती व मुज्जमिल उर्फ छोटू पुत्र नवी अहमद उर्फ कल्लू निवासी अनवारी थाना कुर्सी को लिखना अण्डर पास से 1900 रुपये नकद, 3 अदद मोबाइल, घटना में प्रयुक्त एक अदद कार यूपी 32 आरएम 7452, 1 अदद तमंचा मय 2 अदद जिंदा कारतूस बरामद करते हुये गिरफ्तार किया। पूछताछ मे अभियुक्त जनपद लखनऊ स्थित डील ऑन कॉल एजेंसी से कार बुक कराकर उसी कार से चोरी, लूट की घटनाओ को अंजाम देते थे। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम मे प्र0नि0 कृष्ण कान्त सिंह, उ0नि0 संजय यादव, उ0नि0 कामता प्रसाद मिश्र, हे0का0 अम्बुज कुमार, का0 विवेक गुप्ता, सतीश कुमार, अनुज मिश्रा, सुजीत सिंह, रूपेन्द्र सिंह, रि0का0 जयसिंह मौजूद रहे।

# खाद्य और रसद राज्यमंत्री ने 1200 बाढ़ पीड़ित परिवारों को सौंपी राहत किट



**रामसनेहीघाट, बाराबंकी।** विकासखण्ड पूरेडलई के खजुरी बाढ़ राहत केन्द्र पर खाद्य एंव रसद राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने 1200 बाढ़ पीड़ित परिवारों मे राहत किट वितरण की। इस अवसर पर राज्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार बाढ़ से प्रभावित हर परिवार के साथ खड़ी है। उन्होंने आश्वासन दिया कि किसी को भी भूखा नहीं सोने दिया जाएगा और राहत एवं बचाव कार्य युद्धस्तर पर जारी हैं। कार्यक्रम में उपजिलाधिकारी बृजेन्द्र उपाध्याय, तहसीलदार शशांक उपाध्याय, नायब तहसीलदार सुधाकर पांडेय आदि मौजूद रहे।

# ट्रेन में चढ़ते समय यात्री की जेब कटी, पर्स लेकर जेब कतरा फरार

जिला संवाददाता

**ललितपुर।** विदिशा रेलवे स्टेशन पर ट्रेन में चढ़ते समय ललितपुर निवासी एक यात्री की जेब से पर्स चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर जीआरपी थाना पुलिस ने अज्ञात चोर के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली सदर क्षेत्र के नदीपुरा निवासी मनीष कुमार जैन पुत्र स्व. रतनचंद जैन शुक्रवार 24 जुलाई को विदिशा से ललितपुर आने के लिए ट्रेन संख्या 14115 प्रयागराज एक्सप्रेस की जनरल बोगी में सवार हो रहे थे। शाम करीब 5.25 बजे प्लेटफॉर्म नंबर-1 पर ट्रेन में चढ़ते समय पीछे से आए एक अज्ञात युवक ने उनकी जेब से पर्स निकाल लिया और भीड़ का फायदा उठाकर फरार हो गया। बताया कि आरोपी की उम्र करीब 25 वर्ष, कद लगभग 5 फुट 6 इंच, लंबा चेहरा, छोटे बाल तथा आसमानी रंग की शर्ट पहने हुए था। घटना का आभास होते ही उन्होंने आरोपी को पकड ? का प्रयास किया, लेकिन तब तक ट्रेन चल चुकी थी और चोर भी भीड़ में ओझल हो गया। घटना के तुरंत बाद मनीष कुमार जैन ने रेलवे की हेल्पलाइन 139 पर शिकायत दर्ज कराई। उनके पर्स में 1700 रुपये नकद, स्वयं एवं माता-पिता के आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, एटीएम कार्ड तथा व्यापार से संबंधित महत्वपूर्ण दस्तावेज रखे हुए थे। ललितपुर पहुंचने के बाद उसने जीआरपी थाना में लिखित तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने बीएनएस की धारा 305(बी) में अज्ञात आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है।

**ललितपुर निवासी व्यापारी ने जीआरपी में दर्ज कराई रिपोर्ट**

# तीन युवाओं की मौत के बाद मृतकों के घर पहुंचे डीएम, एसपी

### पीड़ित परिवार के दुख में सहभागी बने जिलाधिकारी सत्य प्रकाश, हर सम्भव सहायता का दिलाया भरोसा

**ललितपुर।** नगर के बाहर रोड़ा गांव के नेशनल हाईवे-44 पर बने कट पर दो दिन पूर्व गुरूवार को हुई हृदयविदारक सड़क दुर्घटना में एक ही परिवार के तीन युवाओं की आकस्मिक मृत्यु से पूरा क्षेत्र शोकाकुल है। इस दुखद दुर्घटना पर गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी सत्य प्रकाश शनिवार को पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार बाजपेई के साथ स्वयं दुर्घटना पीड़ित परिवार के घर पहुंचे।



जिलाधिकारी ने शोकसंतप्त परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया तथा दिवंगत आत्माओं के प्रति अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि इस कठिन समय में जिला प्रशासन पूरी संवेदनशीलता के साथ परिवार के साथ खड़ा है और परिवार की हर सम्भव सहायता की जाएगी।

इस दौरान जिलाधिकारी ने मौके पर उपस्थित उप जिलाधिकारी सदर को निर्देशित किया कि वह पीड़ित परिवार को शासन द्वारा संचालित सभी पात्र कल्याणकारी योजनाओं से तत्काल आच्छादित कराते हुए उन्हें अधिकतम लाभ दिलायें, ताकि विपरीत परिस्थितियों में परिवार को आवश्यक सम्वल मिल सके। परिजनों एवं ग्रामीणों की मांग को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने रोड़ा गांव को नेशनल हाईवे से जोड़ने वाले सम्पर्क मार्ग तथा गांव से श्यमसान घाट तक जाने वाले मार्ग को पक्का कराने के लिए ग्राम पंचायत एवं क्षेत्र पंचायत से शीघ्र प्रस्ताव तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश दिये।

इसके उपरान्त जिलाधिकारी दुर्घटना स्थल पर पहुंचे और घटना स्थल का सूक्ष्म निरीक्षण कर दुर्घटना के कारणों एवं सड़क सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि भविष्य में इस प्रकार की दुखद घटना की पुनरावृत्ति रोकना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने नेशलन हाईवे अथॉरिटी तथा लोक निर्माण विभाग के इंजीनियरों को निर्देशित किया कि वह दुर्घटना स्थल को ब्लैक स्पॉट के रूप में चिन्हित करते हुए आवश्यक सुरक्षा उपाय तत्काल सुनिश्चित करायें। उन्होंने चेतावनी संकेत, रम्बल स्ट्रिप, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, स्पीड कण्ट्रोलर एवं अन्य आवश्यक सुरक्षा मानकों को शीर्घ लागू करने के निर्देश दिये, जिससे भविष्य में किसी भी प्रकार की दुर्घटना की संभावना को न्यूनतम किया जा सके।जिलाधिकारी के इस मानवीय एवं संवेदनशील पहल की ग्रामीणों और परिजनों ने सराहना करते हुए कहा कि प्रशासन का इस कठिन समय में उनके बीच पहुंचना उन्हें मानसिक संवल प्रदान करने वाला है। जिला प्रशासन ने भी आस्वस्त किया कि पीड़ित परिवार के हितों की रक्षा तथा सड़क सुरक्षा के स्थायी उपायों के लिए हर संभव कार्यवाही प्राथमिकता के आधार पर की जाएगी।

# पूर्व सांसद फूलन देवी की पुण्यतिथि पर सपा कार्यालय पर हुई श्रद्धांजलि सभा

**बाराबंकी।** महिलाओं के साथ अत्याचार शोषण के खिलाफ आवाज बुलंद करने वाली सामाजिक न्याय की प्रतीक पूर्व सांसद फूलन देवी की पुण्यतिथि पर



छाया चैराहा स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय पर जिलाध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद मे श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। सभा मे पूर्व सांसद के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुये उनके व्यक्तित्व कृतित्व पर विस्तार से चर्चा की गई। इस मौके पर पूर्व विधान परिषद सदस्य राजेश यादव राजू, जिला महासचिव हिमांशु यादव, जिला प्रवक्ता वीरेंद्र प्रधान, हुमायूं नईम खान, जिला कोषाध्यक्ष प्रीतम सिंह वर्मा, अजय वर्मा बबलू, कामता प्रसाद यादव, प्रदुमन यादव, लल्ला यादव, अजीत सिंह यादव, अर्पित रावत, अनिल यादव, प्रमोद रावत, सुमन यादव, मोहम्मद मुस्ताक, आजम मलिक, मोहम्मद मेराज, राजकुमार वर्मा आदि मौजूद रहे।

# सपाइयों ने निकाला जुलूस, तख्तिया लहराकर की सरकार के खिलाफ की नारेबाजी

जिला संवाददाता

**बाराबंकी।** जनपद में यूरिया की कमी, नीट परीक्षा मे पेपर लीक, बिजली मीटर व बिजली बिल में धांधली सहित मौलाना मोहम्मद जौहर अली यूनिवर्सिटी को सुरक्षित बनाये रखने की मांगों को लेकर समाजवादी पार्टी जिलाध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद व पूर्व एमएलसी राजेश यादव राजू के नेतृत्व मे कार्यकर्ताओ ने गन्ना कार्यालय से डी0एम कार्यालय तक जुलूस निकाल प्रदर्शन किया। इसके उपरान्त महामहिम राज्यपाल को सम्बोधित 5 सूत्रीय मांग पत्र जिलाधिकारी कार्यालय पर उपजिलाधिकारी शैलेन्द्र वर्मा को सौपा। ज्ञापन मे कहा गया है कि जनपद किसानों को तत्काल उनकी मांग के अनुरूप यूरिया और डीएपी खाद उपलब्ध कराई जाये। मौलाना मोहम्मद जौहर अली यूनिवर्सिटी में शिक्षा प्राप्त कर रहे छात्रों के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए यूनिवर्सिटी को न तोड़ा और न गिराया जाये। नीट पेपर लीक करने वालों के ऊपर सख्त से सख्त कार्यवाही कर छात्रों नौजवानों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वाले केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का तत्काल इस्तीफा एवं छात्रों पर लाठियां भांजने वालों पर कार्यवाही, स्मार्ट मीटर के माध्यम से बिजली बिल में धांधली करने वाले एवं जबरदस्ती स्मार्ट मीटर लगाने की प्रक्रिया तत्काल बंद और भ्रष्टाचार करने वालों के ऊपर कार्यवाही, जनपद की सड़कों में बड़े-बड़े गड्ढों को तत्काल भराने का कार्य किये जाने की मांग की। प्रदर्शन के दौरान हिमांशू यादव, वीरेन्द्र प्रधान, आदि उपस्थित रहे।



**● यूरिया की कमी, पेपर लीक, बिजली मीटर व बिल में धांधली, जौहर अली यूनिवर्सिटी को सुरक्षित बनाये रखने की पुरजोर मांग**

# उद्यान विभाग की योजनाओं के लक्ष्य हासिल

जिला संवाददाता

ललितपुर। जनपद के किसानों के लिए उद्यान विभाग की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के तहत वर्ष 2026-27 के लिए लक्ष्य प्राप्त हो गए हैं। जिला उद्यान अधिकारी राजेन्द्र कुमार ने बताया कि इच्छुक किसान निर्धारित पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर इन योजनाओं का लाभ उठा सकते हैं। विभाग ने किसानों से अपील की है कि वे समय रहते आवेदन करें, क्योंकि सभी योजनाओं में लाभ पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर दिया जाएगा। जिला उद्यान अधिकारी ने बताया कि एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजना के अंतर्गत स्ट्रॉबेरी, पपीता, बेर, आंवला, अमरूद, नींबू, अनार एवं किन्नू के उद्यान लगाने, संकर सब्जियों की खेती, प्याज- लहसुन उत्पादन, लो-कॉस्ट मशरूम उत्पादन इकाई, मसाला एवं फूलों की खेती, सब्जियों के लिए मल्चिंग व मचान निर्माण तथा फसलों की सुरक्षा के लिए तार फेंसिंग जैसी गतिविधियों पर अनुदान दिया जाएगा। इसी प्रकार मुख्यमंत्री राज्य औद्यानिक मिशन योजना के तहत संकर हाईब्रिड सब्जियों की खेती, 12 से 16 लीटर क्षमता के पावर नैपसेक स्प्रेयर तथा 8 बीएचपी तक के पावर टिलर पर अनुदान का लाभ किसानों को मिलेगा। वहीं अनुसूचित जाति एवं जनजाति क्षेत्र में औद्यानिक विकास योजना के अंतर्गत संकर कद्दू वर्गीय सब्जियां, टमाटर, मसाला मिर्च, प्याज, शिमला मिर्च, गेंदा की खेती, समेकित कीट प्रबंधन एवं पावर टिलर पर अनुदान उपलब्ध कराया जाएगा। इसके अलावा श्पर ड्रॉप मोर क्रॉपश माइक्रो इरीगेशन योजना के तहत जनपद में 4,414 सूक्ष्म सिंचाई प्रणालियों की स्थापना का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

योजना के तहत लघु एवं सीमांत किसानों को 75 से 90 प्रतिशत तथा अन्य किसानों को 65 से 80 प्रतिशत तक अनुदान दिया जाएगा। उद्यान विभाग ने बताया कि प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के अंतर्गत खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों की स्थापना अथवा पहले से संचालित इकाइयों के उन्नयन के लिए इकाई लागत का 35 प्रतिशत अथवा अधिकतम 10 लाख तक की क्रेडिट लिंक्ड सब्सिडी प्रदान की जाएगी। इस योजना में आटा, बेसन, दलिया, अचार, तेल, पॉपकॉर्न, नमकीन, बिस्किट, टोस्ट, मसाले सहित अन्य खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों को शामिल किया गया है। जिला उद्यान अधिकारी ने बताया कि सभी योजनाओं में आवेदन के लिए किसानों को आधार कार्ड, बैंक पासबुक, खसरा-खतौनी, फार्मर रजिस्ट्री की प्रति एवं पासपोर्ट आकार का फोटो प्रस्तुत करना होगा। आवेदन जनसेवा केंद्र, साइबर कैफे अथवा जिला उद्यान अधिकारी कार्यालय के माध्यम से ऑनलाइन किए जा सकते हैं। उन्होंने बताया कि सभी योजनाओं में स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिला आवेदकों को पात्रता के आधार पर प्राथमिकता दी जाएगी। साथ ही शासन के दिशा-निर्देशों के अनुसार पंजीकृत किसानों पहले पाओ के आधार पर लाभान्वित किया जाएगा।

**पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर योजनाओं का लाभ उठायें किसान**

# नीट परीक्षा में पास करने पर छात्र आदिल का मलिक समाज फाउंडेशन ने किया स्वागत



**जैदपुर, बाराबंकी।** मलिक समाज फाउंडेशन राष्ट्रीय अध्यक्ष इरशाद मलिक के नेतृत्व मे पदाधिकारियो ने जैदपुर के रहमानगंज निवासी छात्र आदिल रजा मलिक पुत्र सरफुद्दीन मलिक को नीट परीक्षा पास करने पर बूके व मोमटो देकर सम्मानित किया। तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस मौके पर छात्र आदिल ने कामयाबी के पीछे परिवार का सहयोग बताया। तथा डॉक्टर बनकर देश की सेवा करने को प्राथमिकता बताया। स्वागत करने वालो डॉक्टर अफजाल मलिक, कदीर मलिक, हाजी इरफान मलिक, फैसल मलिक, शहाबुद्दीन मलिक, सलमान मलिक, फुरकान मलिक, असगर मलिक, जावेद मलिक, नफीस मलिक, मास्टर मोहम्मद अहमद मलिक, कफील मलिक, आजम मलिक, मास्टर मोहम्मद शोएब कामिल मलिक मौजूद रहे।

# कारगिल विजय दिवस स्वतंत्र भारत के सभी देशवासियों के लिए एक बहुत ही महत्वपूर्ण दिवसः डॉ. सौरभ

ललितपुर । राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद नैक द्वारा मूल्यांकित संस्थान पहलवान गुरुदीन प्रशिक्षण महाविद्यालय में कारगिल विजय दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि ग्रुप आफ कॉलेज के डायरेक्टर डॉक्टर सौरव यादव, प्रशिक्षण महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर महेश कुमार झा, कार्यक्रम संयोजक असि. प्रो. नसीम खान ने किया इस अवसर पर महाविद्यालय के डायरेक्टर डॉक्टर सौरव यादव ने कहा कि कारगिल विजय दिवस स्वतंत्र भारत के सभी देशवासियों के लिए एक बहुत ही महत्वपूर्ण दिवस है भारत में प्रत्येक वर्ष 26 जुलाई को यह दिवस मनाया जाता है इस दिन भारत और पाकिस्तान की सेनाओ के बीच वर्ष 1999 में कारगिल युद्ध हुआ था यह युद्ध 60 दिनों तक चला था और 26 जुलाई के दिन उसका अंत हुआ था प्राचार्य डॉक्टर महेश कुमार झा ने बताया कि कारगिल विजय दिवस हमारे देश के उन जांबाज सैनिकों की याद दिलाता है जिन्होंने मातृभूमि की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया हमारे सैनिक सीमाओं पर सिर्फ इसलिए डटे रहे ताकि हम सब चेन की नींद सो सके आज के दिन हमे इन शहीदों के बलिदान को याद रखना चाहिए इस अवसर पर पहलवान गुरुदीन प्रशिक्षण महाविद्यालय के समस्त स्टाफ और छात्र- छात्राएं उपस्थित रहे।

# जंतर-मंतर लाठीचार्ज के विरोध में भीम आर्मी-आजाद समाज पार्टी का प्रदर्शन

ललितपुर। दिल्ली के जंतर-मंतर पर विभिन्न मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहे युवाओं पर हुए कथित लाठीचार्ज के विरोध में शनिवार को भीम आर्मी भारत एकता मिशन एवं आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के नेतृत्व में ललितपुर में विशाल धरना-प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के बाद कार्यकताओं ने एसडीएम सदर को राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपकर घटना की निष्पक्ष जांच कराने की मांग उठायी। वहीं केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की खबर सुनकर कार्यकताओं ने खुशी का इजहार किया। कार्यक्रम का नेतृत्व भीम आर्मी जिलाध्यक्ष दीपक गौतम ने किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि जंतर-मंतर पर लोकतांत्रिक तरीके से अपनी मांगों को रख रहे युवाओं पर बल प्रयोग लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ है। उन्होंने दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई करने और युवाओं की मांगों पर गंभीरता से विचार करने की मांग की। प्रदर्शन के दौरान कार्यकताओं ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए कहा कि छात्रों और युवाओं की आवाज को दबाने का प्रयास बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ज्ञापन में मांग की गई कि लाठीचार्ज की न्यायिक जांच कराई जाए, दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो। इस दौरान झांसी मंडल उपाध्यक्ष राहुल गौतम, आजाद समाज पार्टी के जिला पदाधिकारी रमाकांत चैधरी, पूर्व जिलाध्यक्ष रामदास गौतम, भरत गौतम (ब्रजनगर), भीम आर्मी के जिला मीडिया प्रभारी, बलराम अंबेडकर, अंकित चैधरी, नरेंद्र गौतम, नरेंद्र कुमार, खलक सिंह, सीताराम, सुनील हंसरी, संदीप, महेंद्र (ककरुआ), अभिषेक चैधरी, राजीव (जखौरा), रौनक (जखौरा), आशीष (विंका), फूलचंद (बारोद), अंकित, महेंद्र (टेंगा), देवी सिंह गौतम, शिवम (पिपरिया) सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं युवा मौजूद रहे।

# शिक्षा व्यवस्था में सुधार की मांग को लेकर छात्रों का शांतिपूर्ण प्रदर्शन

ललितपुर। शिक्षा व्यवस्था में सुधार को लेकर शनिवार को विद्यार्थियों ने शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन किया। छात्र निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सुबह घंटाघर परिसर में एकत्र हुए, जहां उन्होंने लोकतांत्रिक तरीके से अपनी मांगों के समर्थन में धरना दिया। इसके बाद छात्र रैली के रूप में कलेक्ट्रेट पहुंचे और जिलाधिकारी तथा पुलिस अधीक्षक को राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपा।

**● घंटाघर से कलेक्ट्रेट तक निकाला मार्च, डीएम व एसपी को सौंपा ज्ञापन**
**● दिल्ली में छात्रों पर लाठीचार्ज और शिक्षा व्यवस्था के मुद्दे पर जताया विरोध**



हालांकि अपराह्न बाद केन्द्रीय शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की खबर सुनकर विद्यार्थियों ने हर्ष जताया। प्रदर्शन का नेतृत्व छात्र प्रतिनिधि धीरज चैधरी ने किया। उनके साथ अनुराग, आनंद सिंह, दिग्विजय सिंह लोधी सहित बड़ी संख्या में छात्र मौजूद रहे। प्रदर्शन के दौरान छात्रों ने शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता, परीक्षा प्रणाली में सुधार और छात्र हितों से जुड़े मुद्दों पर अपनी आवाज बुलंद की। छात्रों ने कहा कि हाल ही में दिल्ली में अपने लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक अधिकारों की मांग को लेकर शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे विद्यार्थियों पर पुलिस द्वारा किया गया लाठीचार्ज न केवल लोकतांत्रिक मूल्यों के विपरीत है, बल्कि यह अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और शांतिपूर्ण विरोध के संवैधानिक अधिकारों का भी उल्लंघन है। उन्होंने कहा कि शिक्षा और रोजगार जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर आवाज उठाने वाले छात्रों के साथ बल प्रयोग दुर्भाग्यपूर्ण है।

ज्ञापन में छात्रों ने मांग की कि दिल्ली की घटना की निष्पक्ष जांच कराई जाए, दोषियों के खिलाफ कार्रवाई किये जाने, साथ ही भविष्य में छात्रों के लोकतांत्रिक आंदोलनों के दौरान उनके संवैधानिक अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित की जाए। धरना-प्रदर्शन पूरी तरह शांतिपूर्ण रहा।

छात्रों ने प्रशासन के सभी दिशा-निर्देशों का पालन किया और किसी प्रकार की अव्यवस्था उत्पन्न नहीं होने दी। कलेक्ट्रेट पहुंचने पर जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपने के बाद प्रदर्शन शांतिपूर्वक समाप्त हो गया।

# तेज बारिश में कच्चा मकान ढहा, महिला की मौत

**ललितपुर।** जिले में शनिवार को मूसलधार बारिश के दौरान खेत पर बना कच्चा मकान ढह जाने से उसके मलबे में दबकर एक वृद्ध महिला की मौत हो गई।

पुलिस के अनुसार महरौनी कोतवाली क्षेत्र के सिंदवाहा गांव निवासी रतीबाई (60) अपने खेत में बने कच्चे मकान में मौजूद थीं। इसी दौरान क्षेत्र में तेज बारिश शुरू हो गई और कुछ ही देर में कच्चा मकान भरभराकर गिर गया, जिससे वह मलबे के नीचे दब गईं। जब तक उन्हें निकाला गया, तब तक उनकी मौत हो चुकी थी।

# उखड़ी सड़कें ठीक करें, नहीं तो दर्ज होगी एफआईआर

## जल जीवन मिशन के कार्यों पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जतायी नाराजगी

दिलीप सुराना



आगरा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को अपने आगरा दौरे के दौरान कमिश्नरी सभागार में जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के साथ एक विस्तृत समीक्षा बैठक की। बैठक में विकास परियोजनाओं, जनकल्याणकारी योजनाओं और कानून-व्यवस्था की मैराथन समीक्षा करते हुए सीएम ने सख्त तेवर दिखाए और अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जनसुविधाओं और विकास कार्यों में कोई भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने जल जीवन मिशन के तहत पेयजल पाइप लाइन बिछाने के लिए खोदी गई सड़कों की मरम्मत में लापरवाही पर कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने जल निगम के अधिकारियों को फटकार लगाते हुए कहा कि केवल रोड कटिंग कर उसे मोटरेबल बना देना पर्याप्त नहीं है। यदि सीसी (सीमेंट कंक्रीट) सड़क तोड़ी गई है, तो ठेकेदार को उसे सीसी सड़क ही बनाकर देनी होगी। सीएम ने स्पष्ट निर्देश दिए कि यदि कार्य संतोषजनक नहीं मिलता है, तो ठेकेदारों को ब्लैकलिस्ट करें और संबंधित अधिकारियों पर एफआईआर दर्ज कराएं। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को संवेदनशील होने का निर्देश देते हुए कहा कि फुटपाथों पर दुकान लगाने वाले रेहड़ी-पटरी दुकानदारों को उजाड़ा न जाए, बल्कि उन्हें उचित वेंडिंग जोन बनाकर विस्थापित किया जाए। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा करते हुए उन्होंने आयुष्मान कार्ड और पैनल वाले अस्पतालों के भुगतानों का सत्यापन कर जल्द निस्तारण के निर्देश दिए। बेसिक शिक्षा विभाग को लेकर उन्होंने कहा कि डीबीटी के माध्यम से भेजे गए पैसों का उपयोग सुनिश्चित कराने के लिए अभिभावकों के साथ बैठकें की जाएं। सीएम योगी ने कहा कि टीटीजेड और सुप्रीम कोर्ट के हालिया फैसले संतोषजनक हैं। उन्होंने मंडलायुक्त को निर्देश दिए कि न्यायालय के ऐसे फैसलों की निरंतर निगरानी करें जो आगरा को प्रभावित करते हैं, ताकि प्रभावी पैरवी से शहर का विकास न रुके। उन्होंने कहा कि आगरा में लेदर प्रोडक्ट और डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग की अपार संभावनाएं हैं, इसलिए उद्योगों को बढ़ावा देने की ठोस कार्ययोजना तैयार की जाए। बैठक में सीएम ने अवैध खनन पर रोक, जनसुनवाई को प्राथमिकता देने, अधिग्रहीत भूमि का किसानों को वर्तमान दर पर भुगतान करने और कांवड़ यात्रा की बेहतर तैयारियों के निर्देश भी दिए।

# अमेरिका ने भारत पर लगाया 10 प्रतिशत शुल्क




नयी दिल्ली। सरकार ने शनिवार को कहा कि भारत को अमेरिकी प्रशासन की धारा 301 जांच के तहत लगाए गए अतिरिक्त शुल्क के मामले में 10 प्रतिशत की निचली श्रेणी में रखा गया है। इसके साथ ही सरकार ने अमेरिकी के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) को जल्द अंतिम रूप देने की प्रतिबद्धता जताई। अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि (यूएसटीआर) ने 23 जुलाई को अमेरिकी व्यापार

**❍ भारत को अमेरिकी प्रशासन की धारा 301 जांच के तहत लगाए गए अतिरिक्त शुल्क**

अधिनियम, 1974 की धारा 301 के तहत अंतिम उपायों की घोषणा करते हुए 24 जुलाई से भारतीय वस्तुओं पर 10 प्रतिशत अतिरिक्त आयात शुल्क लागू किया है। यह कदम भारत समेत 60 अर्थव्यवस्थाओं की जांच के बाद उठाया गया है जिन पर बंधुआ मजदूरी (फोर्स्ड लेबर) से तैयार उत्पादों के आयात को लेकर पर्याप्त कदम न उठाने का आरोप था। अमेरिका ने शुरुआत में भारत पर 12.5 प्रतिशत शुल्क लगाने का प्रस्ताव दिया था। हालांकि बाद में इसे घटाकर 10 प्रतिशत कर दिया गया। इसने 24 फरवरी से 150 दिनों के लिए लगाए गए 10 प्रतिशत अस्थायी शुल्क की जगह ली है। वाणिज्य मंत्रालय ने अमेरिकी सरकार के इस फैसले पर अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि जांच के दौरान भारत ने लिखित प्रस्तुतियों, सार्वजनिक सुनवाई और प्रत्यक्ष परामर्श के जरिए यूएसटीआर के साथ लगातार संपर्क बनाए रखा। मंत्रालय ने कहा इन प्रयासों के परिणामस्वरूप भारत को अतिरिक्त शुल्क की निचली श्रेणी में रखा गया है, जिससे भारतीय निर्यात को प्रमुख क्षेत्रों में तुलनात्मक लाभ मिलेगा।

## संक्षेप

### सहकारी बैंक ने महिला स्वयं-सहायता समूहों की ऋण सीमा दोगुनी की

ठाणे। महाराष्ट्र में ठाणे जिला केंद्रीय सहकारी (टीडीसीसी) बैंक ने महिलाओं के स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) के लिए अधिकतम ज्ण सीमा दोगुनी कर 20 लाख रुपये करने के साथ शिक्षा ज्ण में गारंटर से जुड़े नियमों को भी सरल बना दिया है। टीडीसीसी के नवनिर्वाचित अध्यक्ष अरुण पाटिल ने शनिवार को एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि एसएचजी के लिए ज्ण सीमा बढ़ाने का उद्देश्य महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाना है। उन्होंने कहा, 'बढ़ी हुई ज्ण सुविधा से पात्र समूह अपने व्यवसाय का विस्तार कर सकेंगे, स्वरोजगार को बढ़ावा मिलेगा और ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में आय सृजन में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। पाटिल ने बताया कि बैंक के निदेशक मंडल ने अब शिक्षा ज्ण स्वीकृति के लिए दो गारंटर की अनिवार्यता समाप्त कर दी है और केवल एक सक्षम गारंटर के आधार पर ही ज्ण प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

### चीन का ट्रिप डॉट कॉम पर 76.5 करोड़ डॉलर का जुर्माना

बीजिंग। चीन ने ऑनलाइन यात्रा सेवा कंपनी ट्रिप डॉट कॉम ग्रुप पर एकाधिकार और प्रतिस्पर्धा को बाधित करने के आरोप में लगभग 5.2 अरब युआन (करीब 76.5 करोड़ डॉलर) का जुर्माना लगाया है। चीन की नियामक संस्था स्टेट एडमिनिस्ट्रेशन फॉर मार्केट रेगुलेशन ने शनिवार को कहा कि ट्रिप डॉट कॉम ने होटल क्षेत्र में अपनी मजबूत स्थिति का दुरुपयोग करते हुए कुछ होटलों के साथ विशेष समझौते किए और उन्हें प्रतिस्पर्धी मंचों के साथ काम करने से रोका। जांच में यह भी सामने आया कि कंपनी ने अपने डिजिटल मंच पर जुड़े होटलों को प्राथमिकता दी और उनसे अपनी वेबसाइट पर सबसे कम दर बनाए रखने का दबाव डाला। इससे बाजार में निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा प्रभावित हुई और उपभोक्ताओं के हितों को नुकसान पहुंचा।

### साकार हेल्थकेयर का पहली तिमाही में शुद्ध लाभ बढ़कर 10.28 करोड़

नयी दिल्ली। दवा कंपनी साकार हेल्थकेयर का वित्त वर्ष 2026-27 की अप्रैल-जून तिमाही में शुद्ध लाभ दोगुने से अधिक होकर 10.28 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी ने शनिवार को एक बयान में कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 की समान तिमाही में उसका शुद्ध लाभ 4.67 करोड़ रुपये था। समीक्षाधीन तिमाही में कंपनी की परिचालन आय 38 प्रतिशत बढ़कर 72.97 करोड़ रुपये हो गई, जो वित्त वर्ष 2025-2 की समान तिमाही में 52.73 करोड़ रुपये थी। साकार हेल्थकेयर के प्रबंध निदेशक संजय शाह ने कहा तिमाही में हमने व्यावसायिक साझेदारियों का विस्तार किया, निर्यात गतिविधियों को मजबूत किया। हमने प्रमुख वैश्विक दवा कंपनियों के साथ विपणन प्राधिकरण, विनिर्माण स्थल में बदलाव की मंजूरी तथा प्रौद्योगिकी हस्तांतरण परियोजनाओं को आगे बढ़ाया। साकार हेल्थकेयर लिमिटेड मुख्य रूप से कैंसर से जुड़ी दवाएं, एंटीबायोटिक्स और सामान्य दवा निर्माण में विशेषज्ञता रखती है।

# प्रधानमंत्री मोदी को बेतुके वीडियो बनाने के बजाय छात्रों से माफी मांगनी चाहिए : प्रियंका

एजेंसी



वायनाड (केरल)। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाद्रा ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधते हुए मांग की कि वह नीट परीक्षा में कथित अनियमितताओं के खिलाफ नयी दिल्ली में विरोध प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर पुलिस ज्यादतियों के लिए उनसे माफी मांगें। प्रियंका ने कहा कि प्रधानमंत्री माफी मांगने के बजाय बेतुके वीडियो बनाने में व्यस्त हैं और इंस्टाग्राम पर ज्यादा दोस्त बनाने के लिए लोगों का शुक्रिया अदा कर रहे हैं। उन्होंने यहां पत्रकारों से कहा, इस समय ऐसा किया जाना बेहद बेतुका है। यह बिल्कुल हास्यास्पद है। पूरे भारत में युवाओं के सड़कों पर उतरने के लिए वही जिम्मेदार हैं। वह (मोदी) इस बात के लिए जिम्मेदार हैं कि युवाओं के खिलाफ इस तरह पैलेट गन का इस्तेमाल किया गया, जैसे वे आतंकवादी हों। प्रियंका ने कहा, वह (प्रधानमंत्री मोदी) ही इसके लिए जिम्मेदार हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें देश के सामने जवाब देना होगा। उन्होंने कहा, उन्हें संसद में आकर अपनी बात रखनी चाहिए। छात्रों की जो मांगें हैं, उन्हें पूरा करने के लिए आवश्यक बदलाव करने होंगे। कांग्रेस सांसद ने आरोप लगाया कि व्यवस्था ने छात्रों को निराश किया है। उन्होंने दावा किया कि मौजूदा सरकार के कार्यकाल के दौरान 152 प्रश्नपत्र लीक की घटनाएं हुई हैं। उन्होंने कहा, व्यवस्था ने उन्हें (छात्रों को) तोड़ दिया है और उनके भविष्य को बर्बाद कर दिया है। जो भी व्यक्ति परीक्षा देना चाहता है।

# बंगाल सरकार ने लंबित 28 कैग रिपोर्ट सदन में रखी

एजेंसी



कोलकाता। पश्चिम बंगाल की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार ने शनिवार को विधानसभा में लंबे समय से लंबित 28 कैग रिपोर्ट पेश कीं और कहा कि इन पर चर्चा के लिए एक विशेष सत्र बुलाया जाएगा। सरकार ने आरोप लगाया कि राज्य की पूर्ववर्ती तृणमूल कांग्रेस सरकार ने इन रिपोर्ट को सदन में पेश नहीं करके संवैधानिक चूक की थी। राज्य के

**❍ तृणमूल पर संवैधानिक चूक का आरोप लगाया**

वित्त मंत्री स्वपन दासगुप्ता ने वित्त वर्ष 2020-21 से 2024-25 तक की नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) की रिपोर्ट विधानसभा में पेश करते हुए कहा कि इनके निष्कर्षों पर विस्तार से चर्चा के लिए विधानसभा का विशेष सत्र आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अपनी कमियों को जनता के सामने रखना सरकार की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि ये रिपोर्ट राज्य के वित्तीय हालात की वास्तविक तस्वीर पेश करेंगी और पश्चिम बंगाल पर आठ लाख करोड़ रुपये से अधिक के कर्ज के पीछे के कारणों को स्पष्ट करेंगी।

पिछली सरकार द्वारा कैग की रिपोर्ट विधानसभा में पेश नहीं किए जाने का उल्लेख करते हुए दासगुप्ता ने कहा उस संवैधानिक चूक को ध्यान में रखते हुए हम कैग रिपोर्ट के 28 खंड सदन के पटल पर रख रहे हैं। दासगुप्ता ने इसे गंभीर संवैधानिक चूक करार दिया और विधानसभा अध्यक्ष रथिन बोस से कहा कि कुछ ज्ञात और अज्ञात कारणों से कई वर्षों तक ये रिपोर्ट सदन में पेश नहीं की गईं। उन्होंने कहा, कैग की रिपोर्ट का संवैधानिक महत्व है। प्रत्येक सरकार की जिम्मेदारी है कि वह इन्हें विधानसभा के समक्ष रखे। उन्होंने कहा, हम आने वाले दिनों में एक विशेष सत्र आयोजित करना चाहते हैं, जिसमें इन कैग रिपोर्ट पर चर्चा की जाएगी।

यह बहुत महत्वपूर्ण है। सरकार की गलतियों को जनता के सामने रखना हमारा कर्तव्य है। सदन में पेश की गई रिपोर्ट में राज्य के वित्तीय लेखा, विनियोग लेखा और विभिन्न विभागों की अनुपालन लेखापरीक्षा रिपोर्ट के अलावा सार्वजनिक स्वास्थ्य ढांचे और स्वास्थ्य सेवाओं, पंचायती राज संस्थाओं, एकीकृत बाल विकास सेवाओं (आईसीडीएस), समग्र शिक्षा कार्यक्रम के क्रियान्वयन और अन्य क्षेत्रों की प्रदर्शन लेखापरीक्षा रिपोर्ट शामिल हैं।

# एनटीपीसी ने 12,000 करोड़ तक के एनसीडी जारी करने को मंजूरी दी

नयी दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की बिजली उत्पादक कंपनी एनटीपीसी के निदेशक मंडल ने गैर-परिवर्तनीय डिबेंचर (एनसीडी) जारी कर 12,000 करोड़ रुपये तक की राशि जुटाने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। नेशनल थर्मल पावर कॉरपोरेशन (एनटीपीसी) ने शुक्रवार शाम शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि उसके निदेशक मंडल ने 24 जुलाई को हुई अपनी बैठक में घरेलू बाजार में निजी नियोजन के जरिए एक या अधिक किस्तों में 12,000 करोड़ रुपये तक के गैर-परिवर्तनीय डिबेंचर जारी करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी। कंपनी ने कहा कि एनसीडी जारी करने की अवधि विशेष प्रस्ताव पारित होने की तारीख से शुरू होगी और यह एक वर्ष पूरा होने अथवा वित्त वर्ष 2027-28 की अगली वार्षिक आम बैठक (एजीएम) की तारीख, जो भी पहले हो, तक प्रभावी रहेगी। नियामकीय सूचना के मुताबिक, प्रत्येक किस्त अथवा श्रृंखला के लिए निर्गम का आकार, अवधि, सूचीबद्धता का विवरण (बीएसई औराया एनएसई), कूपन अथवा ब्याज दर, प्रतिभूति तथा अन्य शर्तें निर्गम के समय तय की जाएंगी। एनटीपीसी ने एक अन्य सूचना में कहा कि 30 जून, 2026 तक उसके समूह की स्थापित विद्युत उत्पादन क्षमता बढ़कर 90,904 मेगावाट हो गई, जो एक वर्ष पहले इसी अवधि में 82,646 मेगावाट थी।

# संस्कार भाषणों से नहीं सिखाए जाते, बड़ों के आचरण को देखकर अपनाए जाते हैं : मोहन

एजेंसी



नयी दिल्ली। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने कहा कि जब युवा असफल होते हैं, तो उन्हें आलोचना के बजाय भावनात्मक सहारे की जरूरत होती है। उन्होंने कहा कि संस्कार भाषणों से नहीं सिखाए जा सकते, बल्कि माता-पिता और बड़ों के आचरण को देखकर ही उन्हें अपनाया जाता है।

भागवत ने कहा, आजकल आईक्यू और ईक्यू की बात होती है। असल में इमोशनल कोशेंट (ईक्यू या भावनात्मक समझ) ही मायने रखता है। सिर्फ इंटेलिजेंस कोशेंट (आईक्यू या बौद्धिक क्षमता) काफी नहीं है। हमने ऐसे बहुत से होनहार लोगों को देखा है, जो जिंदगी में नाकाम हो जाते हैं, क्योंकि वे मुश्किलों या असफलताओं का सामना नहीं कर पाते। उन्होंने माता-पिता से आग्रह किया कि वे सोशल मीडिया के दुष्प्रभाव से निपटने के मामले में खुद मिसाल बनें, क्योंकि बच्चे घर पर जो देखते हैं, उसी को अपनाते हैं।

भागवत ने विश्वमांगल्य सभा की ओर से शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी में आयोजित एक कार्यक्रम में युगानुकूल मातृत्व विषय पर अपने भाषण के बाद सवाल-जवाब सत्र में कहा कि माता-पिता को शुरुआती वर्षों में बच्चों के चरित्र-निर्माण पर ध्यान देना चाहिए और जैसे-जैसे वे बड़े हों, उन्हें धीरे-धीरे ज्यादा आजादी देनी चाहिए। संघ प्रमुख ने कहा मूल्य थोपे नहीं जा सकते। ये बड़ों के आचरण को देखकर स्वाभाविक रूप से अपनाए जाते हैं।

इन्हें सिर्फ इसलिए नहीं अपनाया जाता कि कोई कहे, यह अच्छा है, इसलिए इसे करो। ये देखने और अपनाने से ही किसी के चरित्र का हिस्सा बनते हैं। बच्चों की परवरिश के पारंपरिक भारतीय तरीके का जिक्र करते हुए भागवत ने कहा, हमारे बुजुर्ग कहते थे कि पांच साल की उम्र तक बच्चों के साथ छोटे राजा-रानी जैसा बर्ताव करना चाहिएअ पांच से 16 साल की उम्र के बीच उन्हें सही ढंग से अनुशासन सिखाना चाहिएअ और 16 साल के बाद उनके साथ दोस्तों जैसा व्यवहार करना चाहिए।

### ऊंचे दाम पर नेफेड की बिकवाली से सोयाबीन तिलहन में सुधार

नयी दिल्ली। मंडियों में सोयाबीन की कम आवक के बीच महाराष्ट्र में सहकारी संस्था नेफेड द्वारा ऊंचे दाम पर प्लांट संचालकों को सोयाबीन की बिकवाली करने से देशभर की मंडियों में शनिवार को सोयाबीन तेल-तिलहन के दाम में सुधार दर्ज किया गया। बाजार सूत्रों ने कहा कि मजबूत मांग के चलते मूंगफली तेल-तिलहन की कीमतों में भी तेजी रही, जबकि गुजरात में ब्रांडेड कंपनियों की बढ़ती मांग के कारण बिनौला तेल में भी सुधार देखा गया। वहीं, ऊंचे भाव पर लिवाली प्रभावित रहने से सरसों तेल-तिलहन के दाम गिर गए। कमजोर कामकाज के बीच सोयाबीन तेल, कच्चा पामतेल (सीपीओ) एवं पामोलीन तेल के दाम स्थिर रहे। सूत्रों ने बताया कि बाजार में सोयाबीन की उपलब्धता सीमित है।

## पेज एक का शेष

### शिक्षा मंत्री

मांग को लेकर कॉजपा के नेतृत्व में जंतर-मंतर पर 20 जून को छात्रों का विरोध-प्रदर्शन शुरू हुआ था। कॉजपा एक व्यंग्यात्मक ऑनलाइन मंच है, जिसकी स्थापना आम आदमी पार्टी (आप) के पूर्व पदाधिकारी अभिजीत दीपके ने की है। धीरे-धीरे यह हाल के समय के युवाओं के नेतृत्व वाले सबसे अहम आंदोलनों में से एक बन गया। प्रधान के इस्तीफे के कुछ समय बाद सरकार और कॉजपा के बीच शनिवार को एक और बैठक हुई। यह कॉजपा और सरकार के बीच चौथी आधिकारिक बैठक थी। इस बैठक में केंद्र सरकार का प्रतिनिधित्व केंद्रीय मंत्री नड्डा और जितेंद्र सिंह ने किया जबकि कॉजपा प्रतिनिधिमंडल में संगठन के प्रवक्ता सौरव दास और आशुतोष रांका शामिल थे। नड्डा ने 20 जुलाई को अपने आवास पर दास और रांका के साथ एक के बाद एक दो बैठकें की थीं। उसी दिन हजारों प्रदर्शनकारियों ने संगठन के संसद चलो आह्वान पर संसद की ओर मार्च शुरू किया था, लेकिन पुलिस ने लाठीचार्ज और आंसू गैस का इस्तेमाल करके उन्हें पीछे धकेल दिया था। इस दौरान कई लोग घायल हुए थे।

### पेपर लीक

जी के आभारी हैं, जिन्होंने छात्रों के भविष्य को देखते हुए पिछले तीन दिनों में बड़े-बड़े निर्णय लिए हैं। ये नकल माफिया मिट्टी में मिलेंगे, कोई रोक नहीं सकता इन माफिया को मिट्टी में मिलने से। ये नकल माफिया कांग्रेस व सपा की विरासत हैं। इन्होंने ही माफिया को पाला-पोसा और संरक्षण दिया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि नीट परीक्षा समय सीमा के भीतर कराई गई, ताकि छात्रों का पूरा वर्ष खराब न हो, और निर्धारित समय सीमा में उसका परिणाम भी घोषित कर दिया गया। कुछ माफिया ने प्रश्नपत्र लीक कराया था, उनकी गिरफ्तारी हुई और नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) के तमाम अधिकारियों को बर्खास्त किया गया। कुछ लोगों की गिरफ्तारी हुई है, उनकी संपत्तियां जब्त होंगी और उन्हें सजा मिलेगी। ये छात्रों के उज्ज्वल भविष्य को ध्यान में रखकर पीएम मोदी जी द्वारा उठाए गए कड़े कदम हैं। मैं उनका हृदय से स्वागत करता हूं, अभिनंदन करता हूं और आभार व्यक्त करता हूं। सीएम ने कहा कि पीएम मोदी जी ने छात्रों व युवाओं के लिए पिछले 12 वर्षों में अनेक महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। डिजिटल इंडिया, प्रधानमंत्री स्टार्टअप योजना और प्रधानमंत्री स्टैंडअप योजना के माध्यम से भारत के नौजवानों में आशा की नई किरण जगाई। राष्ट्रीय शिक्षा नीति देकर नौजवानों को वैश्विक स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाने का अवसर दिया। आज भारत के नौजवानों को दुनिया में सम्मान मिलता है। मोदी जी ने युवाओं को एक वर्ष में 12 लाख सरकारी नौकरियां दीं और गत 12 वर्षों में करोड़ों युवाओं को रोजगार के अवसर देकर उनके जीवन को उज्ज्वल भविष्य की ओर अग्रसर किया है। आज जब युवाओं के मन में कुछ कसक थी, तब पीएम स्वयं सामने आए, युवाओं के साथ संवाद किया और संसद में सख्त कानून लाने के लिए कैबिनेट से नए अधिनियम के मसौदे को पारित कराया, यह अभिनंदनीय है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं यूपी के नौजवानों से कहना चाहता हूं कि जिसने छात्रों व युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया, उस माफिया के लिए दो ही जगह होंगी- जेल या जहन्नुम। माफिया के बाप-दादा की कमाई गई संपत्ति भी जब्त कर ली जाएगी। हमने माफियाओं पर सख्ती से लगाम कसी है। ऐसा न किया होता तो हम 9 लाख से अधिक नौजवानों को सरकारी नौकरी नहीं दे पाते। पहले राज्य में बड़ा निवेश नहीं आता था, क्योंकि हर जगह कोई न कोई गुंडा या माफिया हावी था। सपा शासन में एक ही नारा गूंजता था- ₹देख सपाई, बिटिया घबराई।₹ लेकिन अब ऐसा नहीं है। सीएम ने कहा कि सपा के एजेंडे में विकास कभी नहीं था और न है। सपा के लोग अब बेरोजगारों की तरह घूम रहे हैं, क्योंकि ठेके, पट्टे और अवैध जमीनों पर कब्जे का उनका धंधा चौपट हो चुका है। इसलिए वे हताश-निराश बैठे हुए हैं। पहले वे किसी भी खाली जमीन या प्लॉट पर कब्जा कर लेते थे।

### विकास व

जालौन दस्यु प्रभावित क्षेत्र घोषित हो गया था, उन्हें भी याद करने की जरूरत है। सीएम योगी ने कहा कि बुंदेलखंड को अभाव और सूखे के कारण पलायन के लिए मजबूर करने वाले भी वे ही लोग थे। आज वही लोग घड़ियाली आंसू बहाकर नौजवानों को गुमराह करने का काम कर रहे हैं।

उन्होंने सवाल किया कि यमुना, बेतवा और पहूज जैसी पावन नदियों की त्रिवेणी वाले क्षेत्र को आखिर क्यों पिछड़ने के लिए मजबूर होना पड़ा और हर योजना में यह क्षेत्र पीछे क्यों दिखाई देता था। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ में शनिवार को जालौन के उरई, माधौगढ़ व कालपी विधानसभा क्षेत्रों में 1275 करोड़ रुपए की 375 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। उरई के स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में सीएम ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया और विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को किट/चेक/स्वीकृति पत्र भी वितरित किए। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज जालौन और पूरा बुंदेलखंड अपनी पुरानी पहचान से बाहर निकलकर विकास के नए प्रतिमान स्थापित कर रहा है। आज बुंदेलखंड में 56 हजार एकड़ से बड़े क्षेत्रफल में भारत का सबसे बड़ा औद्योगिक क्षेत्र बीडा के रूप में विकसित किया जा रहा है। इसकी कनेक्टिविटी का आधार जालौन बन रहा है। बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे और फोरलेन कनेक्टिविटी ने जालौन की तस्वीर बदलने का काम किया है। अब यह क्षेत्र बीहड़ और दस्यु प्रभावित क्षेत्र के रूप में नहीं, बल्कि विकास और नई संभावनाओं के क्षेत्र के रूप में अपनी पहचान बना रहा है। सीएम योगी ने कहाकि जालौन के कालपी में तैयार होने वाला हस्तशिल्प कागज अब स्थानीय पहचान से निकलकर वैश्विक ब्रांड बन रहा है। कालपी के इस पारंपरिक कागज को जीआई टैग मिलने के बाद इसकी पहचान और बाजार दोनों का विस्तार हुआ है।

### पेपर लीक

और 50 लाख रुपये तक का जुर्माना हो सकता है। संगठित अपराधों के लिए विधेयक में कम से कम सात वर्ष की सजा और 10 करोड़ रुपये तक के जुर्माने का प्रस्ताव है। विधेयक के अनुसार, सभी जांच दो महीने के भीतर पूरी करनी होंगी। सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को त्वरित अदालतें स्थापित करने का निर्देश दिया जाएगा, जो मुकदमों की सुनवाई तेजी से करेंगी और आरोप पत्र दाखिल होने के तीन महीने के भीतर मुकदमे की कार्यवाही पूरी करेंगी।

### लखनऊ : पीजीआई

उपलब्धि है। छह वर्ष की बच्ची में इस प्रकार की सर्जरी करना चुनौतीपूर्ण था, क्योंकि छोटे बच्चों में विशेष योजना और तकनीकी बदलावों की आवश्यकता होती है। हमें खुशी है कि सर्जरी सफल रही और बच्ची पूरी तरह से स्वस्थ है।

### अब एच-1बी

था। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पिछले वर्ष सितंबर में एक उद्घोषणा जारी कर नए एच-।बी वीजा प्राप्त करने पर।,00,000 अमेरिकी डॉलर का शुल्क लगाने का निर्णय लिया था। एच-।बी वीजा एक गैर-आप्रवासी वीजा है, जो अमेरिकी कंपनियों को ऐसे विदेशी पेशेवरों को नियुक्त करने की अनुमति देता है, जिनके पास विशेष क्षेत्रों में सैद्धांतिक या तकनीकी विशेषज्ञता होती है। अमेरिका की प्रौद्योगिकी कंपनियां हर वर्ष भारत और चीन जैसे देशों से हजारों विशेषज्ञ कर्मचारियों की नियुक्ति के लिए इसी वीजा पर निर्भर रहती हैं। अपीलीय अदालत ने 1989 में अमेरिकी उच्चतम न्यायालय के एक फैसले का हवाला देते हुए कहा कि कार्यपालिका (सरकार) को यह स्पष्ट रूप से दिखाना होगा कि कांग्रेस ने उस पर वित्तीय बोझ चाहे उसे शुल्क कहा जाए या कर, लगाने का विवेकाधिकार स्पष्ट शब्दों में प्रदान किया है।

### यूनेस्को विश्व

एक्स पर शनिवार को पोस्ट किया, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के दूरदर्शी नेतृत्व में भारत की सदियों पुरानी सभ्यतागत विरासत को वैश्विक पहचान मिल रही है। राज्य सरकार के एक बयान के अनुसार दक्षिण कोरिया के बुसान में आयोजित यूनेस्को की विश्व धरोहर समिति के 48वें सत्र में शनिवार को यह ऐतिहासिक घोषणा की गई। इस उपलब्धि के साथ बौद्ध धर्म के सबसे पवित्र स्थलों में शामिल सारनाथ को वैश्विक विरासत के सर्वोच्च मंच पर नई पहचान मिली है। ऐसे में उत्तर प्रदेश के बौद्ध सर्किट को अंतरराष्ट्रीय पर्यटन और सांस्कृतिक विरासत के मानचित्र पर नई मजबूती मिलने की उम्मीद है। सारनाथ को तीन जुलाई 1998 को यूनेस्को की संभावित सूची में शामिल किया गया था। लगभग 28 वर्षों बाद मिली यह मान्यता उत्तर प्रदेश के लिए भी विशेष महत्व रखती है। अब तक राज्य में तीनों विश्व धरोहर स्थल- ताजमहल, आगरा किला और फतेहपुर सीकरी (आगरा क्षेत्र) थे। सारनाथ के शामिल होने से उत्तर प्रदेश की विश्व धरोहर पहचान पूर्वांचल तक विस्तृत हो गई है। यूनेस्को द्वारा मान्यता प्राप्त इस विश्व धरोहर संपत्ति में चौखंडी स्तूप और सारनाथ के पुरातात्विक अवशेष शामिल हैं। ये दोनों स्थल एक-दूसरे से लगभग 626 मीटर की दूरी पर हैं। चौखंडी स्तूप भगवान बुद्ध और उनके पांच प्रथम शिष्यों के मिलन की स्मृति का प्रतीक है, जबकि पुरातात्विक परिसर में धामेक स्तूप, धर्मराजिका स्तूप, प्राचीन विहारों के अवशेष तथा अशोक स्तंभ जैसे महत्वपूर्ण स्मारक शामिल हैं। ये सभी मिलकर सारनाथ के विश्व के प्रमुख बौद्ध आस्था और ज्ञान केंद्र के रूप में हुए विकास की ऐतिहासिक यात्रा को दर्शाते हैं।

### कारगिल युद्ध

की ओर से द्रास स्थित कारगिल युद्ध स्मारक पर शौर्य संध्या कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह मुख्य अतिथि होंगे। अधिकारियों ने बताया कि यह आयोजन कारगिल युद्ध के वीरों के अदम्य साहस और सर्वोच्च बलिदान को समर्पित होगा। समारोह में थलसेना प्रमुख जनरल धीरज सेठ, उत्तरी कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ लेफ्टिनेंट जनरल प्रतीक शर्मा तथा फायर एंड फ्यूरी कोर के जनरल ऑफिसर कमांडिंग लेफ्टिनेंट जनरल मदनराज पांडे भी शामिल होंगे।

### राष्ट्र के लिए

सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि कारगिल विजय दिवस भारतीय सैनिकों की वीरता, साहस और राष्ट्र के प्रति अटूट निष्ठा का स्मरण कराने वाला गौरवशाली अवसर है। वर्ष 1999 में भारतीय सेना ने दुर्गम पर्वतीय क्षेत्रों में कठिनतम परिस्थितियों के बावजूद असाधारण पराक्रम का परिचय देते हुए शत्रु के कब्जे से भारतीय चौकियों को मुक्त कराया और देश की अखंडता की रक्षा की। यह विजय भारतीय सैन्य शक्ति और अदम्य आत्मविश्वास का प्रतीक बन गई। उन्होंने कहा कि देश की सीमाओं पर तैनात सैनिक अपने कर्तव्य को सर्वोपरि मानते हुए हर परिस्थिति में राष्ट्र की सुरक्षा सुनिश्चित करते हैं। उनका त्याग और समर्पण ही देशवासियों को सुरक्षित एवं निश्चिंत जीवन का आधार प्रदान करता है।

### असम में

वाला यह आतंकी-अपराधी नेटवर्क कथित तौर पर देश के विभिन्न हिस्सों में भर्ती, ऑनलाइन माध्यम से कट्टरपंथी बनाने, रेकी करने, साजो-सामान मुहैया करने, जासूसी, अवैध रूप से हथियारों की खरीद, स्लीपर सेल स्थापित करने तथा आतंकी गतिविधियों को बढ़ावा देने जैसी गतिविधियों में शामिल है। पेगू ने कहा कि मामले से जुड़ी जांच और खुफिया जानकारी के अनुसार, यह नेटवर्क पाकिस्तान में मौजूद अपने आकाओं और विशेष संचार माध्यमों के जरिए पाकिस्तानी गुप्तचर एजेंसी इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस के साथ मिलकर, और उनके निर्देशों पर काम करता है।




# भारत ने जिम्बाब्वे से श्रृंखला जीती

## इशान किशन (81) और तिलक वर्मा (नाबाद 60) की आक्रामक अर्धशतकीय पारियों के बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन

एजेंसी

हरारे। इशान किशन (81) और तिलक वर्मा (नाबाद 60) की आक्रामक अर्धशतकीय पारियों के बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत भारत ने शनिवार को दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में जिम्बाब्वे को 90 रन से हराकर तीन मैचों की श्रृंखला में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली। जीत के लिए 220 रन का पीछा करने उतरी जिम्बाब्वे की टीम की शुरुआत आक्रामक रही, लेकिन नौ ओवर के भीतर पांच विकेट गंवाने के बाद उसकी हार लगभग तय हो गई। पूरी टीम 17.5 ओवर में 129 रन पर सिमट गई। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पांच विकेट पर 219 रन बनाए थे। इस जीत के साथ भारतीय टी20 कप्तान श्रेयस अय्यर ने आयरलैंड (0-2) और इंग्लैंड (0-4) में लगातार दो श्रृंखलाओं में मिली हार के बाद पहली बार बतौर कप्तान श्रृंखला जीत दर्ज की। जिम्बाब्वे की ओर से ब्रायन बेनेट ने 19 गेंदों में 32 रन बनाकर तेज शुरुआत दिलाई।

उन्होंने पदार्पण कर रहे तेज गेंदबाज यश ठाकुर पर छक्का और चौका जड़ा, लेकिन अगली ही कोशिश में विकेटकीपर किशन ने उनका कैच लपक लिया। इसके बाद भारतीय गेंदबाजों ने मेजबान बल्लेबाजों को संभलने का कोई मौका नहीं दिया। रेयन बर्ल (20) और तादिवानाशे मारूमनी (24) कुछ संघर्ष जरूर किया, लेकिन भारतीय आक्रमण के सामने कोई बड़ी साझेदारी नहीं बन सकी। अभिषेक शर्मा ने 17 रन देकर तीन विकेट लिए, जबकि पदार्पण कर रहे यश ठाकुर (30 रन पर दो विकेट) और प्रिंस यादव (10 रन पर दो विकेट) ने दो-दो विकेट झटके। तिलक और शिवम दुबे को एक-एक सफलता मिली। भारत की इस शानदार जीत के बीच प्रिंस यादव की चोट चिंता का विषय रही। मांसपेशियों में खिंचाव के कारण वह गेंदबाजी के दौरान मैदान छोड़कर बाहर चले गए, जिससे टीम के चोट प्रबंधन को लेकर सवाल खड़े हो सकते हैं। इस जीत की नींव भारत की दमदार बल्लेबाजी ने रखी। पहले बल्लेबाजी का आमंत्रण मिलने पर भारतीय टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 29 रन के स्कोर तक अपने दोनों सलामी बल्लेबाजों के विकेट गंवा दिए। प्लेयर ऑफ द मैच किशन ने इसके बाद कप्तान श्रेयस



अय्यर (25) के साथ तीसरे विकेट के लिए 66 रन और फिर तिलक के साथ चौथे विकेट के लिए 94 रन की महत्वपूर्ण साझेदारी करके टीम को संकट से उबारा। किशन ने संयम और आक्रामकता का बेहतरीन संतुलन दिखाते हुए 31 गेंदों में अर्धशतक पूरा किया और इसके बाद अगली 31 रन केवल 13 गेंदों में बनाकर रनगति को तेज कर दिया।

उनकी पारी की खासियत लेग साइड पर लगाए गए दमदार शॉट रहे। उन्होंने ऑफ स्पिनर बेनेट की गेंदों पर मिडविकेट क्षेत्र में लगातार दो चौके जड़े, जबकि तेज गेंदबाज ब्रैड इवांस के ओवर में दो चौके और एक शानदार छक्का लगाकर दबाव बनाया। तिलक ने भी दूसरे छोर से अपनी स्ट्राइक रेट को लेकर उठ रहे सवालों का करारा जवाब दिया। उन्होंने महज 23 गेंदों में अर्धशतक पूरा करते हुए आक्रामक बल्लेबाजी की। तिलक ने जिम्बाब्वे के प्रमुख तेज गेंदबाज ब्लेसिंग मुजरबानी के एक ओवर में लगातार तीन चौके लगाए। उन्होंने इवांस की गेंद पर मिडविकेट के ऊपर शानदार छक्का भी जड़ा। भारतीय बल्लेबाजों ने अंतिम पांच ओवरों में 61 रन जोड़कर टीम को 219 रन के मजबूत स्कोर तक पहुंचाया। इससे पहले भारत को शुरुआती झटके अभिषेक शर्मा (आठ) और वैभव सूर्यवंशी (20) के रूप में लगे। अभिषेक मुजरबानी की गेंद पर आसान कैच थमा बैठे।

वहीं वैभव सूर्यवंशी ने रिचर्ड नगरावा के एक ओवर में एक छक्का और तीन चौके लगाकर आक्रमक शुरुआत की लेकिन वह नौ गेंद में 20 रन बनाकर नगरावा की बाउंसर पर आउट हो गये। इन शुरुआती सफलताओं के बाद जिम्बाब्वे के गेंदबाज भारतीय बल्लेबाजों पर दबाव नहीं बना सकें और किशन तथा तिलक की शानदार बल्लेबाजी ने भारत को चुनौतीपूर्ण स्कोर तक पहुंचा दिया। इशान किशन (81) और तिलक वर्मा (नाबाद 60) की आक्रामक अर्धशतकीय पारियों की बदौलत भारत ने शनिवार को दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में जिम्बाब्वे के खिलाफ पांच विकेट पर 219 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। पहले बल्लेबाजी का आमंत्रण मिलने पर भारतीय टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 29 रन के स्कोर तक अपने दोनों सलामी बल्लेबाजों के विकेट गंवा दिए। किशन ने इसके बाद कप्तान श्रेयस अय्यर (25) के साथ तीसरे विकेट के लिए 66 रन और फिर तिलक के साथ चौथे विकेट के लिए 94 रन की महत्वपूर्ण साझेदारी कर टीम को संकट से उबारा। किशन ने संयम और आक्रामकता का बेहतरीन संतुलन दिखाते हुए 31 गेंदों में अर्धशतक पूरा किया और इसके बाद अगली 31 रन केवल 13 गेंदों में बनाकर रनगति को तेज कर दिया। उनकी पारी की खासियत लेग साइड पर लगाए गए दमदार शॉट रहे। उन्होंने ऑफ स्पिनर ब्रायन बेनेट की गेंदों पर मिडविकेट क्षेत्र में लगातार दो चौके जड़े, जबकि तेज गेंदबाज ब्रैड इवांस के ओवर में दो चौके और एक शानदार छक्का लगाकर दबाव बनाया। तिलक ने भी दूसरे छोर से अपनी स्ट्राइक रेट को लेकर उठ रहे सवालों का करारा जवाब दिया।

उन्होंने महज 23 गेंदों में अर्धशतक पूरा करते हुए आक्रामक बल्लेबाजी की। तिलक ने जिम्बाब्वे के प्रमुख तेज गेंदबाज ब्लेसिंग मुजरबानी के एक ओवर में लगातार तीन चौके लगाए। उन्होंने इवांस की गेंद पर मिडविकेट के ऊपर शानदार छक्का भी जड़ा। भारतीय बल्लेबाजों ने अंतिम पांच ओवरों में 61 रन जोड़कर टीम को 219 रन के मजबूत स्कोर तक पहुंचाया। इससे पहले भारत को शुरुआती झटके अभिषेक शर्मा (आठ) और वैभव सूर्यवंशी (20) के रूप में लगे। अभिषेक मुजरबानी की गेंद पर आसान कैच थमा बैठे। वहीं वैभव सूर्यवंशी ने रिचर्ड नगरावा के एक ओवर में एक छक्का और तीन चौके लगाकर आक्रमक शुरुआत की लेकिन वह नौ गेंद में 20 रन बनाकर नगरावा की बाउंसर पर आउट हो गये। इन शुरुआती सफलताओं के बाद जिम्बाब्वे के गेंदबाज भारतीय बल्लेबाजों पर दबाव नहीं बना सकें और किशन तथा तिलक की शानदार बल्लेबाजी ने भारत को चुनौतीपूर्ण स्कोर तक पहुंचा दिया।

## अनाहत विश्व जूनियर फाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय बनीं



ओंटारियो। अनाहत सिंह पिछले 21 वर्ष में विश्व जूनियर स्क्वाश चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी बन गई हैं। अनाहत से पहले भारतीय स्क्वाश की दिग्गज जोशना चिनप्पा ने 2005 में यह उपलब्धि हासिल की थी। दिल्ली की रहने वाली इस शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी ने शुक्रवार को सेमीफाइनल में मिस्र की तीसरी-चौथी वरीयता प्राप्त बार्ब समेह को 11-3, 8-11, 11-4, 11-6 से हराया। पिछले साल सेमीफाइनल में पहुंचने के बाद कांस्य पदक जीतने वाली और विश्व रैंकिंग में 20वें स्थान पर काबिज अनाहत भारत की पहली जूनियर विश्व स्क्वाश चैंपियन बनने से अब सिर्फ एक कदम दूर हैं। अनाहत ने कहा मैं बहुत खुश हूं। मैं कुछ महीने पहले ब्रिटिश जूनियर ओपन में बार्ब के खिलाफ खेली थी और वह बेहद करीबी मैच था, इसलिए मुझे पता था कि मुझे वास्तव में अच्छा खेलना होगा। उन्होंने कहा मैंने कल अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं किया था और मुझे पता था कि मुझे आज यह दिखाना होगा कि मैं क्या कर सकती हूं। अनाहत ने कहा मैंने चार विश्व जूनियर टूर्नामेंट में हिस्सा लिया है लेकिन क्वार्टर फाइनल और सेमीफाइनल में हार गई थी, इसलिए फाइनल में पहुंचने से मेरे माता-पिता और कोच बहुत खुश हैं, लेकिन टूर्नामेंट अभी खत्म नहीं हुआ है।

फाइनल में अनाहत का मुकाबला मिस्र की दूसरी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी रुकय्या सलेम से होगा। वहीं दूसरी ओर ओम सेमवाल, संदेश रविकुमार और रतिका सीलन शनिवार को यहां क्वार्टर फाइनल में हार के साथ पीएसए सिंगापुर चैलेंजर स्क्वाश टूर्नामेंट से बाहर हो गये।

पुरुष एकल में चौथी वरीयता प्राप्त सेमवाल आठवें वरीय जेम्स पीच से हार गए। ब्रिटिश खिलाड़ी ने 7-11, 11-6, 7-11, 11-9, 11-7 से जीत हासिल की। पुरुष एकल के एक अन्य क्वार्टर फाइनल में रविकुमार को दक्षिण कोरिया के तीसरी वरीयता प्राप्त जियोंगमिन रियू से 9-11, 11-5, 7-11, 9-11 से हार का सामना करना पड़ा। महिला एकल में तीसरी वरीयता प्राप्त रतिका छठी वरीयता प्राप्त यू जी चेन से हार गईं। मलेशियाई खिलाड़ी ने 11-7, 12-10, 9-11, 11-0 से जीत दर्ज की।

## संक्षेप

### भारतीय टेस्ट टीम का चयन अगले सप्ताह बुमराह पर नजर

बेंगलुरु। श्रीलंका के खिलाफ दो टेस्ट मैच की श्रृंखला के लिए भारतीय टीम की घोषणा अगले सप्ताह की जाएगी और चयन समिति की बैठक में तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की फिटनेस पर गहन चर्चा होने की संभावना है। भारत 15 अगस्त को गॉल में होने वाले पहले टेस्ट मैच से दौरे की शुरुआत करेगा। दूसरा टेस्ट मैच 23 अगस्त से कोलंबो में खेला जाएगा। बुमराह हाल ही में इंग्लैंड के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला के लॉर्ड्स में खेले गए तीसरे और निर्णायक मैच से बाहर रहे थे, क्योंकि उनके बाएं घुटने में चोट लग गई थी और उसमें सूजन आ गई थी। इस घटनाक्रम से जुड़े एक सूत्र ने पीटीआई को बताया, हम उनके ठीक होने की प्रक्रिया पर नजर रख रहे हैं।

### भारतीय तैराक फाइनल पहुंचने में विफल रहे

ग्लास्गो। भारतीय तैराकों का शनिवार को राष्ट्रमंडल खेलों में प्रदर्शन निराशाजनक रहा जिसमें धक्षन शशिकुमार और आर्यन नेहरा दोनों ही पुरुषों की 400 मीटर फ्रीस्टाइल स्पर्धा में फाइनल के लिए क्वालीफाई नहीं कर सके। शशिकुमार ने टोलक्रॉस स्विमिंग सेंटर में आयोजित 400 मीटर फ्रीस्टाइल की हीट में 27 तैराकों के बीच 3:58.09 मिनट का समय लेकर 15वां जबकि आर्यन नेहरा ने 4:00.26 मिनट के साथ 16वां स्थान हासिल किया। तीसरी हीट में उतरे शशिकुमार ने प्रतियोगिता के मध्य तक सातवें स्थान पर पहुंचकर उम्मीद जगाई, लेकिन अंतिम चरण में अपनी बढ़त बरकरार नहीं रख सके और फाइनल में प्रवेश से वंचित रह गए।

### एआईटीए प्रमुख ने गीता मित्तल की निष्पक्षता पर उठाये सवाल

नयी दिल्ली। भारतीय टेनिस प्रशासन के अंदर चल रही खींचतान में एक नया मोड़ आ गया है। अखिल भारतीय टेनिस संघ (एआईटीए) के अंतरिम अध्यक्ष चिंतन पारिख ने अदालत द्वारा नियुक्त प्रशासक न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) गीता मित्तल की निष्पक्षता पर सवाल उठाते हुए उन पर घोर वित्तीय गड़बड़ी और प्रक्रियात्मक पक्षपात का आरोप लगाया है, जिससे इस खेल निकाय पर दिवालिया होने का खतरा मंडरा रहा है। उनका यह बयान रविवार को होने वाली महत्वपूर्ण विशेष रूप से बुलाई गई आम बैठक (ईजीएम) से पहले आया है।

## भारत ने टाई-ब्रेकर में टोंगा को हराया सेमीफाइनल की दौड़ में बरकरार

एजेंसी

ग्लास्गो। रूपा रानी टिर्की और पिंकी सिंह की भारतीय जोड़ी ने शनिवार को राष्ट्रमंडल खेलों की लॉन बॉल्स प्रतियोगिता में अपना दबदबा बनाते हुए महिला पेयर्स के सेक्शन बी में टोंगा को टाई-ब्रेकर में 2-0 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाने की अपनी उम्मीदें जीवंत रखा। रूपा और पिंकी ने टोंगा की पेरिस बेकर और मिलिका नाथन के खिलाफ पहला सेट 5-2 से जीता। टोंगा ने पहले एंड में I-0 की बढ़त बना ली। भारत ने दूसरे एंड में रूपा (लीड) और पिंकी (स्किप) के बीच बेहतरीन तालमेल के जरिए वापसी की। इससे भारत दूसरे एंड में आगे हो गया और स्कोर 1-1 से बराबर हो गया। पहले सेट में अभी तीन एंड बाकी थे। भारत ने अपना दबदबा बनाए रखा और पहला सेट 5-2 से जीत लिया। हालांकि टोंगा ने शानदार वापसी करते हुए दूसरा सेट 6-4 से जीता और मैच को टाई-ब्रेकर तक पहुंचाया। बेकर और नाथन के बेहतरीन खेल की बदौलत उसने 6-0 की बढ़त बना ली थी। रूपा और पिंकी ने वापसी की पूरी कोशिश की लेकिन सफल नहीं हो पाईं। लेकिन टाई-ब्रेकर में भारतीय खिलाड़ियों ने चुनौती का डटकर सामना किया। रूपा ने टीम को आगे किया और पिंकी ने जीत पक्की की।

## 2036 ओलंपिक की मेजबानी के लिए तैयार है भारत




एजेंसी

लंदन। केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने लंदन के ऐतिहासिक लॉर्ड्स क्रिकेट मैदान के दौरे के दौरान वर्ष 2036 के ओलंपिक और पैरालंपिक खेलों की मेजबानी के लिए भारत की मजबूत दावेदारी को रेखांकित करते हुए कहा कि भारत दुनिया के सबसे बड़े खेल महाकुंभ की मेजबानी अहमदाबाद में कराने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। मांडविया इस सप्ताह स्कॉटलैंड के ग्लास्गो में आयोजित 2026 राष्ट्रमंडल खेलों के उद्घाटन समारोह में भाग लेने के लिए ब्रिटेन पहुंचे थे। उन्होंने शुक्रवार को लॉर्ड्स क्रिकेट मैदान का दौरा किया, जहां उन्हें प्रूडेंशियल ट्रॉफी, एशेज सहित कई ऐतिहासिक स्मृतिचिह्नों से अवगत कराया गया। इस अवसर पर मैरीलेबोन क्रिकेट क्लब (एमसीसी) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं सचिव रॉबर्ट लॉसन ने कहा कि भारत और एमसीसी के बीच संबंध क्रिकेट जगत के सबसे महत्वपूर्ण रिश्तों में से एक हैं।

उन्होंने कहा क्रिकेट भारत में करोड़ों लोगों की भावनाओं से जुड़ा हुआ है और भारतीय खिलाड़ियों तथा प्रशंसकों के मन में लॉर्ड्स के प्रति विशेष सम्मान और लगाव है। हमें मैदान के गौरवशाली इतिहास को साझा करते हुए हाल ही में भारतीय महिला क्रिकेटरों के नाम से जुड़े ऑनर्स बोर्ड सौरव गांगुली की ऐतिहासिक जर्सी और प्रूडेंशियल ट्रॉफी जैसे स्मृतिचिह्न दिखाने का अवसर मिला। लॉर्ड्स की अपनी पहली यात्रा की यादगार के रूप में लॉसन ने मांडविया को हाल ही में लॉर्ड्स में खेले गए इंग्लैंड-भारत एकदिवसीय मैच की एक मैच बॉल भेंट की। इस दौरान ब्रिटेन में भारत के उच्चायुक्त पी कुमारन भी उनके साथ मौजूद थे। लॉसन ने कहा कि एमसीसी भविष्य में भी भारतीय क्रिकेट के साथ अपने लंबे और मजबूत संबंधों को और सुदृढ़ बनाने के लिए उत्सुक है।

इससे पहले एडिनबर्ग स्थित भारतीय महावाणिज्य दूतावास ने ग्लास्गो में भारतीय समुदाय के सम्मान में एक स्वागत समारोह आयोजित किया। दूतावास के अनुसार, खेल मंत्री ने प्रवासी भारतीयों से राष्ट्रमंडल खेलों में भारतीय खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने और टीम इंडिया का समर्थन करने का आह्वान किया। गौरतलब है कि शुक्रवार को भारत ने ग्लास्गो राष्ट्रमंडल खेलों में अपना पहला पदक जीता। पैरा पावरलिफ्टर झंडू कुमार ने पुरुष हैवीवेट वर्ग के फाइनल में कांस्य पदक अपने नाम किया। ग्लास्गो राष्ट्रमंडल खेलों में भारत का 123 सदस्यीय दल हिस्सा ले रहा है। प्रतियोगिता का उद्घाटन बृहस्पतिवार को हुआ और इसका समापन दो अगस्त को होगा।

## एआईटीए व प्रशासक के बीच आम बैठक में टकराव की संभावना

नयी दिल्ली। अखिल भारतीय टेनिस संघ (एआईटीए) की रविवार को होने वाली असाधारण आम बैठक (ईजीएम) में इस खेल निकाय और अदालत द्वारा नियुक्त प्रशासक न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) गीता मित्तल के बीच टकराव होने की संभावना है, क्योंकि दोनों पक्षों में संवैधानिक संशोधनों को लेकर गहरे मतभेद हैं। पीटीआई के पास मौजूद एआईटीए कार्यकारी समिति द्वारा तैयार किए गए दस्तावेज़ से पता चलता है कि न्यायमूर्ति मित्तल के कई तकनीकी बदलाव से जुड़े सुझावों को स्वीकार कर लिया गया है, जबकि संघ के अपने मसौदे के पक्ष में शासन संबंधी कई प्रमुख प्रस्तावों को खारिज कर दिया गया है।

## विश्व कप में इतिहास रचने को तैयार है भारत

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय पुरुष हॉकी टीम के मुख्य कोच क्रेग फुल्टन विश्व कप में 51 साल से चले आ रहे पदक के सूखे को खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध हैं और उन्होंने कहा कि हरमनप्रीत सिंह की अगुवाई वाली टीम इस टूर्नामेंट में इतिहास रचने के लिए तैयार है। पेरिस ओलंपिक में भारत को लगातार दूसरा कांस्य पदक दिलाने वाले फुल्टन अच्छी तरह जानते हैं कि अगर भारत को 15 से 30 अगस्त तक नीदरलैंड और बेल्जियम में होने वाले विश्व कप में पदक का सूखा खत्म करना है तो टीम को अपने प्रदर्शन में निरंतरता बनाए रखनी होगी। आठ बार का ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता भारत विश्व कप में अभी तक केवल तीन पदक जीत पाया है। उसने अपना आखिरी पदक स्वर्ण पदक के रूप में 1975 में अजीत पाल सिंह की कप्तानी में कुआलालंपुर में जीता था। फुल्टन ने पीटीआई से कहा, भारत ने आखिरी बार 1975 में यह खिताब जीता था।

हमारे लिए अपने प्रदर्शन में निरंतरता बनाए रखना और उसे एशियाई खेलों तक बरकरार रखना महत्वपूर्ण है। एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतना भी हमारी प्राथमिकता है।




दक्षिण अफ्रीका के रहने वाले 51 वर्षीय फुल्टन ने कहा, हम बेहद खुश हैं कि हमें यह अवसर मिला है। इस तरह के टूर्नामेंट में महत्वपूर्ण मौकों पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना, सही समय पर अपने चरम पर पहुंचना और प्रत्येक विभाग में अच्छा प्रदर्शन करना अहम होता है। हमने पेरिस में यह साबित कर दिया है कि हम कुछ युवा खिलाड़ियों को शामिल करने के बावजूद अनुभवी टीम उतार सकते हैं। हमारे पास अच्छा मौका है और हम किसी भी टीम को हराने में सक्षम हैं। उन्होंने कहा, मैं भारतीय हॉकी की विरासत से अच्छी तरह से वाकिफ हूं और यह भी जानता हूं कि भारत का विश्व कप में प्रदर्शन बहुत अच्छा नहीं रहा है।

हम इसे बदलना चाहेंगे। हम भारतीय हॉकी में अपना इतिहास लिखना चाहेंगे। भारत को विश्व कप में वेल्स, इंग्लैंड और चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के साथ पूल डी में रखा गया है और फुल्टन ने कहा कि टूर्नामेंट में अच्छी शुरुआत करना महत्वपूर्ण होगा। उन्होंने कहा, हमारा ग्रुप काफी कड़ा है और हमें वेल्स के खिलाफ पहले मैच में अच्छा प्रदर्शन करना होगा। हमें लय बनाने पर ध्यान देना होगा। हमें टूर्नामेंट के आखिर तक पहुंचने की कोशिश करनी होगी जहां हमें अपने सर्वश्रेष्ठ खेल का प्रदर्शन करना होगा। भारत अभी विश्व रैंकिंग में आठवें स्थान पर काबिज है और फुल्टन ने विश्व कप और उसके तीन सप्ताह के भीतर होने वाले एशियाई खेलों को अपना लक्ष्य रखा है। भारतीय टीम के लिए एशियाई खेल काफी महत्वपूर्ण हैं क्योंकि इसमें स्वर्ण पदक जीतने से वह 2028 में होने वाले ओलंपिक खेलों के लिए क्वालीफाई कर जाएगी। फुल्टन ने कहा, हमारा लक्ष्य हर टूर्नामेंट में जीत हासिल करना है। एशिया में हमने जितने भी टूर्नामेंट खेले हमने सब जीते, यह आदर्श स्थिति है।

## जदुमणि जीत के साथ अगले दौर में

ग्लास्गो। भारत के उभरते हुए युवा मुक्केबाज जदुमणि सिंह ने पुरुष 55 किलोग्राम वर्ग में मेजबान स्कॉटलैंड के एरॉन कुलेन को एकतरफा अंदाज में हराकर प्री-क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। हर मुकाबले से पहले करीब 10 किलोग्राम वजन घटाने की मजबूरी से मुक्त होने के बाद भारतीय मुक्केबाज जदुमणि सिंह पहले से कहीं अधिक आत्मविश्वास से भरे नजर आए। घरेलू दर्शकों के जबरदस्त समर्थन के बीच खेल रहे कुलेन के खिलाफ जदुमणि तकनीकी और रणनीतिक दोनों ही स्तर पर बेहतर साबित हुए। उन्होंने सर्वसम्मत निर्णय से जीत दर्ज की और अब अगले दौर में उनका सामना पाकिस्तान के सुमामा रहमान से होगा।

## नोएडा ने जीती ओवरऑल चैंपियनशिप ट्रॉफी



खेल संवाददाता

लखनऊ। नोएडा की टीम ने ओपन उत्तर प्रदेश योगासन स्पोर्ट्स चैंपियनशिप-2026 में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए ओवरऑल चैंपियनशिप ट्रॉफी अपने नाम कर ली। ग्रो ऑर्गेनिक डेवलपमेंट फाउंडेशन के तत्वावधान में तथा यूपी नॉन ओलंपिक एसोसिएशन के सहयोग से राज एस्टेट पब्लिक स्कूल, पारा, लखनऊ में आयोजित चैंपियनशिप में नोएडा ने 249 अंक अर्जित करते हुए पहला स्थान हासिल किया। वहीं दस अंकों से पिछड़ा मेजबान लखनऊ 239 अंकों के साथ उपविजेता रहा जबकि वाराणसी की टीम 229 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रही। चैंपियनशिप के समापन व पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य इंजीनियर अवनीश सिंह ने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरित करते हुए उनका उत्साहवर्द्धन किया। समारोह में विशिष्ट अतिथि के तौर पर राज एस्टेट पब्लिक स्कूल की प्रबंध निदेशक आकांक्षा रस्तोगी उपस्थित रहीं। समापन समारोह की अध्यक्षता करते हुए आयोजन निदेशक डॉ. रूबी श्रीवास्तव ने बताया कि इस चैंपियनशिप में वाराणसी, आगरा, झांसी, जौनपुर, बलिया, नोएडा, प्रयागराज, महोबा,

लखनऊ उपविजेता, ओपन उत्तर प्रदेश योगासन स्पोर्ट्स चैंपियनशिप

कानपुर, मिजार्पुर और लखनऊ सहित प्रदेश के विभिन्न जनपदों से 275 खिलाड़ियों ने भाग लिया। तकनीकी निदेशक राखी सरकार के मार्गदर्शन में हुई चैंपियनशिप में खिलाड़ियों ने सब जूनियर, जूनियर, सीनियर, सुपर सीनियर वर्ग के साथ विशेष मॉम श्रेणी में पारंपरिक योगासन, कलात्मक योगासन, लयात्मक योगासन तथा कलात्मक समूह योग की स्पधाओं में अपनी कला व तकनीक का प्रदर्शन किया।

## चाड ले क्लॉस ने रिकॉर्ड 19वां पदक जीतकर रचा इतिहास

एजेंसी


ग्लास्गो। दक्षिण अफ्रीका के तैराक चाड ले क्लॉस पुरुषों की चार गुणा 100 मीटर फ्रीस्टाइल रिले में कांस्य पदक जीतकर राष्ट्रमंडल खेलों के इतिहास में



सबसे अधिक पदक जीतने वाले पुरुष खिलाड़ी बन गए हैं। ले क्लॉस ने राष्ट्रमंडल खेलों में 19वां पदक जीतकर ऑस्ट्रेलिया के निशानेबाज फिल एडम्स और इंग्लैंड के मिक गाल्ट को पीछे छोड़कर नया रिकॉर्ड बनाया। इस 34 वर्षीय खिलाड़ी ने शुक्रवार को यह रिकॉर्ड बनाने के बाद कहा भले ही मैंने कांस्य पदक जीता लेकिन यह मेरे लिए बहुत मायने रखता है। ले क्लॉस ने राष्ट्रमंडल खेलों में अभी तक सात स्वर्ण, चार रजत और आठ कांस्य पदक जीते हैं।

## कोटा में कटौती के बावजूद मीराबाई की अगुवाई में भारोत्तोलकों से स्वर्ण पदकों की उम्मीद

ग्लास्गो। ओलंपिक रजत पदक विजेता मीराबाई चानू आगामी राष्ट्रमंडल खेलों में भारतीय भारोत्तोलन दल की अगुआई करेंगी जहां डोपिंग मामलों से प्रभावित तैयारियों के बावजूद भारतीय टीम इस प्रतियोगिता में अपने दबदबे को कायम रखने के इरादे से उतरेगी। प्रतियोगिता से पहले भारतीय भारोत्तोलन दल को बड़ा झटका लगा जब डोपिंग उल्लंघनों के कारण खिलाड़ियों की संख्या 16 से घटाकर 11 कर दी गयी। इसमें नवीनतम मामला 96 किलोग्राम वर्ग के दिलबाग सिंह का है, जिन्हें इसी सप्ताह टीम से बाहर कर दिया गया। इससे भारतीय दल की तैयारियों पर असर पड़ा है। इन बाधाओं के बावजूद राष्ट्रमंडल खेलों की भारोत्तोलन स्पर्धा में भारत अब भी मजबूत दावेदार माना जा रहा है। इसका एक प्रमुख कारण यह भी है कि चीन और उत्तर कोरिया जैसे इस खेल में मजबूत माने जाने वाले देश इस प्रतियोगिता का हिस्सा



नहीं हैं। भारतीय भारोत्तोलकों ने 1990, 2002, 2018 और 2022 के राष्ट्रमंडल खेलों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले देश का गौरव हासिल किया था। कुल 133 पदकों (46 स्वर्ण) के साथ भारत इस स्पर्धा के इतिहास में ऑस्ट्रेलिया के बाद दूसरा सबसे सफल देश है। बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेल 2022 में भारत ने भारोत्तोलन में तीन स्वर्ण और तीन रजत सहित कुल 10 पदक जीतकर पदक तालिका में शीर्ष स्थान प्राप्त किया था।

# रोमानिया में भारत समुदाय एकजुट

## राष्ट्रपति मुर्मू ने रोमानिया के विकास में भारतीयों के योगदान को सराहा

एजेंसी

बुखारेस्ट (रोमानिया)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शनिवार को कहा कि रोमानिया में भारतीय समुदाय के लोग भारत के सच्चे प्रतिनिधि हैं, जिनकी उपलब्धियां नयी दिल्ली की प्रगति में योगदान देती हैं और दुनिया भर के देशों के साथ इसके संबंधों को मजबूत करती हैं। भारतीय समुदाय के लिए यहां आयोजित एक स्वागत समारोह को संबोधित करते हुए मुर्मू ने कहा कि भारत-रोमानिया संबंधों का सबसे मजबूत आधार दोनों देशों के लोगों के बीच का करीबी रिश्ता है। राष्ट्रपति ने कहा मुझे यह देखकर खुशी है कि रोमानिया में भारतीय समुदाय एकजुट है और भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को जीवित रखे हुए है।

उन्होंने रोमानिया की अर्थव्यवस्था में भारतीय कंपनियों और पेशेवरों के योगदान की सराहना की तथा कहा कि भारतीय आईटी इंजीनियरों, विद्वानों, शोधकर्ताओं, स्वास्थ्य सेवा पेशेवरों और छात्रों की एक नयी पीढ़ी अब रोमानिया को अपना घर बना रही है। मुर्मू ने कहा मुझे यह देखकर खुशी है कि भारतीय कंपनियां और भारतीय पेशेवर रोमानिया के विकास में अहम योगदान दे रहे हैं और साथ ही हमारे दोनों देशों के बीच सहयोग के नए अवसर भी पैदा कर रहे हैं। राष्ट्रपति मुर्मू बृहस्पतिवार को राजकीय यात्रा पर यहां पहुंचीं। तीन दशकों से भी ज़्यादा समय में किसी भारतीय राष्ट्र प्रमुख की इस



यूरोपीय देश की यह पहली यात्रा है। उन्होंने अपने संबोधन में कहा, रोमानिया की अर्थव्यवस्था और समाज में आपका योगदान, और यहां भारतीय संस्कृति तथा मूल्यों को बढ़ावा देने की आपकी कोशिश, आपको भारत का सच्चा प्रतिनिधि बनाती हैं।

देश के प्रवासी समुदाय की सराहना करते हुए मुर्मू ने कहा कि भले ही वे भारत से दूर रहते हैं, लेकिन वे अपनी मातृभूमि से गहराई से जुड़े हुए हैं। राष्ट्रपति ने कहा आपकी उपलब्धियां और भारत के प्रति आपका प्रेम हर भारतीय को गौरवान्वित करता है। यह उल्लेख करते हुए कि भारत और रोमानिया के बीच सहयोग पहले से कहीं अधिक व्यापक और गतिशील है, मुर्मू ने कहा हमारी सरकारें सतत विकास, जलवायु परिवर्तन से निपटने की कोशिशों, आतंकवाद रोधी उपायों और नियमों पर आधारित शांतिपूर्ण अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था को बढ़ावा देने जैसे बड़े वैश्विक मुद्दों पर मिलकर काम कर रही हैं। इस साल जनवरी में भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते को अंतिम रूप मिलने को ऐतिहासिक उपलब्धि बताते हुए उन्होंने कहा कि इसे जल्द लागू करने से रोमानिया सहित यूरोपीय संघ के सभी सदस्य देशों के साथ व्यापारिक संबंध काफी बढ़ेंगे।

राष्ट्रपति ने कहा कि रक्षा, नवीकरणीय ऊर्जा, डिजिटल प्रौद्योगिकी, शिक्षा, अनुसंधान और स्वास्थ्य सेवा जैसे उभरते क्षेत्रों में आर्थिक सहयोग बढ़ाने की काफी गुंजाइश है। दर्शकों में रोमानियाई फ्रेंड्स ऑफ़ इंडिया की मौजूदगी का ज़िक्र करते हुए उन्होंने कहा कि भारतीय कला और संस्कृति के प्रति उनका लगाव तथा भारत के साथ उनका आध्यात्मिक जुड़ाव एक अहम सेतु का काम करता है, जो दोनों देशों के लोगों को एक-दूसरे के करीब लाता है। राष्ट्रपति ने कहा कि रोमानिया ने दुनिया को कई बेहतरीन कलाकार, संगीतकार, लेखक और दार्शनिक दिए हैं। मुर्मू ने कहा भारत ने हमेशा विविधता, बातचीत और ज्ञान की खोज को महत्व दिया है। यह देखकर खुशी होती है कि रोमानिया में योग, आयुर्वेद, भारतीय नृत्य, संगीत, सिनेमा और खान-पान लोकप्रिय हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज भारत नए आत्मविश्वास और पक्के संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है।

# जम्मू कश्मीर : दोनों मार्गों से अमरनाथ यात्रा फिर से शुरू

जम्मू/श्रीनगर। वार्षिक अमरनाथ यात्रा खराब मौसम के कारण छह दिन तक स्थगित रहने के बाद शनिवार को पहलगाम और बालटाल, दोनों मार्गों से फिर शुरू हो गई तथा 6,000 से अधिक तीर्थयात्री जम्मू से कश्मीर के लिए रवाना हुए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अनंतनाग जिले के 48 किलोमीटर लंबे पहलगाम मार्ग और गांदरबल जिले के 14 किलोमीटर लंबे बालटाल मार्ग पर लगातार बारिश तथा खराब मौसम के कारण यात्रा 19 जुलाई को एहतियातन स्थगित कर दी गई थी। ये दोनों मार्ग 3,880 मीटर की ऊंचाई पर स्थित गुफा मंदिर तक जाते हैं। अधिकारियों ने बताया कि मौसम में सुधार और जम्मू श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग फिर से खुलने के बाद यात्रा बहाल की गई।



उधमपुर-रामबन मार्ग पर कई स्थानों पर भूस्खलन और पहाड़ों से पत्थर गिरने के कारण राजमार्ग तीन दिन तक बंद रहा था। शनिवार सुबह हल्की बारिश के बीच सैकड़ों तीर्थयात्री बालटाल और पहलगाम आधार शिविरों से गुफा मंदिर के लिए रवाना हुए। जम्मू से 1,470 महिलाओं, 25 बच्चों और 54 साधुओं समेत कुल 6,269 तीर्थयात्रियों का 18वां जत्था कड़ी सुरक्षा के बीच 223 वाहनों के काफिले में शनिवार तड़के दो बजकर 40 मिनट पर भगवती नगर आधार शिविर से बालटाल आधार शिविर के लिए रवाना हुआ। अधिकारियों ने बताया कि जम्मू से पहलगाम मार्ग के लिए कोई काफिला रवाना नहीं किया गया। कश्मीर के अधिकतर हिस्सों में पिछले कुछ दिनों में भारी बारिश हुई, जिससे पहाड़ी क्षेत्रों में भूस्खलन हुआ तथा नदियों और नालों का जलस्तर बढ़ गया। इसके बाद, अधिकारियों ने सुरक्षा के मद्देनजर यात्रा स्थगित कर दी थी। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने घाटी में यात्रा औपचारिक रूप से शुरू होने से एक दिन पहले दो जुलाई को भगवती नगर आधार शिविर से तीर्थयात्रियों के पहले जत्थे को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था। यात्रा का समापन रक्षाबंधन के दिन 28 अगस्त को होगा। अब तक करीब चार लाख तीर्थयात्री गुफा मंदिर में दर्शन कर चुके हैं, जबकि लगभग 1.20 लाख तीर्थयात्रियों ने जम्मू के भगवती नगर आधार शिविर से अपनी यात्रा शुरू की है।

## संक्षेप

### नासिक में 50 मिनट में चार भूकंप के झटके

नासिक। महाराष्ट्र के नासिक जिले में शनिवार को 50 मिनट के अंतराल में चार बार भूकंप आया जिसकी अधिकतम तीव्रता 3.6 दर्ज की गई। अधिकारियों ने बताया कि इसमें किसी प्रकार के जान-माल के नुकसान की सूचना नहीं है। उन्होंने बताया कि भूकंप के झटके सुरगाणा तालुका के बोरगांव क्षेत्र में महसूस किए गए जहां पिछले कुछ दिनों से मूसलाधार बारिश हो रही है। यहां बीते 24 घंटे में 164.5 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई। अधिकारियों ने बताया कि सुबह नौ बजकर 55 मिनट से 50 मिनट के भीतर चार बार भूकंप आया, जिसकी अधिकतम तीव्रता 3.6 दर्ज की गई। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि तहसीलदार को मौके का निरीक्षण कर विस्तृत रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए गए हैं। इस बीच, जिले में बारिश की तीव्रता में कमी आई है। अधिकारियों के अनुसार, गंगापुर बांध से गोदावरी नदी में छोड़े जा रहे पानी के प्रवाह में कमी की गई है, हालांकि पानी छोड़ा जाना अब भी जारी है। दूसरी ओर, जलग्रहण क्षेत्र में लगातार हो रही वर्षा के कारण गौतमी-गोदावरी बांध से छोड़े जाने वाले पानी की मात्रा बढ़ा दी गई है।

# छात्रों की हुई जीत, अब सरकार को हटाने का वक्त : राहुल गांधी



एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने शनिवार को शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे को छात्रों की जीत करार देते हुए कहा कि अब इस सरकार को हटाने का वक्त आ गया है। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को देश के सभी छात्रों से माफी मांगनी चाहिए और छात्रों के खिलाफ कथित बर्बरता के लिए जिम्मेदार लोगों पर कड़ी कार्वाई होनी चाहिए।

प्रधान के इस्तीफे के बाद संवाददाताओं से बातचीत में गांधी ने कहा कि कांग्रेस ने छात्रों के विरोध प्रदर्शन को पूरे समर्थन के साथ आगे बढ़ाया और पार्टी भारत के छात्रों की रक्षा तथा देश के भविष्य को सुरक्षित रखने के लिए उनके साथ खड़ी है। उन्होंने कहा ये हमारे छात्रों की जीत है, जो हिंदुस्तान के भविष्य हैं। गांधी ने आरोप लगाया कि देश की शिक्षा व्यवस्था, जिसकी कभी दुनिया भर में प्रशंसा होती थी, पिछले कुछ वर्षों में कब्जे में ले ली गई है और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) ने दीमक बनकर इसे खोखला कर दिया है। उन्होंने कहा कि धर्मेंद्र प्रधान भ्रष्टाचार, अयोग्ज़ता और शिक्षा व्यवस्था की तबाही के प्रतीक बन गए थे और उनका हटना अच्छा है। कांग्रेस नेता ने यह भी कहा कि शिक्षा व्यवस्था में सुधार के लिए सरकार को अब कड़े कदम उठाने होंगे।

उन्होंने कहा कि छात्रों की दो मांगों को नहीं भुलाया जाना चाहिए और वो मांगें छात्रों के साथ बर्बरता करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्वाई और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा देश के सभी छात्रों से माफी मांगने की हैं। गांधी ने कहा, मेरी तरफ से छात्रों को जो भी समर्थन चाहिए, उसके लिए मैं तैयार हूं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का विचार छात्रों के विरोध प्रदर्शन का पूरे दिल से समर्थन करना था और पार्टी ने ऐसा किया है। गांधी का कहना था, हम भारत के छात्रों की रक्षा करने और भारत के भविष्य को सुरक्षित रखने के लिए यहां हैं। उन्होंने कहा, यह अतीत यानी नरेन्द्र मोदी और आरएसएस तथा भारत के भविष्य के बीच की लड़ाई है। हमें पूरा विश्वास है कि भारत का भविष्य अतीत को हरा देगा।

# दक्षिणी चीन के करीब पहुंचा तूफान 'नोल'

एजेंसी

हांगकांग। तूफान नोल के कारण हांगकांग समेत दक्षिणी चीन में सप्ताहांत में तेज हवाएं चलने और भारी बारिश होने की संभावना है जिसके मद्देनजर क्षेत्र में हाई अलर्ट घोषित किया गया है। हांगकांग की वेधशाला ने बताया कि नोल के केंद्र के पास हवाओं की अधिकतम गति 130 किलोमीटर प्रति घंटा (81 मील प्रति घंटा) है। तूफान शनिवार को दक्षिण चीन सागर के उत्तर-पूर्वी हिस्से से लगातार आगे बढ़ते हुए पूर्वी ग्वांगदोंग के तट के करीब पहुंच रहा है। वेधशाला ने अनुमान जताया कि नोल रविवार सुबह दक्षिणी चीन के हुइझोउ और शानवेई शहरों के आसपास तट से टकरा सकता है। इसके कारण क्षेत्र के कुछ हिस्सों में तेज हवाओं के साथ भारी बारिश हो सकती है और गरज के साथ बौछारें पड़ सकती हैं। चीन के राष्ट्रीय मौसम विज्ञान केंद्र ने अनुमान जताया है कि दक्षिण-पूर्वी ग्वांगदोंग और फुजियान के दक्षिणी तट के कुछ हिस्सों में शनिवार और रविवार को भारी बारिश हो सकती है।

# मध्यप्रदेश में कार बांध में गिरी, पांच की मौत

राजगढ़ (मप्र)। मध्यप्रदेश के राजगढ़ जिले में एक तेज रफ्तार कार के बांध में गिरने से पांच लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी।

पुलिस ने शनिवार को बताया कि यह हादसा राजगढ़ जिला मुख्यालय से करीब 30 किलोमीटर दूर खुजनेर थानाक्षेत्र में भीलखेड़ी मोड़ के पास हुआ। थाना प्रभारी रवि ठाकुर ने बताया कि कार पचोर से खुजनेर की ओर जा रही थी।

उन्होंने बताया कि जिन लोगों की जान गयी है, वे पड़ोसी शाजापुर जिले के अरन्या गांव के रहने वाले थे।


वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर (उ.प्र.)

Email:connectpuregistrar@gmail.com

Fax. (05452) 252344,252244
Web: www.vbspu.ac.in



श्रीमती आनन्दीबेन पटेल
राज्यपाल
उ.प्र.

30वां दीक्षान्त समारोह
27 जुलई, 2026



प्रो. वन्दना सिंह
कुलपति
पूर्वांचल विश्वविद्यालय
जौनपुर, उ.प्र.

वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय का 30वां दीक्षान्त समारोह

दिनांक 27 जुलाई, 2026 को विश्वविद्यालय के महंत अवेद्यनाथ संगोष्ठी भवन में पूर्वाह्न 10.00 बजे से आयोजित होना सुनिश्चित हुआ है। श्रीमती आनंदीबेन पटेल, माननीय कुलाधिपति एवं श्री राज्यपाल उत्तर प्रदेश समारोह की अध्यक्षता करेंगी। मुख्य अतिथि मेजर जनरल गौरव गौतम (विशिष्ट सेवा मेडल), ए.डी.जी., एन.सी.सी. (उत्तर प्रदेश), अति विशिष्ट अतिथि श्री योगेन्द्र उपाध्याय, माननीय मंत्री, उच्च शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार एवं विशिष्ट अतिथि श्रीमती रजनी तिवारी, माननीय राज्य मंत्री, उच्च शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार होंगे।

विश्वविद्यालय के समस्त सम्मानित आचार्य, उपाचार्य प्राध्यापक, परिषदों के सम्मानित सदस्य, पदाधिकारियों एवं सम्बन्धित जन दिनांक 27 जुलाई 2026 को पूर्वाह्न 10.00 बजे विश्वविद्यालय के 30वें दीक्षान्त समारोह के अवसर पर सादर आमंत्रित हैं। निमंत्रण पत्र अलग से प्रेषित किये गये हैं। पीएच.डी. उपाधिधारकों तथा सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले गोल्ड मेडल प्राप्तकर्ता छात्र/छात्राओं को पत्र के माध्यम से सूचित किया जा रहा है। सर्वसम्बन्धित को निमंत्रण पत्र/ सूचना पत्र साथ में लाना अनिवार्य है।

कुलसचिव

पत्रांक 12415/सामा.प्रशा./2026
दिनांक : 24 जुलाई, 2026







Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी** (पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com